Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

## जून 2024

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# प्रश्न और उत्तर

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: शहरी ऊष्मा द्वीप (Urban Heat islands- UHI) तब बनते हैं जब सड़कों, इमारतों और अन्य संरचनाओं के लिये वनस्पति को एस्फाल्ट (डामर) तथा कंक्रीट से बदल दिया जाता है।**

**कथन-II: एस्फाल्ट (डामर) और कंक्रीट सतहें सूर्य के ताप को अवशोषित करती हैं, जिससे सतह का तापमान एवं समग्र परिवेश का तापमान बढ़ जाता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**शहरी ऊष्मा द्वीप (Urban Heat islands- UHI):**

- **शहरी ऊष्मा द्वीप (UHI)** एक **महानगरीय** क्षेत्र है जो अपने **आस-पास** के क्षेत्र की तुलना में काफी **उष्ण** है।
- शहरी ऊष्मा द्वीप (UHI) तब बनते हैं जब बढ़ती आबादी को समायोजित करने के लिये सड़कों, इमारतों और अन्य संरचनाओं के लिये **वनस्पति** को **एस्फाल्ट** (डामर) तथा **कंक्रीट** से बदल दिया जाता है। **अतः कथन I सही है।**
- ये सतहें **सूर्य के ताप** को **परावर्तित** करने के **बजाय अवशोषित** करती हैं, जिससे सतह का **तापमान** और समग्र परिवेश का **तापमान बढ़** जाता है। **अतः कथन II सही है।**
- **ऊँची इमारतें** और **संकरी गलियाँ** उनके बीच **ट्रैप्ड एयर** को गर्म कर सकती हैं तथा वायु प्रवाह को कम कर सकती हैं।

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है।**

**2. 'अग्निबाण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस द्वारा प्रक्षेपित किया गया दुनिया का पहला सिंगल 3D प्रिंटेड इंजन वाला रॉकेट है।
2. इसे अग्निकुल द्वारा स्थापित भारत के पहले निजी लॉन्च पैड 'धनुष' से लॉन्च किया गया था।
3. अग्निबाण भारत का पहला अर्द्ध-क्रायोजेनिक इंजन संचालित रॉकेट है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अग्निबाण:**

- **IIT मद्रास** द्वारा संचालित स्टार्ट-अप **अग्निकुल कॉसमॉस** ने सिंगल पीस **3D प्रिंटेड इंजन** वाला दुनिया का पहला रॉकेट लॉन्च किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अग्निबाण** को अग्निकुल द्वारा स्थापित भारत के पहले **निजी लॉन्च पैड 'धनुष'** से लॉन्च किये जाने का गौरव भी प्राप्त है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **अग्निबाण** भारत का पहला **अर्द्ध-क्रायोजेनिक इंजन** संचालित रॉकेट है।**अतः कथन 3 सही है।**
- अग्निबाण को **छोटे उपग्रहों** के लिये डिज़ाइन किया गया है और यह **300 किलोग्राम** तक के पेलोड को **700 किलोमीटर दूर पृथ्वी की निचली कक्षा** में प्रक्षेपित कर सकता है।

**3. राष्ट्रीय आय मापने की मूल्य-संवर्द्धित विधि किस पर केंद्रित है?**

A. वस्तुओं और सेवाओं की कुल खपत।
B. उत्पादन के प्रत्येक चरण में कच्चे माल का अतिरिक्त मूल्य।
C. व्यक्तियों द्वारा अर्जित आय का योग।
D. वस्तुओं और सेवाओं पर कुल व्यय।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मूल्य संवर्द्धित विधि:**

- **मूल्य-संवर्द्धित विधि** से तात्पर्य **उत्पादन के प्रत्येक चरण** में किसी संगठन द्वारा **कच्चे माल** को दिया जाने वाला **अतिरिक्त मूल्य** है।

नोट :

- इसकी गणना **उत्पादन के मूल्य** और **मध्यवर्ती वस्तुओं** के मूल्य के बीच के **अंतर** के रूप में की जाती है।
- मूल्य-संवर्द्धित विधि राष्ट्रीय आय की गणना के लिये **व्यापक** रूप से प्रयुक्त विधि है, क्योंकि यह **दोहरी गणना से बचाती** है, जो राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाते समय एक गंभीर त्रुटि है।

**अतः विकल्प B सही है।**

**4. वृद्धिशील पूंजी उत्पादन अनुपात (ICOR) निम्नलिखित में से क्या दर्शाता है?**

A. पूंजी उपयोग में उच्च दक्षता

B. पूंजी निवेश की कम आवश्यकता

C. समग्र उत्पादन में वृद्धि

D. पूंजी उपयोग में कम दक्षता

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**वृद्धिशील पूंजी उत्पादन अनुपात (ICOR):**

- **वृद्धिशील पूंजी उत्पादन अनुपात (ICOR) अर्थव्यवस्था में किये गए निवेश** के स्तर और परिणामस्वरूप **सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि** के बीच संबंध को स्पष्ट करता है।
- **ICOR एक मीट्रिक** है जो किसी देश या अन्य इकाई द्वारा **उत्पादन की अगली इकाई उत्पन्न** करने के लिये आवश्यक निवेश पूंजी की सीमांत राशि का आकलन करता है।
- कम **ICOR को प्राथमिकता** दी जाती है क्योंकि यह दर्शाता है कि **देश का उत्पादन अधिक कुशल** है।
- उच्च **ICOR मूल्य को प्राथमिकता** नहीं दी जाती, क्योंकि **यह पूंजी उपयोग में कम दक्षता** को दर्शाता है।

**अतः विकल्प D सही है।**

**5. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) से तात्पर्य भारत के बाहर किसी निवासी द्वारा इक्विटी उपकरणों के माध्यम से निम्नलिखित में किये गए निवेश से है:**

1. एक गैर-सूचीबद्ध भारतीय कंपनी
2. किसी सूचीबद्ध भारतीय कंपनी में निर्गम के बाद चुकता इक्विटी पूंजी का 10% या उससे अधिक।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI):**

- **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)** से तात्पर्य भारत के बाहर के निवासी द्वारा किसी गैर-सूचीबद्ध भारतीय कंपनी में इक्विटी उपकरणों के माध्यम से निवेश या किसी **सूचीबद्ध भारतीय कंपनी में निर्गम** के बाद चुकता इक्विटी पूंजी का 10% या उससे अधिक निवेश से है। **अतः कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।**
- '**प्रत्यक्ष विदेशी निवेश**' और '**विदेशी पोर्टफोलियो निवेश**' के बीच का अंतर विदेशी निवेशक द्वारा धारित प्रतिशत हिस्सेदारी है।
- **विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) में** किसी अन्य देश में स्थित **संस्थाओं की वित्तीय परिसंपत्तियों**, जैसे- स्टॉक और बॉण्ड में निवेश करना शामिल है।

**6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कर लोच से तात्पर्य सकल घरेलू उत्पाद में परिवर्तन के प्रति कर राजस्व वृद्धि की प्रतिक्रियाशीलता से है।
2. कर उछाल से तात्पर्य कर दर में परिवर्तन के जवाब में कर राजस्व में परिवर्तन से है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**कर उछाल और कर लोच (Tax buoyancy and Tax Elasticity):**

- **कर लोच** से तात्पर्य **कर की दर में परिवर्तन** के जवाब में **कर राजस्व** में होने वाले परिवर्तनों से है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **कर लोच** वह डिग्री (Degree) है जो कर की दर में वृद्धि कर आधार में परिवर्तन का कारण बनती है।
- **कर उछाल** सरकार के **कर राजस्व वृद्धि** में परिवर्तन और **सकल घरेलू उत्पाद में परिवर्तन** के बीच **संबंध** को स्पष्ट करता है। यह सकल घरेलू उत्पाद में परिवर्तन के लिये कर राजस्व वृद्धि की **प्रतिक्रियाशीलता** को संदर्भित करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

7. "खरवा, सारंग और मालम" शब्द समाचारों में किस संदर्भ में देखा जाता है?

A. सैन्य तकनीक

B. समुद्री व्यापार

C. पुरातात्त्विक स्थल

D. क्षुद्रग्रह

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**समुद्री व्यापार:**

- **खरवा, सारंग** और **मालम** वे युवा पुरुष थे जो भारत के **पश्चिमी तट, मध्य पूर्व** तथा **पूर्वी अफ्रीका** के बीच के **त्रिभुज** में **वाणिज्य** एवं व्यापार का संचालन करते थे।
- गुजरात के वेरावल में कई **नौकाओं,** जिन्हें **'धाऊ'** कहा जाता था, का अंत हो गया।
- गुजरात के **वेरावल** और **अलंग** में जहाज़ों का **निर्माण** हाथ से किया जाता है तथा उनका अपशिष्ट के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है।

**अतः विकल्प B सही है।**

8. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) का केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) के साथ विलय कर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) का गठन किया गया।
2. NSO श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन एक कार्यालय है।
3. NSO औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) संकलित करता है और जारी करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (National Statistical Office- NSO):**

- वर्ष 2019 में **राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO)** का **केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO)** के साथ विलय कर **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO)** बनाया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- **NSO सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय** के अधीन एक कार्यालय है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- NSO **औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (Index of Industrial Production- IIP)** संकलित और जारी करता है तथा **उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण (Annual Survey of Industries- ASI)** आयोजित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

9. राज्य के गठन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 3 नए राज्य के गठन से संबंधित है।
2. भारत में किसी नए राज्य के निर्माण के लिये विधेयक संसद में केवल साधारण बहुमत से ही पारित किया जा सकता है।
3. किसी नए राज्य के गठन के लिये विधेयक संसद में प्रस्तुत करने से पहले राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति आवश्यक होती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राज्य का गठन:**

- भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 3** किसी राज्य के क्षेत्र को पृथक करके या **दो या दो से अधिक राज्यों के भागों** को मिलाकर एक **नए राज्य के गठन** से संबंधित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में एक नया राज्य बनाने के उद्देश्य से एक विधेयक संसद में केवल **साधारण बहुमत** से **पारित** किया जा सकता है। यदि **संबंधित राज्य विधानमंडल प्रस्ताव का विरोध** करता है या समय-सीमा के भीतर **जवाब नहीं देता** है, तो भी संसद आगे बढ़ सकती है और विधेयक पेश कर सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- किसी **नए राज्य के गठन** के लिये संसद में विधेयक पेश करने से पहले **राष्ट्रपति** की **पूर्व अनुमति** आवश्यक है। **अतः कथन 3 सही है।**

**अतः विकल्प D सही है।**

नोट :

**10. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के घरेलू क्षेत्र में शामिल हैं?**

1. किसी देश के हवाई क्षेत्र और प्रादेशिक जल सहित भौगोलिक सीमाओं के अंतर्गत स्थित क्षेत्र।
2. विश्व के विभिन्न भागों में भारत के निवासियों द्वारा संचालित जहाज़ और विमान।
3. किसी निवासी देश से तेल और प्राकृतिक गैस तथा विदेशी जलक्षेत्र में परिचालन करने वाले अस्थिर प्लेटफार्म (Floating Platforms)।
4. विदेश में स्थित किसी देश के दूतावास, वाणिज्य दूतावास और सैन्य प्रतिष्ठान जैसे राजनयिक मिशन।

**नीचे दिये गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 4
B. केवल 2, 3 और 4
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत के घरेलू क्षेत्र:**

- अर्थशास्त्र में **घरेलू क्षेत्र** से तात्पर्य उस **आर्थिक क्षेत्र** से है जिसमें सरकार द्वारा प्रशासित क्षेत्र शामिल होता है जिसके अंतर्गत **व्यक्ति, माल और पूंजी स्वतंत्र रूप से परिचालित** होते हैं।
- किसी राष्ट्र के घरेलू क्षेत्र में निम्नलिखित शामिल हैं:
  - किसी देश के **हवाई क्षेत्र** और प्रादेशिक जल सहित **भौगोलिक सीमाओं** के भीतर स्थित **क्षेत्र**।
  - **जहाज़ जिनमें मछली पकड़ने वाली नौकाएँ और विमान भी शामिल हैं** जो दुनिया के विभिन्न भागों में **भारत के निवासियों** द्वारा संचालित किये जाते हैं।
  - किसी निवासी देश से **तेल और प्राकृतिक गैस** तथा विदेशी जलक्षेत्र में परिचालन करने वाले **अस्थिर प्लेटफार्म** (Floating Platforms)।
  - **विदेश में स्थित** किसी **देश के दूतावास**, वाणिज्य दूतावास और सैन्य प्रतिष्ठान जैसे राजनयिक **मिशन**।

**अतः विकल्प D सही है।**

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. महात्मा गांधी का दक्षिण अफ्रीका आगमन
2. नेटल इंडियन कॉन्ग्रेस का गठन
3. एंग्लो-बोअर युद्ध (Anglo-Boer War)

**उपरोक्त घटनाओं का सही कालानुक्रमिक क्रम क्या है?**

A. 1 – 2– 3
B. 2 – 1 – 3
C. 3 – 2 – 1
D. 3 – 1 – 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**महात्मा गांधी:**

- **महात्मा गांधी दादा अब्दुल्ला झावेरी** के एक कानूनी मामले में भाग लेने के लिये 24 मई, **1893** को **दक्षिण अफ्रीका** पहुँचे।
- उन्होंने **डरबन (Durban)** में भारतीयों को संगठित किया और **वर्ष 1894** में भारतीयों के **मताधिकार** के प्रश्न पर विचार करने के लिये **नेटल इंडियन कॉन्ग्रेस** का गठन किया।
- महात्मा गांधी ने **वर्ष 1899-1902** के **एंग्लो-बोअर युद्ध (Anglo-Boer War)** में **अंग्रेज़ों** के समर्थन में लगभग 1100 स्वयंसेवकों के लिये **एंबुलेंस कोर (Ambulance Corps)** की स्थापना की थी।

**अतः विकल्प A सही है।**

**12. निम्नलिखित में से कौन-से संरक्षित क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश में स्थित हैं?**

1. कामलांग टाइगर रिज़र्व
2. मौलिंग नेशनल पार्क
3. पक्के (पखुई) टाइगर रिज़र्व
4. नतांगकी नेशनल पार्क

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अरुणाचल प्रदेश:**

- **कमलांग टाइगर रिज़र्व अरुणाचल प्रदेश** के **लोहित ज़िले** में स्थित है। इस पार्क का नाम **कमलांग नदी** के नाम पर रखा गया है जो इसके बीच से प्रवाहित होती है।
- **मौलिंग नेशनल पार्क अरुणाचल प्रदेश** में स्थित है। यह मुख्य रूप से **ऊपरी सियांग ज़िले** और **पश्चिमी सियांग** एवं **पूर्वी सियांग ज़िले** के कुछ हिस्सों में फैला हुआ है।

नोट :

- **पक्के (पखुई) टाइगर रिज़र्व** अरुणाचल प्रदेश के **पूर्वी कामेंग ज़िले** में स्थित है। **यह पश्चिम** और **उत्तर में कामेंग नदी** तथा **पूर्व** में **पक्के नदी** से घिरा है।
- नतांगकी **नेशनल पार्क (इंटाकी) नगालैंड के पेरेन ज़िले** में स्थित है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**13. विवेकानंद रॉक मेमोरियल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कन्याकुमारी के वावथुराई समुद्र तट पर स्थित एक छोटा चट्टानी टापू है।
2. भारत में वर्षों तक भ्रमण करने के बाद, स्वामी विवेकानंद ने अंतत: कन्याकुमारी में अपना दर्शन तैयार किया।
3. इसका औपचारिक उद्घाटन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने किया था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विवेकानंद रॉक मेमोरियल:**

- **विवेकानंद रॉक मेमोरियल** कन्याकुमारी के **वावथुराई** समुद्र तट पर स्थित एक छोटा **चट्टानी टापू है,** जो भारत की भूमि का दक्षिणी छोर है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वर्ष 1892** में स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी के तट से एक चट्टानी टापू पर ध्यान लगाने के लिये पहुँचे। उन्होंने वहाँ तीन दिन और तीन रात **ध्यान** लगाया तथा **ज्ञान प्राप्त** किया।
- संपूर्ण भारत में **चार साल तक भ्रमण करने** के बाद, स्वामी विवेकानंद ने अंतत: **कन्याकुमारी** में अपना **दर्शन तैयार** किया। **अत:कथन 2 सही है।**
- चट्टान पर बने स्मारक का औपचारिक **उद्घाटन** वर्ष 1970 में **राष्ट्रपति वी. वी. गिरि** ने किया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**अत: विकल्प A सही है।**

**14. स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण कार्यक्रम (CETP) निम्नलिखित में से किसकी पहल है?**

A. अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी (IRENA)
B. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)
C. यूरोपीय संघ (EU)
D. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA)

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण कार्यक्रम (Clean Energy Transitions Programme- CETP):**

- **स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण कार्यक्रम (CTEP) वैश्विक शुद्ध शून्य ऊर्जा प्रणाली** की दिशा में प्रगति में तेज़ी लाने के लिये **अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA)** की प्रमुख पहल है।
- इसे **वर्ष 2017** में IEA मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में **लॉन्च** किया गया था।
- इसके **लक्ष्य** वर्ष 2015 **पेरिस समझौते** और संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित **सतत् विकास लक्ष्यों** के अनुरूप हैं।

**अत: विकल्प D सही है।**

**15. अर्थशास्त्र के संदर्भ में आधार वर्ष क्या है?**

A. सबसे कम मुद्रास्फीति दर वाला वर्ष
B. आर्थिक सूचकांकों में तुलना के लिये उपयोग किया जाने वाला बेंचमार्क वर्ष
C. सबसे अधिक GDP विकास दर वाला वर्ष
D. वह वर्ष जिसमें CPI और WPI समान है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आधार वर्ष:**

- **आधार वर्ष** एक संदर्भ अवधि है जिसका उपयोग **समय के साथ आर्थिक और सांख्यिकीय आँकड़ों** में परिवर्तन को मापने के लिये किया जाता है।
- इसे आमतौर पर **आर्थिक सूचकांकों में तुलना के लिये बेंचमार्क वर्ष के रूप** में चुना जाता है।
- **आधार वर्ष के बिना,** यह निर्धारित करना कठिन होगा कि **आर्थिक संकेतकों में परिवर्तन अर्थव्यवस्था में वास्तविक परिवर्तनों के कारण थे या केवल मापन विधियों या डेटा संग्रहण तकनीकों** में परिवर्तन का परिणाम थे।

**अत: विकल्प B सही है।**

**16. निरस्त्रीकरण सम्मेलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र से स्वतंत्र है।
2. इसके सचिव की नियुक्ति संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**निरस्त्रीकरण सम्मेलन (CD):**

- **निरस्त्रीकरण सम्मेलन (CD) का गठन वर्ष 1979 में** संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के निरस्त्रीकरण के लिये समर्पित **प्रथम विशेष सत्र (1978) के बाद अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के एकल बहुपक्षीय निरस्त्रीकरण वार्ता** मंच के रूप में किया गया था।
- CD औपचारिक रूप से **संयुक्त राष्ट्र से स्वतंत्र** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यद्यपि यह औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र का संगठन नहीं है, फिर भी यह विभिन्न तरीकों से **उससे जुड़ा** हुआ है।
- जबकि CD संयुक्त राष्ट्र से स्वतंत्र है, इसके **सचिव की नियुक्ति संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा** की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**17. निम्नलिखित में से कौन-से संरक्षित क्षेत्र सिक्किम में स्थित हैं?**

1. बार्सी रोडोडेंड्रोन अभयारण्य
2. पंगोलखा वन्यजीव अभयारण्य
3. मेनम वन्यजीव अभयारण्य
4. नोंगखिल्लेम वन्यजीव अभयारण्य

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 3 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सिक्किम:**

- **बार्सी रोडोडेंड्रोन अभयारण्य पश्चिमी सिक्किम** ज़िले में स्थित है। यह **सिंगालीला पर्वतमाला** में विस्तृत है, जो **नेपाल** के साथ प्राकृतिक अंतर्राष्ट्रीय **सीमा** बनाती है।
- **पंगोलखा वन्यजीव अभयारण्य पूर्वी सिक्किम** ज़िले में स्थित है। यह तिब्बत की **चुंबी घाटी** से सटा हुआ है।
- **मेनम वन्यजीव अभयारण्य** सिक्किम के **दक्षिण ज़िले** में स्थित है।
- **नोंगखिल्लेम वन्यजीव अभयारण्य मेघालय** के री-भोई (Ri-Bhoi) ज़िले में एक संरक्षित क्षेत्र है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**18. संपत्ति के अधिकार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संपत्ति के अधिकार को प्रारंभ में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 और अनुच्छेद 31 के तहत मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई थी।
2. 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 ने संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकार के बजाय संवैधानिक अधिकार बना दिया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संपत्ति का अधिकार:**

- **संपत्ति के अधिकार** को **शुरू** में भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 19(1)(f)** और **अनुच्छेद 31** के तहत एक **मौलिक अधिकार** के रूप में मान्यता दी गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- **44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978** ने **संपत्ति के अधिकार** को संविधान के **अनुच्छेद 300A** के तहत मौलिक अधिकार के बजाय **संवैधानिक अधिकार** बना दिया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **अनुच्छेद 300A** में कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति को **कानून के प्राधिकार** के बिना उसकी संपत्ति से **वंचित नहीं** किया जाएगा।

**अतः विकल्प A सही है।**

**19. अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिये राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (National Accreditation Board for Hospitals & Healthcare-NABH) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NABH भारतीय गुणवत्ता परिषद के अधीन कार्य करता है।
2. NABH ने हेल्थकेयर ऑर्गेनाइज़ेशन प्लेटफॉर्म फॉर एंट्री-लेवल-सर्टिफिकेशन (Healthcare Organizations' Platform for Entry-Level-Certification- HOPE) नाम से एक पोर्टल जारी किया है।

नोट :

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिये राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (NABH):**

- **अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिये राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (NABH) भारतीय गुणवत्ता परिषद (Quality Council of India- QCI)** के अधीन कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **NABH** समकालीन पद्धतियों और **उपकरणों, रोगी सुरक्षा तथा संक्रमण नियंत्रण के मानकों** का उपयोग करके भारतीय **स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र** में **विश्वसनीयता, दक्षता** एवं **वैश्विक मान्यता** सुनिश्चित करने हेतु कार्य कर रहा है।
- **NABH** ने **हेल्थकेयर ऑर्गनाइज़ेशन प्लेटफॉर्म फॉर एंट्री-लेवल-सर्टिफिकेशन (Healthcare Organizations' Platform for Entry-Level-Certification- HOPE)** नामक एक पोर्टल जारी किया है, जिसका उद्देश्य **हेल्थकेयर ऑर्गनाइज़ेशन (HCO)** और **स्मॉल हेल्थकेयर ऑर्गनाइज़ेशन (SHCO)** सहित देश भर के अस्पतालों की एक विस्तृत श्रृंखला को नामांकित करके गुणवत्ता को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**अत: विकल्प C सही है।**

**20. भारत में कौन-सा मंत्रालय पोषण ट्रैकर के कार्यान्वयन की देख-रेख करता है ?**

A. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

B. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

C. ग्रामीण विकास मंत्रालय

D. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**पोषण ट्रैकर:**

- **पोषण ट्रैकर** एक मोबाइल आधारित एप्लिकेशन है जिसे **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** ने **राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (National e-Governance Division- NeGD)** के माध्यम से शुरू किया है।
- पोषण ट्रैकर के अंतर्गत प्रौद्योगिकी का उपयोग बच्चों में **बौनेपन, दुर्बलता, कम वजन** की समस्या की गतिशील पहचान तथा पोषण सेवा **वितरण** की **अंतिम छोर तक ट्रैकिंग** के लिये किया जा रहा है।
- **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** पोषण ट्रैकर के **कार्यान्वयन** की देख-रेख करता है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**21. इको-निवास संहिता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा विकसित एक आवासीय ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ECBC) है।
2. यह ऊष्मा लाभ और ऊष्मा हानि को सीमित करने तथा पर्याप्त प्राकृतिक वेंटिलेशन एवं दिन के उजाले की क्षमता सुनिश्चित करने के लिये मानक निर्धारित करता है।
3. इको-निवास संहिता (ENS) ने आवासीय लिफाफा संप्रेषण मूल्य (RETV) की शुरुआत की।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ECO निवास संहिता:**

- **इको-निवास संहिता विद्युत मंत्रालय** के तहत **ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (Bureau of Energy Efficiency- BEE)** द्वारा विकसित एक **आवासीय ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (Energy Conservation Building Code- ECBC)** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **ऊष्मा लाभ** (शीतलन प्रधान जलवायु के लिये) और **ऊष्मा हानि** (गर्मी प्रधान जलवायु के लिये) को सीमित करने के साथ-साथ पर्याप्त **प्राकृतिक वेंटिलेशन** तथा **दिन के उजाले की क्षमता** सुनिश्चित करने के लिये **न्यूनतम भवन मानक** निर्धारित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इको-निवास संहिता ने **आवासीय लिफाफा पारगमन मूल्य (Residential Envelope Transmittance Value- RETV)** की शुरुआत की, जो एक इमारत के लिफाफे के माध्यम से गर्मी के हस्तांतरण को मापने वाला एक मीट्रिक है। **अत: कथन 3 सही है।**

**अत: विकल्प C सही है।**

नोट :

**22. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| बॉक्स | स्थिति |
|---|---|
| 1. एम्बर | बाज़ार को विकृत करना और उत्पादन को सीमित करना |
| 2. ब्लू | व्यापार विकृति |
| 3. ग्रीन | गैर व्यापार विकृतीकरण |

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विश्व व्यापार संगठन (WTO) बॉक्स:**

- उत्पादन और **व्यापार** को विकृत करने वाले लगभग सभी **घरेलू समर्थन** उपाय **एम्बर बॉक्स** में आते हैं। इनमें कीमतों को **समर्थन देने वाले उपाय** या उत्पादन मात्रा से सीधे संबंधित **सब्सिडी** शामिल हैं।
- **ब्लू बॉक्स सब्सिडी बाज़ार को विकृत** करती है और इसके तहत किसानों को **उत्पादन कोटा** लागू करके **उत्पादन सीमित** करना पड़ता है या किसानों को अपनी **ज़मीन** का कुछ हिस्सा अलग रखना पड़ता है।
- **ग्रीन बॉक्स** का तात्पर्य **स्वीकार्य घरेलू सहायता (सब्सिडी)** से है जो किसी देश द्वारा अपने किसानों को **विश्व व्यापार संगठन के कृषि समझौते** के तहत दी जा सकती है। यह प्रकृति में **व्यापार को विकृत करने वाला नहीं** है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**23. तरलता जाल (Liquidity Trap) में निम्नलिखित में से कौन-सा आर्थिक उपकरण अप्रभावी हो जाता है ?**

A. राजकोषीय नीति
B. मौद्रिक नीति
C. व्यापार नीति
D. कर नीति

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**तरलता जाल (Liquidity Trap):**

- **तरलता जाल** एक प्रतिकूल आर्थिक स्थिति है जो तब होती है जब **उपभोक्ता** और निवेशक **ब्याज** दरें कम होने पर खर्च या निवेश करने के बजाय नकदी **जमा** करते हैं।
- यह एक ऐसी स्थिति है जो तब हो सकती है जब **ब्याज दरें** इतनी कम हो जाती हैं कि अधिकांश लोग **बॉण्ड** और अन्य ऋण साधनों में पैसा लगाने के बजाय नकदी जमा करना पसंद करते हैं।
- इसका प्रभाव **मौद्रिक नीति** को **धन की आपूर्ति बढ़ाकर** या ब्याज दर को और कम करके विकास को प्रोत्साहित करने में अप्रभावी बनाता है।

**अतः विकल्प B सही है।**

**24. भारतीय लेखा मानकों (Ind As) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (ICSI) लेखांकन मानकों को तैयार और जारी करता है।
2. भारतीय लेखा मानक को कंपनी अधिनियम 2013 के तहत अधिसूचित किया गया है।
3. भारतीय लेखा मानक भारतीय कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के प्रावधानों के अनुसार शासित होते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय लेखा मानक (Ind As):**

- भारत में **इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया लेखांकन मानक** को तैयार और जारी करता है। इन मानकों का पालन भारत में पंजीकृत सभी कंपनियों के एकाउंटेंट करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय लेखा मानक (Ind AS) को **कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133** के तहत अधिसूचित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारतीय **कॉपीराइट अधिनियम, 1957** के प्रावधानों के अनुसार **भारतीय कॉपीराइट अधिनियम शासित होते** हैं और **भारतीय कॉपीराइट अधिनियम में कॉपीराइट भारत सरकार** के पास होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**अतः विकल्प C सही है।**

नोट :

**25. निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय लोकतंत्र की विशेषताएँ हैं ?**

1. लोकप्रिय संप्रभुता
2. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार
3. दो दलीय व्यवस्था
4. प्रतिबद्ध न्यायपालिका

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1,3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय लोकतंत्र:**

- **भारतीय लोकतंत्र की विशेषताएँ हैं:**
  - **लोकप्रिय संप्रभुता:** यह इस बात पर ज़ोर देता है कि **लोग ही सत्ता का अंतिम स्रोत** हैं, जो प्रस्तावना, **"हम, भारत के लोग"** में परिलक्षित होता है।
  - **सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार: 18 वर्ष से अधिक आयु** के सभी नागरिक अपने प्रतिनिधियों को चुनने के पात्र हैं, जो **प्रत्येक व्यक्ति** के अंतर्निहित मूल्य को दर्शाता है।
  - **बहुदलीय प्रणाली:** यह विविध **विचारों, विचारधाराओं और आवाजों को प्रतिबिंबित करती** है तथा एक समृद्ध लोकतंत्र सुनिश्चित करती है।
  - **स्वतंत्र न्यायपालिका:** यह **कानून के शासन** को कायम रखती है और व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करती है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**26. भारत के प्रधानमंत्री के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री को भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75 के तहत, मंत्रिपरिषद की नियुक्ति प्रधानमंत्री द्वारा की जाएगी।
3. वह राष्ट्रपति की इच्छा पर प्रधानमंत्री का पद धारण करते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री:**

- **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75(1) के अनुसार**, राष्ट्रपति उस प्रधानमंत्री की नियुक्ति करेगा, जो उसकी राय में लोकसभा के अधिकांश सदस्यों का विश्वास प्राप्त करता हो। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75(1) के अनुसार, **प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी और** अन्य मंत्रियों की नियुक्ति **राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की सलाह** पर की जाएगी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 75(3) के अनुसार, प्रधानमंत्री राष्ट्रपति की इच्छा पर्यन्त पद** पर बने रहते हैं। हालाँकि जब तक प्रधानमंत्री को लोकसभा में बहुमत का समर्थन प्राप्त है, तब तक राष्ट्रपति उन्हें पद से नहीं हटा सकते। **अत: कथन 3 सही है।**

**अत: विकल्प B सही है।**

**27. एग्जिट पोल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एग्जिट पोल एक सर्वेक्षण है जो मतदाताओं द्वारा मतदान करने के तुरंत बाद किया जाता है।
2. यह भारत के चुनाव आयोग द्वारा आयोजित किया जाता है।
3. मतदान प्रक्रिया के दौरान एग्जिट पोल के नतीजे प्रकाशित करना प्रतिबंधित है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**एग्जिट पोल:**

- **एग्जिट पोल** एक सर्वेक्षण है जो मतदाताओं द्वारा **मतदान करने के तुरंत बाद** किया जाता है। इसमें मतदाताओं से पूछा जाता है कि उन्होंने किस उम्मीदवार का समर्थन किया है, जिसका उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि मतदान में कौन सी पार्टी आगे है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- ये सर्वेक्षण **निजी एजेंसियों** द्वारा कराए जाते हैं, न कि भारतीय चुनाव आयोग (ECI) द्वारा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **चुनाव आयोग मतदान प्रक्रिया** के दौरान एग्जिट पोल **प्रकाशित करने पर रोक** लगाता है, लेकिन उन्हें अंतिम मत डाले जाने के **30 मिनट बाद प्रकाशित** करने की अनुमति है। **अतः कथन 3 सही है।**

**अतः विकल्प C सही है।**

**28. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन प्रच्छन्न बेरोज़गारी का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. ऐसी स्थिति जिसमें श्रमिक ऐसे कामों में लगे होते हैं जिनमें उनके कौशल और योग्यता का उपयोग नहीं होता।

B. ऐसी स्थिति जिसमें श्रम की सीमांत उत्पादकता शून्य होती है।

C. ऐसी स्थिति जिसमें श्रमिक आर्थिक मंदी के कारण बेरोज़गार होते हैं।

D. ऐसा परिदृश्य जिसमें श्रमिक मौसमी नौकरियों में नियोजित होते हैं और ऑफ-सीज़न के दौरान बेरोज़गार होते हैं।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रच्छन्न बेरोजगारी:**

- **प्रच्छन्न बेरोज़गारी** वह स्थिति है जिसमें **वास्तविक आवश्यकता** से **अधिक लोग** कार्यरत हैं।
- यह मुख्य रूप से भारत के **कृषि** और **असंगठित क्षेत्रों** में देखा जाता है।
- श्रम की **सीमांत उत्पादकता शून्य** है।
- इसका **समग्र** आर्थिक उत्पादन पर **कोई प्रभाव नहीं** पड़ता।

**अतः विकल्प B सही है।**

**29. निम्नलिखित में से कौन-सा गठबंधन सरकार की विशेषता नहीं है?**

A. विभिन्न हितों का समायोजन

B. संघवाद को मज़बूत करना

C. बेहतर प्रतिनिधित्व

D. निरंकुश नियंत्रण

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**गठबंधन सरकार:**

- **गठबंधन सरकार के फायदे हैं:**
  - **विभिन्न हितों का समायोजन:** यह **विभिन्न पक्षों** की **आवश्यकताओं** को पूरा करता है।
  - **संघवाद को मज़बूत करना:** गठबंधन प्रशासन **क्षेत्रीय अनुरोधों** के प्रति अधिक **ग्रहणशील** होता है।
  - **बेहतर प्रतिनिधित्व:** गठबंधन सरकार मतदाताओं का अधिक प्रतिनिधित्व करती है और **जनता के विचार को प्रतिबिंबित** करती है।
  - **सहभागी लोकतंत्र:** इसमें किसी **एक राजनीतिक दल** का **वर्चस्व नहीं** है। गठबंधन के **सभी सदस्य** निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

**अतः विकल्प D सही है।**

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन बॉण्ड प्रतिफल और बॉण्ड कीमतों के बीच संबंध का सटीक वर्णन करता है?**

A. बॉण्ड प्रतिफल और बॉण्ड की कीमतें एक-दूसरे से स्वतंत्र रूप से चलती हैं।

B. जब बॉण्ड की प्राप्ति बढ़ती है तो बॉण्ड की कीमतें भी बढ़ जाती हैं।

C. बॉण्ड प्रतिफल और बॉण्ड कीमतों में विपरीत संबंध होता है।

D. बॉण्ड की कीमतों पर ध्यान दिये बिना, लंबी अवधि की परिपक्वता वाले बॉण्ड पर बॉण्ड प्रतिफल हमेशा अधिक होता है।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**बॉण्ड यील्ड:**

- **बॉण्ड प्रतिफल किसी** देश की **ब्याज दरों की दिशा** का संकेत देते हैं।
- बॉण्ड यील्ड, बॉण्ड द्वारा दी जाने वाली **ब्याज दर** के **प्रत्यक्ष रूप में आनुपातिक** और इसकी कीमत के **व्युत्क्रमानुपाती** होती है। बॉण्ड की **कीमत** जितनी **अधिक** होगी, बॉण्ड यील्ड उतनी ही **कम** होगी।
- यदि बॉण्ड की **मांग अधिक** है, तो जारीकर्त्ता को निवेशकों को आकर्षित करने के लिये उच्च प्रतिफल या ब्याज दर की पेशकश करने की आवश्यकता नहीं है।
- दोनों के बीच संबंध के लिये **गणितीय व्याख्या** है:

यील्ड = (कूपन/बॉण्ड का बाज़ार मूल्य) x 100

**अतः विकल्प C सही है।**

नोट :

**31. भारत निर्वाचन आयोग (Election Commission of India- ECI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत निर्वाचन आयोग के पास केवल लोकभा और राज्यसभा के चुनावों के अधीक्षण, निर्देशन एवं नियंत्रण की शक्ति है।
2. भारत निर्वाचन आयोग का राज्यों में पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनाव कराने से कोई सरोकार नहीं है।
3. मुख्य चुनाव आयुक्त को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के ही समान हटाया जा सकता है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही कथनों का चयन कीजिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत निर्वाचन आयोग (Election Commission of India- ECI):**

- भारत का संविधान **भारत निर्वाचन आयोग (ECI)** को चुनावों के **अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण** की शक्ति प्रदान करता है-
  - **संसद**- लोकसभा और राज्यसभा
  - **राज्य विधानमंडल**- राज्य विधानसभा और राज्य विधान परिषद (यदि मौजूद हो)
  - भारत के **राष्ट्रपति** का कार्यालय
  - **भारत के उपराष्ट्रपति** का कार्यालय। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ECI का राज्यों में **पंचायतों** और **नगर पालिकाओं** के चुनाव कराने से कोई **सरोकार नहीं** है। यह प्रत्येक राज्य में एक अलग **राज्य चुनाव आयोग** द्वारा आयोजित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **मुख्य चुनाव आयुक्त** को **सर्वोच्च न्यायालय** के **न्यायाधीश** की तरह ही **हटाया** जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - दूसरे शब्दों में उसे **राष्ट्रपति** द्वारा संसद के दोनों सदनों द्वारा **विशेष बहुमत** से पारित प्रस्ताव के आधार पर, **सिद्ध कदाचार** या **अक्षमता** के आधार पर हटाया जा सकता है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**32. भारत में वर्ष 1979 में स्थापित मंडल आयोग का मुख्य उद्देश्य था:**

A. भारत सरकार की आर्थिक नीतियों का आकलन करना।
B. पर्यावरण संरक्षण और सतत् विकास हेतु एक रूपरेखा विकसित करना।
C. भारतीय कृषि पर वैश्वीकरण के प्रभाव का अध्ययन करना।
D. सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों की स्थिति की जाँच करना तथा उनकी उन्नति हेतु उपायों की अनुशंसा करना।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मंडल आयोग:**

- **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340** द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **राष्ट्रपति** ने **बी. पी. मंडल** की **अध्यक्षता** में **पिछड़ा वर्ग** आयोग की नियुक्ति की।
- आयोग का गठन भारत के **"सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों"** को परिभाषित करने के **मानदंड निर्धारित** करने तथा उन वर्गों की **उन्नति** हेतु उठाए जाने वाले **कदमों** की अनुशंसा करने के लिये किया गया था।
- आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि भारत की जनसंख्या में लगभग **52% ओ. बी. सी.** हैं, फलत: उनके लिये **27% सरकारी नौकरियाँ** आरक्षित की जानी चाहिये।

**अत: विकल्प D सही है।**

**33. निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय संविधान की संघीय विशेषताएँ हैं?**

1. शक्ति का विभाजन
2. संविधान की सर्वोच्चता
3. द्विसदनीय विधायिका
4. राज्यपाल की नियुक्ति

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संघीय विशेषताएँ:**

- **भारतीय संविधान की संघीय विशेषताएँ हैं:**
  - **सत्ता का विभाजन:** संघवाद **केंद्रीय सरकार** और **क्षेत्रीय सरकारों** के बीच **सत्ता का विभाजन** करता है, जिसमें प्रत्येक स्तर के अपने विशिष्ट उत्तरदायित्व एवं **अधिकार क्षेत्र** होते हैं।
  - **संविधान की सर्वोच्चता:** संघवाद एक **लिखित संविधान** पर आधारित है, जो केंद्रीय और क्षेत्रीय सरकारों की **शक्तियों** तथा **उत्तरदायित्वों** को **परिभाषित** करता है।
  - **द्विसदनीय विधायिका:** भारतीय संसद **द्विसदनीय** है, जिसमें एक सदन **लोगों** का प्रतिनिधित्व करता है और दूसरा **क्षेत्रीय सरकारों** का प्रतिनिधित्व करता है।
- **राज्यपाल की नियुक्ति:** किसी राज्य का राज्यपाल राज्य में केंद्र के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है। यह भारतीय संविधान की **एकात्मक विशेषता** है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**34. "MQ-1B प्रीडेटर" क्या है, जिसे प्रायः समाचारों में देखा जाता है?**

A. एक इज़रायली एंटी-मिसाइल सिस्टम
B. भारत का स्वदेशी एंटी-ड्रोन कार्यक्रम
C. एक अमेरिकी मानव रहित हवाई वाहन (UAV),
D. दक्षिण कोरिया द्वारा विकसित परमाणु पनडुब्बी

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**MQ-1B प्रीडेटर:**

- **MQ-1B प्रीडेटर** एक **हाई अल्टीट्यूड वाला, लंबे समय तक चलने वाला** सशस्त्र **मानव रहित हवाई वाहन (UAV)** है, जो **दूर से नियंत्रित** या स्वायत्त उड़ान संचालन में सक्षम है।
- यह **जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम (GA-ASI)** द्वारा विकसित **MQ-9 "रीपर"** का एक प्रकार है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य संयुक्त राज्य वायु सेना (USAF) के लिये प्रयोग किया जाना है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका इन ड्रोनों का उपयोग **निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने** और **हवाई हमलों** के लिये करता है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने **भारत** को **3.99 बिलियन अमेरिकी डॉलर** की अनुमानित लागत पर **31 UAV** की बिक्री को स्वीकृति प्रदान की।

**अतः विकल्प C सही है।**

**35. अफ्रीकी महाद्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह आकार और जनसंख्या दोनों के मामले में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप है।
2. प्रधान याम्योत्तर रेखा और भूमध्य रेखा दोनों इसे विभाजित करते हैं।
3. विक्टोरिया झील की तटरेखा केन्या, युगांडा, तंज़ानिया और रवांडा द्वारा साझा की जाती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अफ्रीकी महाद्वीप:**

- **अफ्रीका आकार** और **जनसंख्या** दोनों के मामले में विश्व का **दूसरा सबसे बड़ा** महाद्वीप है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अफ्रीका** विश्व के **केंद्र में स्थित महाद्वीप** है। **प्रधान याम्योत्तर रेखा** (0 डिग्री देशांतर) और **भूमध्य रेखा** (0 डिग्री अक्षांश) दोनों इसे विभाजित करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- विक्टोरिया झील की **तटरेखा केन्या (6%), युगांडा (43%) और तंज़ानिया (51%)** द्वारा साझा की जाती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- **कागेरा, कटोंगा, सियो, याला, न्यांडो, सोंडू मिरिउ और मारा नदियाँ** झील को जल प्रदान करती हैं जबकि नील नदी झील से जल को बाहर ले जाती है। नील नदी पूर्वी **युगांडा** के **जिंजा शहर** में विक्टोरिया झील से मिस्र की ओर अपनी यात्रा **प्रारंभ** करती है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**36. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में एक कंट्रोल यूनिट और एक बैलटिंग यूनिट होती है।
2. जिन क्षेत्रों में विद्युत कनेक्शन नहीं है, वहाँ EVM का उपयोग नहीं किया जा सकता है।
3. इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ECIL), हैदराबाद ने पहली बार EVM का प्रोटोटाइप विकसित किया।

नोट :

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM):**

- **इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन** में दो यूनिट होती हैं, यानी एक **कंट्रोल यूनिट** और एक **बैलटिंग यूनिट (Balloting Unit)**। कंट्रोल यूनिट **पीठासीन अधिकारी (Presiding Officer)** या मतदान अधिकारी के पास रहती है, जबकि बैलटिंग यूनिट को **मतदान कक्ष** के अंदर रखा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **EVM** को **विद्युत** की आवश्यकता **नहीं** होती है। EVM एक साधारण **7.5 वोल्ट की क्षारीय बैटरी** पर संचालित होती है। इसलिये **विद्युत कनेक्शन न होने** वाले क्षेत्रों में भी **EVM** का उपयोग किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ECIL), हैदराबाद**, परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत वर्ष 1979 में पहली बार EVM का एक **प्रोटोटाइप** विकसित किया। **अतः कथन 3 सही है।**

**अतः विकल्प C सही है।**

**37. भारतीय दर्शन के योग दर्शन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना ऋषि पतंजलि ने की थी और यह भारतीय दर्शन में विधर्मी विचारधाराओं में से एक है।
2. योग दर्शन में पालन किये जाने वाले मूल्यों को नियम कहा जाता है जबकि जिन मूल्यों से बचना होता है उन्हें यम कहा जाता है।
3. योग दर्शन का संदर्भ केवल बृहदारण्यक उपनिषद में दिया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय दर्शन के योग दर्शन (Yoga School of Indian Philosophy):**

- **योग** दर्शन की स्थापना **ऋषि पतंजलि** ने की थी और यह भारतीय दर्शन की **रूढ़िवादी विचारधाराओं** में से एक है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- योग दर्शन में **पालन** किये जाने वाले मूल्यों को **नियम** कहा जाता है जबकि जिन **मूल्यों** से **बचना** होता है उन्हें **यम** कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - पतंजलि द्वारा सूचीबद्ध पाँच **यम अहिंसा, सत्य, चोरी न करना, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह** हैं।
- योग दर्शन का संदर्भ **बृहदारण्यक उपनिषद, छांदोग्य उपनिषद, कठोपनिषद** आदि में दिया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**अतः विकल्प B सही है।**

**38. हाल ही में चर्चा में रहा "उपलब्ध वास्तविक समता (ARE)" किससे संबंधित है**

A. भारतीय रिज़र्व बैंक

B. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड

C. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम

D. भारतीय एक्ज़िम बैंक

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**उपलब्ध वास्तविक समता (Available Realized Equity- ARE):**

- **उपलब्ध वास्तविक समता (ARE)** एक विशिष्ट वित्तीय उपाय को संदर्भित करता है, जिसका उपयोग अतिरिक्त **रिज़र्व या इक्विटी** को **निर्धारित** करने के लिये किया जाता है जिसे **भारतीय रिज़र्व बैंक वितरण** के लिये उपलब्ध मान सकता है।
- यह अवधारणा **आर्थिक पूंजी ढाँचे (ECF)** का एक भाग है, जिसका RBI यह सुनिश्चित करने के लिये पालन करता है कि वह सरकार को **अधिशेष हस्तांतरण** प्रदान करते हुए एक **मज़बूत बैलेंस शीट बनाए** रखे।
- इसे अपने **परिचालन** के माध्यम से प्राप्त किया गया है और यह वितरण के लिये उपलब्ध है। इसमें **पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व** शामिल नहीं है, जो परिसंपत्तियों के मूल्यांकन में **परिवर्तन** से अवास्तविक लाभ हैं।

**अतः विकल्प A सही है।**

The Vision

**39. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अप्रत्याशित घटनाओं से होने वाली फसल हानि/क्षति से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये IRDAI द्वारा इसे लॉन्च किया गया था।
2. सभी खरीफ फसलों के लिये किसानों द्वारा भुगतान किया जाने वाला केवल 2% और सभी रबी फसलों के लिये 1.5% का एक समान प्रीमियम है।
3. अलग-अलग खेतों को प्रभावित करने वाले ओलावृष्टि, भूस्खलन और बाढ़ जैसे पहचाने गए स्थानीय जोखिमों के कारण होने वाले नुकसान तथा क्षति को भी कवर किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY):**

- **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)** को **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय** द्वारा **अप्रत्याशित घटनाओं** से होने वाली फसल **हानि/क्षति से पीड़ित** किसानों को **वित्तीय सहायता** प्रदान करने के लिये शुरू किया गया था। IRDAI वित्त मंत्रालय के अधीन काम करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **सभी खरीफ फसलों** के लिये किसानों द्वारा भुगतान किया जाने वाला **केवल 2%** और **सभी रबी फसलों** (सर्दियों में बोई जाने वाली) के लिये 1.5% का एक समान प्रीमियम है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अधिसूचित क्षेत्र में अलग-अलग खेतों को प्रभावित करने वाले **ओलावृष्टि**, **भूस्खलन** और **जलप्लावन** जैसे पहचाने गए **स्थानीय जोखिमों** की घटना से होने वाले **नुकसान एवं क्षति** को भी कवर किया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**अत: विकल्प A सही है।**

**40. वित्तीय बाज़ारों के संदर्भ में "टिक साइज़" शब्द का क्या अर्थ है?**

A. किसी प्रतिभूति की वह सबसे छोटी राशि जिसका किसी विनिमय पर ट्रेडिंग किया जा सकता है।
B. किसी ट्रेडिंग इंस्ट्रूमेंट का मैक्सिमम अलाउएबल प्राइस मूवमेंट।
C. किसी ट्रेडिंग इंस्ट्रूमेंट का एक ट्रेडिंग दिवस में एवरेज प्राइस मूवमेंट।
D. किसी ट्रेडिंग इंस्ट्रूमेंट का मिनिमम अलाउएबल प्राइस मूवमेंट।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**टिक साइज़:**

- **"टिक साइज़"** किसी ट्रेडिंग इंस्ट्रूमेंट के **मिनिमम अलाउएबल प्राइस मूवमेंट** को संदर्भित करता है।
- **कम टिक साइज़**, खरीद और बिक्री की कीमतों के बीच के अंतर को कम करता है, जिससे **ट्रेडिंग** को **निष्पादित** करना **आसान** हो जाता है।
- एक **छोटा टिक साइज़** अधिक **सक्रिय ट्रेडिंग** को प्रोत्साहित करता है क्योंकि यह पोज़ीशन में प्रवेश करने और बाहर निकलने की लागत को कम करता है, तरलता को बढ़ाता है साथ ही व्यापारियों के लिये कीमतों को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित किये बिना प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने को आसान बनाता है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**41. अंतर्निहित मुद्रास्फीति से तात्पर्य मुद्रास्फीति के उस प्रकार से है जो निम्नलिखित में से किस कारक से उत्पन्न होती है?**

A. उपभोक्ता खर्च में वृद्धि के कारण मांग-आकर्षित प्रभाव।
B. आपूर्ति के आघातों जो कच्चे माल की लागत बढ़ाते हैं।
C. श्रमिकों और फर्मों की अनुकूली अपेक्षाएँ जो मज़दूरी-मूल्य चक्र की ओर ले जाती हैं।
D. केंद्रीय बैंकों द्वारा की गई मौद्रिक नीति कार्रवाई।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अंतर्निहित मुद्रास्फीति:**

- **अंतर्निहित मुद्रास्फीति** से तात्पर्य श्रमिकों और फर्मों की **अनुकूली अपेक्षाओं** से है, जो मज़दूरी-मूल्य चक्र की ओर ले जाती है।

नोट :

- अंतर्निहित मुद्रास्फीति (मज़दूरी-मूल्य चक्र) तब होती है जब श्रमिक **बढ़ती जीवन लागतों** को बनाए रखने के लिये उच्च मज़दूरी की मांग करते हैं।
- इसके परिणामस्वरूप व्यवसायों को अपनी बढ़ती मज़दूरी लागतों की **भरपाई करने के लिये अपनी कीमतें बढ़ानी** पड़ती हैं, जिससे मज़दूरी और मूल्य वृद्धि का एक स्व-सुदृढ़ीकरण चक्र बन जाता है।

**अतः विकल्प C सही है।**

**42. सतलज-यमुना लिंक विवाद के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: जब स्वतंत्रता के बाद पंजाब से हरियाणा को अलग किया गया, तो रावी और ब्यास के जल बँटवारे की शर्तें अनिश्चित रह गईं।**

**कथन-II: रिपेरियन जल अधिकारों के सिद्धांत का हवाला देते हुए, पंजाब ने हरियाणा के साथ रावी और ब्यास के जल बँटवारे का विरोध किया।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है ।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सतलज-यमुना लिंक विवाद:**

- जब स्वतंत्रता के बाद हरियाणा को पंजाब से अलग किया गया और पंजाब के संसाधनों को दोनों राज्यों के बीच विभाजित किया जाना था, तो रावी तथा ब्यास नदियों के जल बँटवारे की शर्तें अनिर्धारित रह गईं। **अतः कथन I सही है।**
- रिपेरियन जल अधिकारों के सिद्धांत का हवाला देते हुए, पंजाब ने हरियाणा के साथ रावी और ब्यास के जल बँटवारे का विरोध किया। **अतः कथन II सही है।**
- **रिपेरियन जल अधिकारों का सिद्धांत** एक ऐसी प्रणाली है जिसके तहत किसी जल निकाय के पास की भूमि के स्वामी को **जल का उपयोग करने का अधिकार है।**

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है।**

**43. विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नागरिक विवाह, विशेष विवाह अधिनियम, 1954 (SMA) के अधीन आता है जिसके तहत राज्य धार्मिक आधार से परे इस विवाह को प्रमाणित करता है।
2. यह अंतर-धार्मिक जोड़ों के बीच उनकी धार्मिक पहचान छोड़े बिना अथवा धर्म परिवर्तन का सहारा लिये बिना विवाह को सक्षम बनाता है।
3. यह अधिनियम केवल हिंदू, सिख, जैन तथा बौद्ध धर्मावलंबियों पर लागू होगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विशेष विवाह अधिनियम, 1954:**

- नागरिक विवाह, **विशेष विवाह अधिनियम, 1954 (SMA)** के अधीन आता है जिसके तहत **राज्य धार्मिक आधार से परे इस विवाह को प्रमाणित** करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- SMA **अंतर-धार्मिक अथवा अंतर-जातीय** जोड़ों के बीच उनकी धार्मिक पहचान छोड़े बिना या धर्मांतरण का सहारा लिये बिना विवाह को सक्षम बनाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस **अधिनियम की प्रयोज्यता** संपूर्ण भारत में **हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन एवं बौद्ध** सहित सभी धर्मों के लोगों पर लागू होती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**अतः विकल्प B सही है।**

**44. भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक (IPHS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत देश में स्वास्थ्य सेवा वितरण की गुणवत्ता में सुधार करना है।
2. IPHS प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHCs) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (CHCs) दोनों पर लागू है।
3. इसका उपयोग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढाँचे की योजना तथा उन्नयन के लिये संदर्भ बिंदु के रूप में किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक (Indian Public Health Standards- IPHS):**

- **भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक (IPHS)** मानकों का एक समूह है जो राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत देश में स्वास्थ्य सेवा वितरण की गुणवत्ता में सुधार करने की परिकल्पना करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **IPHS उप-केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHC), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (CHC),** उप-ज़िला और ज़िला अस्पतालों पर लागू होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका उपयोग **राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढाँचे की योजना** तथा उन्नयन के लिये संदर्भ बिंदु के रूप में किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**अतः विकल्प D सही है।**

**45. "डॉल-ई, मिडजर्नी और सोरा" शब्द कभी-कभी समाचारों में किस संदर्भ में देखे जाते हैं?**

A. AI आधारित इमेज जनरेटर
B. शनि का उपग्रह
C. नए खोजे गए क्षुद्रग्रह
D. 3D मॉडलिंग सॉफ्टवेयर

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**डॉल-ई, मिडजर्नी और सोरा:**

- **डॉल-ई** एक टेक्स्ट-टू-इमेज मॉडल है जिसे **ओपन AI द्वारा डीप लर्निंग पद्धतियों का उपयोग** करके विकसित किया है। यह "प्रॉम्प्ट्" के रूप में जानी जाने वाली **प्राकृतिक भाषा के विवरणों से डिजिटल इमेज उत्पन्न** कर सकता है।
- **मिडजर्नी** एक जनरेटिव **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(AI) प्रोग्राम** है, जो ओपन AI के डॉल-ई के समान, प्राकृतिक भाषा विवरणों, जिन्हें प्रॉम्प्ट कहा जाता है, द्वारा छवियाँ उत्पन्न करता है।
- **सोरा** एक AI मॉडल है जो पाठ्य निर्देशों से **यथार्थवादी और कल्पनाशील चित्र** बना सकता है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**46. अमरावती स्कूल ऑफ आर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अमरावती शैली की एक प्रमुख विशेषता "कथात्मक कला" है।
2. अमरावती शैली में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री ग्रे बलुआ पत्थर है।
3. इस शैली के विकसित होने वाले प्रमुख स्थान नागार्जुनिकोंडा, गोली, घंटाशाला और वेंगी हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 2 और 3
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अमरावती स्कूल ऑफ आर्ट:**

- **अमरावती स्कूल ऑफ आर्ट की प्रमुख विशेषताएँ हैं:**
  - **"कथात्मक कला"** अमरावती स्कूल की एक प्रमुख विशेषता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - अमरावती कला शैली में **प्रयुक्त सामग्री सफेद संगमरमर** है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - **आंध्र प्रदेश** में **कृष्णा और गोदावरी नदियों** की निचली घाटियों में विकसित हुई। इसके प्रमुख स्थानों में **अमरावती, नागार्जुनिकोंडा, गोली, घंटासला** एवं **वेंगी** शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
  - **सांची स्तूप** की तरह **अमरावती स्तूप** में भी एक **प्रदक्षिणापथ** है, जिसमें एक वेदिका है, जिस पर बुद्ध के जीवन से संबंधित विभिन्न कथाएँ अंकित हैं।

**अतः विकल्प C सही है।**

**47. व्यापार और निवेश के भविष्य पर ग्लोबल फ्यूचर काउंसिल निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. विश्व व्यापार संगठन (WTO)
B. संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (UNCTAD)
C. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)
D. विश्व आर्थिक मंच (WEF)

नोट :

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**व्यापार एवं निवेश के भविष्य पर ग्लोबल फ्यूचर काउंसिल:**

- **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं निवेश पर ग्लोबल फ्यूचर काउंसिल विश्व आर्थिक मंच (WEF) के अंतर्गत एक विशेष समूह है** जो वैश्विक व्यापार एवं निवेश के भविष्य को आकार देने पर ध्यान केंद्रित करता है।
- यह **सरकार, व्यापार तथा नागरिक समाज** के नेताओं को एक साथ लाता है।
- यह सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने, अंतर्दृष्टि तथा विश्लेषण करने के साथ-साथ इसके एजेंडे को आकार देने में सहयोग करने के लिये एक साझा मिशन से जुड़े विशेषज्ञों को एक साथ लाकर WEF के मिशन का समर्थन करता है।

**अतः विकल्प D सही है।**

**48. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. जापान
2. इंडोनेशिया
3. दक्षिण कोरिया
4. फिलीपींस
5. वियतनाम

**उपर्युक्त में से कितने देशों में कार्यस्थलों पर सवैतनिक मासिक धर्म अवकाश की नीतियाँ हैं?**

A. केवल दो
B. केवल तीन
C. केवल चार
D. सभी पाँच

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सवैतनिक मासिक धर्म अवकाश:**

- **सवैतनिक मासिक धर्म अवकाश** सभी कर्मचारियों के लिये **समान सम्मान एवं प्रशंसा** का प्रतीक है।
- **जापान, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, ताइवान, फिलीपींस एवं वियतनाम** सहित कई देशों में **सवैतनिक मासिक धर्म अवकाश की नीतियाँ** हैं।
- जबकि भारतीय श्रम कानूनों में **बीमारी तथा आकस्मिक अवकाश का प्रावधान** है, देश में **मासिक धर्म अवकाश का कोई प्रावधान नहीं** है।

**अतः विकल्प D सही है।**

**49. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. निगम कर
2. व्यक्तिगत आयकर
3. केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर
4. एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (IGST) में केंद्र का हिस्सा

**उपर्युक्त में से कौन-सा कर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 270 के तहत केंद्र और राज्यों के बीच विभाज्य पूल का हिस्सा है?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**करों का विभाज्य पूल:**

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 270** में केंद्र सरकार द्वारा **एकत्रित शुद्ध कर आय** को **केंद्र** और **राज्यों** के बीच **वितरित करने** की योजना का प्रावधान है।
- केंद्र और राज्यों के बीच साझा किये जाने वाले करों में **निगम कर, व्यक्तिगत आयकर, केंद्रीय GST, एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (IGST)** में केंद्र का **हिस्सा** आदि शामिल हैं।
- हालाँकि विभाज्य पूल में केंद्र द्वारा लगाया गया **उपकर** और **अधिभार शामिल नहीं** है।

**अतः विकल्प D सही है।**

**50. युकाटन प्रायद्वीप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मध्य अमेरिका में एक प्रायद्वीप है, जो मैक्सिको की खाड़ी और कैलिफोर्निया की खाड़ी को अलग करता है।
2. इसमें केवल मैक्सिको के कुछ हिस्से शामिल हैं।
3. युकाटन प्रायद्वीप में माया सभ्यता का विकास हुआ।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

उत्तर: A

व्याख्या:

युकाटन प्रायद्वीप:

- **युकाटन प्रायद्वीप मध्य अमेरिका** में एक प्रायद्वीप है, जो **मेक्सिको की खाड़ी** और **कैरेबियन सागर** को अलग करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें **मैक्सिको, ग्वाटेमाला** और **बेलीज़** के कुछ हिस्से शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **माया सभ्यता** वर्तमान मेक्सिको के **युकाटन प्रायद्वीप**, ग्वाटेमाला और बेलीज़ में फली-फूली। **अत:कथन 3 सही है।**




**अत: विकल्प A सही है।**

**51. "वेस्ट वाइज़ सिटीज़ टूल ( WaCT )" शब्द कभी-कभी समाचारों में किस संदर्भ में देखा जाता है ?**

A. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)

B. संयुक्त राष्ट्र मानव बस्तियों का कार्यक्रम (UN-HABITAT)

C. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

D. संयुक्त राष्ट्र पर्यटन

उत्तर: B

व्याख्या:

**वेस्ट वाइज़ सिटीज़ टूल ( Waste Wise Cities Tool-WaCT ):**

- **संयुक्त राष्ट्र मानव बस्तियों कार्यक्रम ( UN-HABITAT )** ने **वेस्ट वाइज़ सिटीज़ टूल ( WaCT )** लॉन्च किया है।
- यह एक **नवीन उपकरण** है जिसका उपयोग शहर अपने **नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन** प्रदर्शन के **मूल्यांकन** और **सुधार** के लिये कर सकते हैं।
- यह शहर में **अपशिष्ट प्रवाह** और मात्रा का एक चित्र प्रदान करता है तथा नियंत्रित सुविधाओं में उत्पन्न, एकत्रित एवं प्रबंधित अपशिष्ट पर डेटा एकत्र करता है।
- इसे **अफ्रीकी स्वच्छ शहर मंच ( ACCP )** और **वेस्ट वाइज़ सिटीज़ अभियान ( WWCC )** के तहत **विकसित** किया गया था।

**अत: विकल्प B सही है।**

**52. मौद्रिक नीति समिति ( Monetary Policy Committee- MPC ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RBI अधिनियम 1934, जिसे 2016 में संशोधित किया गया, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा गठित छह सदस्यीय MPC का प्रावधान करता है।
2. MPC मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये आवश्यक नीतिगत रेपो दर निर्धारित करती है।
3. केवल MPC का अध्यक्ष ही प्रस्तावित प्रस्ताव के पक्ष में या उसके विरुद्ध मतदान करने के कारणों को निर्दिष्ट करते हुए एक बयान लिखता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

उत्तर: C

व्याख्या:

**मौद्रिक नीति समिति ( Monetary Policy Committee- MPC ):**

- **RBI अधिनियम, 1934** की **धारा 45ZB**, जिसे **2016 में संशोधित** किया गया था, **केंद्र सरकार** द्वारा आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा गठित की जाने वाली **छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ( MPC )** का प्रावधान करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- MPC **मुद्रास्फीति लक्ष्य** को प्राप्त करने के लिये आवश्यक नीति **रेपो दर** निर्धारित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- **MPC** का **प्रत्येक सदस्य** प्रस्तावित **समाधान** के पक्ष में या उसके विरुद्ध **मतदान** करने के **कारणों** को **निर्दिष्ट** करते हुए एक **बयान** लिखता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- MPC को वर्ष में **कम-से-कम चार बार** बैठक करनी होती है। MPC की बैठक में चार सदस्यों के कोरम की आवश्यकता होती है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**53. महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिये 50% सीटें आरक्षित करना है।
2. प्रत्येक परिसीमन के बाद महिलाओं के लिये आरक्षण को चक्रित (रोटेड) किया जाएगा।
3. यह आरक्षण अधिनियम के लागू होने की तारीख से 15 वर्ष की अवधि के लिये होगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**महिला आरक्षण अधिनियम, 2023:**

- **महिला आरक्षण अधिनियम, 2023** संविधान (**106वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2023**) **में** संशोधन करके **लोकसभा, राज्य विधानसभाओं** और **दिल्ली विधानसभा** में महिलाओं के लिये **33% (एक तिहाई सीटें)** आरक्षित करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रत्येक **परिसीमन** के परिणामस्वरूप महिला **आरक्षण** का रोटेशन होगा। इससे स्पष्ट होगा है कि रोटेशन लगभग **हर 10 साल** में होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **आरक्षण** अधिनियम के लागू होने की तिथि से **15 वर्ष** की अवधि के लिये होगा। हालाँकि यह **संसद** द्वारा बनाए गए **कानून** द्वारा **निर्धारित** तिथि तक जारी रहेगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**अत: विकल्प B सही है।**

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (Production Linked Incentive- PLI) योजना से देश के MSME पारिस्थितिकी तंत्र पर व्यापक प्रभाव पड़ने की आशा है।**

**कथन-II: प्रत्येक क्षेत्र में निर्मित की जाने वाली प्रमुख इकाइयाँ संपूर्ण मूल्य शृंखला में एक नया आपूर्तिकर्त्ता/विक्रेता आधार स्थापित करेंगी।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (Production Linked Incentive- PLI):**

- **उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI)** योजना से भारत के **MSME पारिस्थितिकी तंत्र** पर **व्यापक प्रभाव** पड़ने की आशा है। **अत: कथन I सही है।**
- हर क्षेत्र में बनने वाली **प्रमुख इकाइयाँ** पूरी **मूल्य शृंखला** में एक **नया आपूर्तिकर्त्ता/विक्रेता आधार** स्थापित करने की संभावना रखती हैं। इनमें से अधिकांश **सहायक इकाइयाँ MSME क्षेत्र** में **बनने** की आशा है। **अत: कथन II सही है।**
- विभिन्न PLI योजनाओं के तहत चयनित कुल आवेदनों में से **MSME** थोक दवाओं, चिकित्सा उपकरणों, फार्मा, दूरसंचार, सफेद वस्तुओं, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और ड्रोन जैसे क्षेत्रों में **PLI लाभार्थियों** के बीच एक **महत्त्वपूर्ण अनुपात** का गठन करते हैं।

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

नोट :

**55. निम्नलिखित में से कौन-सी ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) की पहल हैं?**

1. ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ECBC)
2. मानक और लेबलिंग (S&L)
3. प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT)

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से विकल्प सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE):**

- **ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) की** पहल इस प्रकार हैं:
    - **ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ECBC):** यह नये वाणिज्यिक भवनों के लिये **न्यूनतम ऊर्जा मानक** निर्धारित करता है।
    - **मानक और लेबलिंग:** इसका उद्देश्य **उपभोक्ताओं को ऊर्जा दक्षता प्रदर्शन के लिये विभिन्न ऊर्जा** खपत उपकरणों के बारे में सूचित विकल्प बनाने में मदद करना है।
    - **प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT):** यह ऊर्जा गहन उद्योगों में विशिष्ट ऊर्जा खपत को कम करने के लिये एक विनियामक साधन है। **साथ ही यह अतिरिक्त ऊर्जा बचत के प्रमाणीकरण** के माध्यम से लागत **प्रभावशीलता को बढ़ाने हेतु एक बाज़ार आधारित तंत्र प्रदान** करता है जिसका व्यापार किया जा सकता है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**56. भारत के औपनिवेशिक इतिहास के संदर्भ में अगुआड बंदरगाह और जेल परिसर किससे जुड़ा हुआ है?**

A. अंग्रेज़ी
B. फ्रेंच
C. पुर्तगाली
D. डच

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अगुआड बंदरगाह एवं जेल परिसर:**

- **अगुआड बंदरगाह एवं जेल परिसर गोवा की सबसे बड़ी जेल** थी जिसका प्रयोग **पुर्तगाली** स्वतंत्रता सेनानियों को बंदी बनाने के लिये करते थे।
- यह **गोवा की मुक्ति और विरासत के बारे में जानने के लिये** सबसे अच्छा स्थान है।
- इसे **वर्ष 1612 में वेल्हा (पुराना गोवा) और नोवा गोवा (पंजिम)** की **खाड़ी के प्रवेश द्वार पर रणनीतिक रूप से बनाया** गया था तथा इसका उपयोग **गोवा पर पुर्तगाली कब्ज़े को डच एवं मराठों** से बचाने के लिये किया गया था।

**अत: विकल्प C सही है।**

**57. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन तरलता समायोजन सुविधा (Liquidity Adjustment Facility-LAF) कॉरिडोर का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. यह वाणिज्यिक बैंकों द्वारा ऋण और जमा पर ब्याज दरें निर्धारित करने के लिये उपयोग किया जाने वाला एक ढाँचा है।
B. यह बैंकिंग प्रणाली में अल्पकालिक तरलता का प्रबंधन करने के लिये केंद्रीय बैंक द्वारा निर्धारित रेपो दर और रिवर्स रेपो दर के बीच की सीमा को संदर्भित करता है।
C. यह एक कॉरिडोर है जिसका उपयोग वित्तीय संस्थाओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी मात्रा में धन हस्तांतरित करने के लिये किया जाता है।
D. यह विनियमों का एक समूह है जिसका पालन वाणिज्यिक बैंकों को अपनी तरलता अनुपात को एक निश्चित सीमा से ऊपर बनाए रखने के लिये करना होता है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**तरलता समायोजन सुविधा (Liquidity Adjustment Facility- LAF) कॉरिडोर :**

- **तरलता समायोजन सुविधा (LAF) कॉरिडोर** से तात्पर्य बैंकिंग प्रणाली में **अल्पकालिक तरलता** का प्रबंधन करने के लिये **केंद्रीय बैंक** द्वारा निर्धारित **रेपो दर** और **रिवर्स रेपो** दर के बीच की **सीमा** से है।
- इसे **बैंकिंग सुधारों पर नरसिंहम समिति की रिपोर्ट** की सिफारिश के बाद **वर्ष 2000** में पेश किया गया था।
- LAF कॉरिडोर में **सीमांत स्थायी सुविधा (Marginal Standing Facility- MSF)** दर इसकी **ऊपरी सीमा** (अधिकतम सीमा) है तथा **स्थायी जमा सुविधा (Standing Deposit Facility- SDF)** दर इसकी **निचली सीमा** (नीचे की ओर से) है तथा पॉलिसी **रेपो दर** कॉरिडोर के **मध्य** में है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**58. "कैज़ुअल्टी इन्वेस्टिगेशन कोड" शब्द कभी-कभी समाचारों में किस संदर्भ में देखा जाता है?**

A. गाज़ा में इज़रायली कार्रवाई की जाँच के लिये अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा दिशा-निर्देश।

B. यूक्रेन में रूस का मुकाबला करने के लिये नाटो देशों द्वारा बनाई गई कार्य योजना।

C. समुद्री घटना की सुरक्षा जाँच।

D. जलवायु परिवर्तन के कारण पृथ्वी पर जीवों का विलुप्त होना।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कैज़ुअल्टीइन्वेस्टिगेशनकोड( Casualty Investigation Code ):**

- **दुर्घटना जाँच संहिता** समुद्री दुर्घटनाओं की जाँच के लिये **सर्वोत्तम प्रथाओं** पर आधारित है, जिसे **वर्ष 1997** में **अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन ( International Maritime Organization- IMO )** द्वारा स्थापित किया गया था।
- संहिता का **उद्देश्य** समुद्री दुर्घटनाओं की **व्यवस्थित जाँच** के लिये एक प्रक्रिया तैयार करना, **कारणों का पता लगाना** और उन्हें **प्रकाशित** करना तथा सिफारिशें करना है।
- इस संहिता को **ध्वज राज्यों, तटीय राज्यों** और सामान्य रूप से **शिपिंग उद्योग** के लाभ के लिये वस्तुनिष्ठ समुद्री सुरक्षा **जाँच** की सुविधा प्रदान करने के लिये तैयार किया गया है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**59. विश्व व्यापार संगठन के विवाद निपटान तंत्र के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मंत्रिस्तरीय सम्मेलन, WTO सदस्यों के बीच विवादों से निपटने के लिये विवाद निपटान निकाय (Dispute Settlement Body- DSB) के रूप में आयोजित किया जाता है।
2. विश्व व्यापार संगठन का विवाद निपटान तंत्र एक दो-स्तरीय प्रक्रिया है जिसमें एक पैनल और एक अपीलीय निकाय (Appellate Body- AB) शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विश्व व्यापार संगठन का विवाद निपटान तंत्र:**

- **सामान्य परिषद** WTO सदस्यों के बीच **विवादों** से निपटने के लिये **विवाद निपटान निकाय ( Dispute Settlement Body- DSB )** के रूप में बुलाई जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **विवाद निपटान तंत्र** एक **दो-स्तरीय प्रक्रिया** है जिसमें एक **पैनल** और एक **अपीलीय निकाय ( Appellate Body ( AB )** शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- WTO सदस्य विवाद को निपटाने के लिये एक **पैनल की स्थापना** का अनुरोध कर सकते हैं।
- पैनल एक रिपोर्ट जारी करेगा, जिस पर बाद में कानून के प्रश्नों पर **WTO** के **अपीलीय निकाय** के समक्ष अपील की जा सकेगी।

**अत: विकल्प B सही है।**

**60. निम्नलिखित में से कौन-से देश SAARC और BIMSTEC दोनों में समान हैं?**

1. श्रीलंका
2. भूटान
3. बांग्लादेश
4. म्याँमार

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**SAARC और BIMSTEC:**

- **दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन ( SAARC )** में **आठ** सदस्य देश शामिल हैं, अर्थात् **अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका।**
- **बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के लिये बंगाल की खाड़ी पहल ( BIMSTEC )** में **सात** सदस्य देश शामिल हैं, अर्थात् **बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्याँमार, नेपाल, श्रीलंका** और **थाईलैंड।**
- **पाँच** सदस्य अर्थात् **भारत, नेपाल, श्रीलंका, भूटान** और **बांग्लादेश** दोनों समूहों में **समान** हैं।

**अत: विकल्प A सही है।**

**61. प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी (PMAY- U) योजना निम्नलिखित में से किसके माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है?**

1. लाभार्थी के नेतृत्व में निर्माण/संवर्द्धन (BLC)
2. साझेदारी में किफायती आवास (AHP)
3. इन-सीटू स्लम पुनर्विकास (ISSR)
4. क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना (CLSS)

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**(प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी Pradhan Mantri Awas Yojana- Urban PMAY-U):**

- **प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी (PMAY-U) आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय** द्वारा कार्यान्वित किये जा रहे प्रमुख प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है।
- इस योजना का क्रियान्वयन **चार कार्यक्षेत्रों** के माध्यम से किया जा रहा है:
  - **लाभार्थी के नेतृत्व में व्यक्तिगत आवास निर्माण/संवर्द्धन BLC-N/BLC-E):** EWS श्रेणी से संबंधित पात्र परिवारों को व्यक्तिगत आवास निर्माण/संवर्द्धन के लिये प्रति EWS आवास **1.5 लाख रुपए** तक की केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है।
  - **साझेदारी में किफायती आवास (AHP):** यह विभिन्न श्रेणियों के लिये घरों का मिश्रण हो सकता है, लेकिन यह केंद्रीय सहायता के लिये पात्र होगा, यदि परियोजना में कम-से-कम 35% घर **EWS श्रेणी** के लिये हों।
  - **इन-सीटू स्लम पुनर्विकास (ISSR): निजी डेवलपर्स** की भागीदारी से संसाधन के रूप में भूमि का उपयोग करके ISSR घटक के अंतर्गत **पात्र झुग्गीवासियों** के लिये निर्मित सभी मकानों के लिये **प्रति मकान 1 लाख रुपए** की केंद्रीय सहायता स्वीकार्य है।
  - **क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना (CLSS):** यह नए विनिर्माण या मकान के निर्माण के लिये ऋण राशि पर **ब्याज सब्सिडी** प्रदान करती है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**62. निम्नलिखित में से कौन-सी संविधानवाद की विशेषता नहीं है?**

A. लिखित संविधान
B. सभी संसाधनों पर राज्य का नियंत्रण
C. कानून का शासन
D. न्यायिक समीक्षा

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संविधानवाद:**

- **संविधानवाद** वह विचार है जिसके अनुसार सरकार की **शक्तियाँ सीमित** होनी चाहिये तथा उसका **अधिकार** इन सीमाओं के अनुपालन पर निर्भर करता है।
- इसका **ध्यान** सिर्फ संविधान के निर्माण पर ही नहीं है, बल्कि यह **सुनिश्चित** करने पर भी है कि **सरकार** इसमें उल्लिखित सिद्धांतों और **नियमों** का पालन करे।
- संविधानवाद की **प्रमुख विशेषताएँ हैं:**
  - **लिखित संविधान:** लिखित संविधान उन **सिद्धांतों** और **नियमों** को रेखांकित करता है जिनका सरकार को **पालन** करना चाहिये।
  - **कानून का शासन:** संविधानवाद इस विचार को कायम रखता है कि सरकारी अधिकारियों सहित प्रत्येक नागरिक **कानून के अधीन** है।
  - **न्यायिक समीक्षा:** यह वह **प्रक्रिया** है जिसके द्वारा न्यायालय सरकार के कार्यों की **समीक्षा** कर सकते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे **संवैधानिक** हैं।
- **सभी संसाधनों पर राज्य का नियंत्रण** संविधानवाद की विशेषता नहीं है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**63. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन दमित मुद्रास्फीति को सर्वोतम रूप से वर्णित करता है?**

A. यह वह स्थिति है जहाँ मुद्रास्फीति दर नकारात्मक होती है, जिसके परिणामस्वरूप वस्तुओं एवं सेवाओं के सामान्य मूल्य स्तर में कमी आती है।
B. ऐसा तब होता है जब मुद्रास्फीति को खुले तौर पर स्वीकार नहीं किया जाता है और केवल मौद्रिक नीति उपायों के माध्यम से ही इसका समाधान किया जाता है।

नोट :

C. यह उस स्थिति को संदर्भित करता है जहाँ कीमतों एवं मज़दूरी पर सरकारी नियंत्रण के कारण मुद्रास्फीति अदृश्य हो जाती है, जिससे वे स्वाभाविक रूप से बढ़ने से रुक जाती हैं।

D. यह एक प्रकार की मुद्रास्फीति है जो तब होती है जब वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग अत्यधिक रूप से कम हो जाती है।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**दमित मुद्रास्फीति:**

- **दमित मुद्रास्फीति** से तात्पर्य ऐसी स्थिति से है, जहाँ **कीमतों एवं मज़दूरी पर सरकारी नियंत्रण के कारण मुद्रास्फीति** अदृश्य हो जाती है, जिससे वह **स्वाभाविक रूप से बढ़ने से रुक** जाती हैं।
- **मूल्य तथा मज़दूरी नियंत्रण एवं राशनिंग का उपयोग** अंतर्निहित मुद्रास्फीति दबावों को हटाए बिना **मुद्रास्फीति को रोकने के लिये** किया जाता है।
- यदि **अधिशेष मांग को समाप्त करने के लिये सुधारों को क्रियान्वित नहीं** किया गया, तो **नियंत्रण कम किये जाने पर मुद्रास्फीति में वृद्धि** हो सकती है।

**अतः विकल्प C सही है।**

**64. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मौद्रिक नीति का निर्माण, कार्यान्वयन एवं निगरानी करता है।
2. यह देश में आम जनता की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये भुगतान प्रणालियों के सुरक्षित एवं कुशल तरीकों को प्रस्तुत करता है और उन्हें उन्नत भी बनाता है।
3. यह केंद्र और राज्य सरकारों के लिये व्यापारिक बैंकिंग कार्य करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI):**

- **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के मुख्य कार्य हैं:**
  - **मौद्रिक प्राधिकरण:** यह मौद्रिक नीति का **निर्माण, कार्यान्वयन और निगरानी** करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **भुगतान एवं निपटान प्रणालियों का नियामक तथा पर्यवेक्षक:** यह देश में बड़े पैमाने पर जनता की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये भुगतान प्रणालियों के सुरक्षित एवं कुशल तरीकों को प्रस्तुत करता है और उन्हें उन्नत भी बनाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **सरकार का बैंकर:** यह **केंद्र और राज्य सरकारों के लिये व्यापारी बैंकिंग कार्य** करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**अतः विकल्प D सही है।**

**65. महत्त्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (iCET) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम कंप्यूटिंग सहित क्षेत्रों में सहयोग के लिये भारत तथा यूरोपीय संघ द्वारा सहमत रूपरेखा है।
2. इसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण करना और वस्तुओं के सह-उत्पादन तथा सह-विकास का समर्थन करना है।
3. इसका उद्देश्य तकनीकी सहयोग में तेज़ी लाने के लिये एक नया रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप विकसित करना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**महत्त्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (iCET):**

- **महत्त्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों पर पहल (iCET) एक रूपरेखा है** जिस पर भारत तथा संयुक्त राज्य अमेरिका ने **कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, अर्द्धचालक एवं वायरलेस दूरसंचार सहित** क्षेत्रों में सहमति व्यक्त की है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **आपूर्ति श्रृंखला** बनाने और वस्तुओं के सह-उत्पादन तथा सह-विकास का समर्थन करने के लिये नई दिल्ली एवं वाशिंगटन डी.सी. को **"विश्वसनीय प्रौद्योगिकी साझेदार"** के रूप में स्थापित करना चाहता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका उद्देश्य **संयुक्त विकास और उत्पादन हेतु तकनीकी सहयोग में तेज़ी लाने** के लिये एक नया रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप विकसित करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**अतः विकल्प B सही है।**

66. **निम्नलिखित में से कौन जलवायु परिवर्तन और अंतर्राष्ट्रीय कानून पर लघु द्वीप राज्यों के आयोग (COSIS) के सदस्य हैं?**

1. एंटीगुआ और बारबुडा
2. तुवालु
3. वानुअतु
4. बहामास

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जलवायु परिवर्तन और अंतर्राष्ट्रीय कानून पर लघु द्वीपीय राज्यों का आयोग (COSIS):**

- **जलवायु परिवर्तन और अंतर्राष्ट्रीय कानून पर लघु द्वीपीय राज्यों का आयोग (COSIS)** उन देशों का समूह है जो कम उत्सर्जन करते हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन तथा बढ़ते समुद्री स्तर के प्रभावों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं।
- COSIS का गठन **वर्ष 2021** में ग्लासगो में अंतर्राष्ट्रीय जलवायु वार्ता के दौरान **एंटीगुआ, बारबुडा और तुवालु** द्वारा किया गया था।
- इसके सदस्यों में **एंटीगुआ और बारबुडा, तुवालु, पलाऊ, नियू, वानुअतु, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट** तथा **ग्रेनेडाइंस, सेंट किट्स एवं नेविस व बहामास** शामिल हैं।

**अत: विकल्प D सही है।**

67. **शब्द "शॉर्ट टेक-ऑफ बट अरेस्टेड रिकवरी (STOBAR)" विधि कभी-कभी समाचारों में किस संदर्भ में देखी जाती है?**

A. विमान वाहक
B. पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान (RLV)
C. अनेक स्वतंत्र रूप से लक्षित पुन: प्रवेश यान (MIRV)
D. पृथ्वी के वायुमंडल में उपग्रह का पुन: प्रवेश

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**शॉर्ट टेक-ऑफ बट अरेस्टेड रिकवरी (STOBAR):**

- **शॉर्ट टेक-ऑफ बट अरेस्टेड रिकवरी (STOBAR) एक प्रणाली** है जिसका उपयोग **विमान वाहक के** डेक से **विमान को उतारने और वापस लाने के लिये** किया जाता है।
- इस प्रकार के वाहक में डेक का **अगला हिस्सा ऊपर उठा** होता है, जिससे **एक वक्र** बनता है। इसे **'स्की-जंप'** कहा जाता है।
- यह एक कोणीय स्की-जंप के साथ शॉर्ट टेक-ऑफ लेकिन अरेस्ट रिकवरी या STOBAR तंत्र पर काम करता है।
- इस प्रकार जब कोई विमान रनवे के **अंत में डेक छोड़ता** है, तो वह उसी तल पर सीधा नहीं चलता है। इसके बजाय इस **वक्र के कारण वह ऊपर की ओर उठ** जाता है।
- इससे विमान को **प्रारंभिक अवधि** में ऊँचाई हासिल करने में मदद मिलती है।

**अत: विकल्प A सही है।**

68. **सरकारिया आयोग की सिफारिशों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. राज्यपाल की नियुक्ति संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श के बाद की जानी चाहिये।
B. राज्यपाल को विधानसभा के बाहर अकेले बहुमत के समर्थन के मुद्दे पर निर्णय लेने का जोखिम नहीं उठाना चाहिये।
C. इसने भारत को एक कमज़ोर केंद्र के साथ पूरी तरह से संघीय राज्य में बदलने की मांग को स्वीकार कर लिया।
D. राष्ट्रपति को राज्यों की सहमति से संघ के कार्यकारी कार्यों में से कुछ को सौंपना चाहिये।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सरकारिया आयोग:**

- **राज्यपाल** की **नियुक्ति राष्ट्रपति** द्वारा संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री के **परामर्श** के बाद की जानी चाहिये।
- राज्यपाल को विधानसभा के बाहर **अकेले बहुमत के समर्थन** का मुद्दा तय करने का जोखिम नहीं उठाना चाहिये। उनके लिये समझदारी भरा कदम यही होगा कि वे **सदन के पटल** पर **प्रतिद्वंद्वी दावों** का परीक्षण करवाएँ।
- इसने **केंद्र की शक्ति को कम करने की मांग को अस्वीकार** कर दिया और कहा कि राष्ट्रीय **एकता** तथा **अखंडता** की रक्षा के लिये **केंद्र का सशक्त होना आवश्यक** है।
- राज्यों की सहमति से संघ के कार्यकारी कार्यों में से कुछ **राष्ट्रपति** को सौंपना चाहिये। इससे **"सहकारी संघवाद"** की भावना को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

**अत: विकल्प C सही है।**

**69. मंत्रिपरिषद (CoM) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्य मंत्रियों को या तो मंत्रालयों/विभागों का स्वतंत्र प्रभार दिया जा सकता है या उन्हें कैबिनेट मंत्रियों से संबद्ध किया जा सकता है।
2. उपमंत्रियों को मंत्रालयों/विभागों का स्वतंत्र प्रभार नहीं दिया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**


A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मंत्रिपरिषद (CoM):**

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 74(1)** में कहा गया है कि **राष्ट्रपति** को **सहायता** और **सलाह** देने के लिये **प्रधानमंत्री** के नेतृत्व में एक **मंत्रिपरिषद** होगी। यह भारत सरकार का प्रमुख कार्यकारी अंग है।




- **राज्य मंत्रियों** को या तो मंत्रालयों/विभागों का **स्वतंत्र प्रभार** दिया जा सकता है या उन्हें कैबिनेट मंत्रियों से **जोड़ा** जा सकता है। आमतौर पर वे कैबिनेट मंत्रियों की **देख-रेख** और मार्गदर्शन में काम करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **उपमंत्री** सबसे निचले दर्जे के होते हैं। उन्हें मंत्रालयों/विभागों का **स्वतंत्र प्रभार नहीं** दिया जाता। **अतः कथन 2 सही है।**
  - वे आमतौर पर कैबिनेट मंत्रियों या राज्य मंत्रियों के **प्रशासनिक, राजनीतिक और संसदीय कर्त्तव्यों** में **सहायता** के लिये उनके साथ जुड़े होते हैं।

**70. जल संकट के संदर्भ में "डे ज़ीरो" शब्द का क्या अर्थ है?**

A. वह दिन जब कोई क्षेत्र पूर्ण जल आत्मनिर्भरता प्राप्त कर लेता है।
B. वह दिन जब जलाशय भर जाते हैं और जल पर प्रतिबंध हटा दिये जाते हैं।
C. वह दिन जब किसी क्षेत्र के सभी घरों में नल के जल का कनेक्शन मिलता है।
D. वह दिन जब नगर निगम की जल आपूर्ति समाप्त होने की उम्मीद होती है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**डे ज़ीरो:**

- **डे ज़ीरो** वह स्थिति है जब नलों में **जल नहीं** होगा और जल का उपयोग केवल **आवश्यक सेवाओं** के लिये ही सीमित हो जाएगा।
- यह वह दिन है जब **नगर निगम की जल आपूर्ति समाप्त होने** की आशंका रहती है।
- डे ज़ीरो वह दिन है जब **शहर के अधिकांश नल सचमुच बंद** हो जाएंगे।
- यह एक महत्त्वपूर्ण मोड़ है जो **जल संकट** की गंभीरता को **प्रकट** करता है।

**अतः विकल्प D सही है।**

**71. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. कृषि उत्पाद
2. बैंकिंग
3. बौद्धिक संपदा अधिकार (Intellectual Property Rights- IPR)
4. निवेश

**उपर्युक्त में से किसे मुक्त व्यापार समझौतों (FTA) के अंतर्गत शामिल किया जा सकता है?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मुक्त व्यापार समझौतें (FTA):**

- **मुक्त व्यापार समझौते (FTA) दो या दो से अधिक देशों** या **व्यापारिक ब्लॉकों** के बीच की व्यवस्थाएँ हैं जो मुख्य रूप से उनके बीच पर्याप्त व्यापार पर **सीमा शुल्क** और **गैर टैरिफ बाधाओं** को **कम** करने या समाप्त करने के लिये सहमत होती हैं।

नोट :

- FTA में सामान्यत: **वस्तुओं** का व्यापार (जैसे- **कृषि** या औद्योगिक उत्पाद) या **सेवाओं** का व्यापार (जैसे- **बैंकिंग**, निर्माण, व्यापार आदि) **शामिल** होता है।
- FTA में **बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR), निवेश**, सरकारी खरीद और प्रतिस्पर्द्धा नीति आदि जैसे अन्य क्षेत्र भी शामिल हो सकते हैं।

**अत: विकल्प D सही है।**

**72. तरलता कवरेज अनुपात (Liquidity Coverage Ratio- LCR) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. बैंक की लाभप्रदता बढ़ाने के लिये

B. यह सुनिश्चित करने के लिये कि बैंक के पास 30-दिन के तनावग्रस्त वित्तपोषण परिदृश्य का सामना करने के लिये उच्च-गुणवत्ता वाली तरल परिसंपत्तियों का पर्याप्त स्तर है

C. बैंक के निवेश पोर्टफोलियो को बढ़ाने के लिये

D. बैंक की पूंजी आवश्यकताओं को कम करने के लिये

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**तरलता कवरेज अनुपात (Liquidity Coverage Ratio- LCR):**

- **तरलता कवरेज अनुपात (LCR)** को यह सुनिश्चित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है कि बैंकों के पास **उच्च गुणवत्ता वाली तरल परिसंपत्तियों (HQLA)** का **पर्याप्त भंडार** हो, ताकि वे **30 कैलेंडर दिनों** तक चलने वाले महत्त्वपूर्ण **तरलता तनाव** की अवधि में जीवित रह सकें।
- LCR के तहत **अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय बैंकों** को HQLA का स्टॉक कम-से-कम रखना होगा, जितना कि तनाव की अवधि में अपेक्षित **कुल शुद्ध नकदी बहिर्वाह** के बराबर हो।
- HQLA **नकदी** या **परिसंपत्तियाँ** हैं जिन्हें बिक्री के माध्यम से (या संपार्श्विक के रूप में गिरवी रखकर) बिना किसी महत्त्वपूर्ण मूल्य हानि के **शीघ्रता से नकदी** में परिवर्तित किया जा सकता है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**73. भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 के तहत नियमों के प्रशासन और समन्वय के लिये ज़िम्मेदार हैं।
2. इसका प्राथमिक उद्देश्य प्रत्येक मंत्रालय और विभाग की ज़िम्मेदारियों को रेखांकित करना है।
3. इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 74 के तहत जारी किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961:**

- **कैबिनेट सचिवालय भारत सरकार (कार्य संचालन) नियम, 1961** के प्रशासन के लिये ज़िम्मेदार है, जो **सरकार के मंत्रालयों/विभागों में कार्य के सुचारु संचालन** को सुगम बनाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका **प्राथमिक उद्देश्य** प्रत्येक मंत्रालय और विभाग की **ज़िम्मेदारियों को रेखांकित** करना है। यह प्रत्येक मंत्रालय/विभाग, कैबिनेट एवं उसकी समितियों व भारत के प्रधानमंत्री के अधिकार, ज़िम्मेदारी तथा दायित्वों को परिभाषित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 77 के खंड (3) के तहत** जारी किया गया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**अत: विकल्प A सही है।**

**74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NGO प्रथम ने उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (AISHE) जारी किया।
2. AISHE में भारतीय क्षेत्र में स्थित सभी उच्च शिक्षण संस्थान शामिल हैं जो देश में उच्च शिक्षा प्रदान करते हैं।
3. AISHE 2018-19 में पहली बार उच्च शिक्षा संस्थानों (HEI) ने पूरी तरह से ऑनलाइन डेटा संग्रह प्लेटफॉर्म का उपयोग करके डेटा एकत्र किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (AISHE):**

- **शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (AISHE)** जारी करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **AISHE भारतीय क्षेत्र में स्थित सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को कवर** करता है और देश में उच्च शिक्षा प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पहली बार **AISHE 2020-21 में** उच्च शिक्षा संस्थानों (HEI) ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) के माध्यम से **उच्च शिक्षा विभाग** द्वारा विकसित **वेब डेटा कैप्चर प्रारूप (DCF)** के माध्यम से पूरी तरह से **ऑनलाइन डेटा संग्रह प्लेटफार्म का उपयोग** करके डेटा एकत्र किया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**अत: विकल्प B सही है।**

**75. केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. यह संचार मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है।
2. फिल्मों को भारत में सार्वजनिक रूप से तभी प्रदर्शित किया जा सकता है जब उन्हें CBFC द्वारा प्रमाणित किया गया हो।
3. इसमें गैर-आधिकारिक सदस्य और एक अध्यक्ष शामिल हैं तथा इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC):**

- **केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय** के तहत एक वैधानिक निकाय है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952** के प्रावधानों के तहत फिल्मों के **सार्वजनिक प्रदर्शन को नियंत्रित करता** है। भारत में फिल्मों को **सार्वजनिक रूप से तभी प्रदर्शित** किया जा सकता है जब उन्हें CBFC द्वारा प्रमाणित किया गया हो। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसमें **गैर-आधिकारिक सदस्य और एक अध्यक्ष** (जिनमें से सभी को **केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त** किया जाता है) शामिल होता हैं तथा इसका **मुख्यालय मुंबई** में है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**अत: विकल्प A सही है।**

**76. नियंत्रण रेखा (LoC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत और पाकिस्तान के जम्मू-कश्मीर के नियंत्रित भागों के बीच स्थित एक भौगोलिक रेखा है।
2. यह भारत और पाकिस्तान के बीच कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय सीमा है।
3. 1972 के शिमला समझौते के बाद इस रेखा का आधिकारिक नाम बदलकर "युद्ध विराम रेखा" से "नियंत्रण रेखा" कर दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नियंत्रण रेखा (LoC):**

- **नियंत्रण रेखा (LoC)** भारत और पाकिस्तान के **जम्मू-कश्मीर** के नियंत्रित भागों के बीच स्थित एक **भौगोलिक रेखा** है। यह अधिकांश भागों में कँटेदार तारों की भारी कुंडलियों से ढकी हुई है, जो भारत द्वारा लगाई गई एक बाड़ है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **भारत और पाकिस्तान के बीच कानूनी रूप** से मान्यता प्राप्त **अंतर्राष्ट्रीय सीमा नहीं** है। इसे एक अनंतिम अंतर्राष्ट्रीय सीमा माना जाता था जिस पर दोनों देशों ने सहमति जताई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 1972 के **शिमला समझौते** के बाद इस **रेखा का आधिकारिक नाम बदलकर "युद्ध विराम रेखा"** से **"नियंत्रण रेखा" कर दिया** गया। **अत: कथन 3 सही है।**

**अत: विकल्प C सही है।**

**77. द रेज़िस्टेंस फ्रंट (TRF) जो कभी-कभी समाचारों में दिखाई देता है:**

A. मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) निकाय

B. एक पर्यावरण वकालत समूह

C. यूक्रेन द्वारा गठित नई सैन्य शाखा

D. भारत में एक आतंकवादी समूह

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**द रेज़िस्टेंस फ्रंट (TRF):**

- **द रेज़िस्टेंस फ्रंट (TRF)** जम्मू-कश्मीर में सक्रिय एक **आतंकवादी समूह** है। इसकी उत्पत्ति **लश्कर-ए-तैयबा (LeT) की एक शाखा** के रूप में हुई थी।
- यह लश्कर के अलावा **तहरीक-ए-मिल्लत इस्लामिया** और **गजनवी हिंद सहित विभिन्न संगठनों** का एक समामेलन है।
- भारत सरकार ने **गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम,** 1967 के तहत **द रेज़िस्टेंस फ्रंट (TRF)** को एक **"आतंकवादी संगठन"** घोषित किया है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**78. कुल कारक उत्पादकता (TFP) में वृद्धि निम्नलिखित में से क्या दर्शाती है?**

A. उपयोग किये गए इनपुट की मात्रा में वृद्धि

B. इनपुट में संगत वृद्धि के बिना आउटपुट में वृद्धि

C. उत्पादन दक्षता में कमी

D. इनपुट में वृद्धि के बावजूद आउटपुट में कमी

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कुल कारक उत्पादकता (TFP):**

- **कुल कारक उत्पादकता (TFP) उत्पादक दक्षता** का एक माप है। यह मापता है कि एक निश्चित मात्रा में इनपुट से कितना उत्पादन किया जा सकता है।
- TFP, **आउटपुट के उत्पादन में प्रयुक्त कुल इनपुट के सापेक्ष कुल आउटपुट** की तुलना करता है।
- **TFP में वृद्धि** इनपुट में वृद्धि के **बिना आउटपुट में वृद्धि** को इंगित करती है
- TFP में वृद्धि का अर्थ है **उत्पादन मात्रा में वृद्धि,** जो इनपुट **उपयोग में वृद्धि से उत्पन्न नहीं** होती है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**79. निम्नलिखित में से कौन-से देश ग्रुप ऑफ सेवन (G7) देशों के सदस्य नहीं हैं?**

1. भारत
2. संयुक्त राज्य अमेरिका
3. जापान
4. मेक्सिको

**नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 4

D. केवल 3 और 4

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सात देशों का समूह (G7):**

- **सात देशों का समूह (G7) औद्योगिक लोकतंत्रों** का एक अनौपचारिक समूह है।
- इसमें **फ्राँस, जर्मनी, इटली, यूनाइटेड किंगडम, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा** शामिल हैं।
- **भारत और मैक्सिको G7 देशों का हिस्सा नहीं हैं।**
- G7 सदस्य देशों (EU को छोड़कर) का **सकल घरेलू उत्पाद (GDP) नाममात्र रूप में वैश्विक अर्थव्यवस्था का लगभग 43%** है, जो तीन दशक पहले के लगभग 70% से कम है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**80. बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (VSHORADS) मिसाइल प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम (MANPAD) है।
2. इसमें कई नवीन तकनीकें शामिल हैं, जैसे कि लघुकृत प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (RCS)।
3. कम दूरी के निम्न ऊँचाई वाले हवाई खतरों को निष्प्रभावी करने वाली यह मिसाइल डुअल थ्रस्ट ठोस मोटर द्वारा संचालित होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (VSHORADS) मिसाइल प्रणाली:**

- **बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (VSHORADS)** मिसाइल सिस्टम एक **मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम (MANPAD) है** जिसे **रिसर्च सेंटर इमारत (RCI) द्वारा स्वदेशी** रूप से डिज़ाइन और विकसित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें **लघुकृत प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (RCS)** और एकीकृत एवियोनिक्स सहित कई **नवीन तकनीकें** शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- कम दूरी के निम्न ऊँचाई वाले **हवाई खतरों को निष्प्रभावी करने वाली यह मिसाइल डुअल थ्रस्ट ठोस मोटर** द्वारा संचालित होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**अतः विकल्प D सही है।**

**81. डॉ. के. बी. हेडगेवार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने वर्ष 1925 में नासिक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की स्थापना की।
2. वह अनुशीलन समिति के पूर्व सदस्य थे।
3. वह वी. डी. सावरकर की हिंदुत्व नामक पुस्तक से बहुत प्रभावित थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS):**

- **राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS)** की स्थापना **डॉ. के. बी. हेडगेवार ने वर्ष 1925 में नागपुर** में की थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **डॉ. के. बी. हेगड़ेवार अनुशीलन समिति** के पूर्व सदस्य थे, जहाँ उन्होंने प्रशिक्षण लिया था। वे **वर्ष 1918 में होम रूल अभियान** में भागीदार थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- डॉ. के. बी. हेगड़ेवार वी. डी. सावरकर की **हिंदुत्व** नामक पुस्तक से बहुत प्रभावित थे और उन्होंने रत्नागिरी जेल में सावरकर से मुलाकात (1925) की थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**82. भारतीय राज्य मणिपुर की सीमा इसके साथ नहीं लगती।**

A. नगालैंड
B. मिज़ोरम
C. असम
D. त्रिपुरा

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मणिपुर:**

- भारतीय राज्य **मणिपुर देश** के **पूर्वोत्तर भाग** में स्थित है।
- मणिपुर उत्तर में **नगालैंड**, दक्षिण में **मिज़ोरम** और पश्चिम में **असम** से घिरा हुआ है।
- इसकी सीमा पूर्व में **म्याँमार के सागाइंग** क्षेत्र और दक्षिण में **चीन** राज्य से भी लगती है।
- **त्रिपुरा पूर्वोत्तर भारत** में एक **स्थलरुद्ध** राज्य है। मणिपुर की **सीमा त्रिपुरा से नहीं** लगती।

**अतः विकल्प D सही है।**



**83. यूरोपीय संसद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित यूरोपीय संघ (EU) निकाय है, जिसके पास विधायी, पर्यवेक्षी और बजटीय ज़िम्मेदारियाँ हैं।
2. यूरोपीय संसद के सदस्यों (MEP) को यूरोपीय संसद में राष्ट्रीयता के आधार पर समूहीकृत किया जाता है।
3. प्रत्येक देश के लिये MEP की संख्या आमतौर पर उसकी जनसंख्या के अनुपात में होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**यूरोपीय संसद:**

- **यूरोपीय संसद** एक **प्रत्यक्ष** रूप से निर्वाचित **यूरोपीय संघ निकाय** है जिसके पास **विधायी, पर्यवेक्षी और बजटीय ज़िम्मेदारियाँ** हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **यूरोपीय संसद के सदस्यों (Members of the European Parliament- MEP)** को राष्ट्रीयता के आधार पर नहीं बल्कि **राजनीतिक संबद्धता** के आधार पर समूहीकृत किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रत्येक देश के लिये **MEP की संख्या आमतौर** पर उसकी जनसंख्या के अनुपात में होती है। किसी भी देश में **6 से कम या 96 से ज़्यादा MEP नहीं** हो सकते और कुल संख्या 750 (राष्ट्रपति को छोड़कर) से ज़्यादा नहीं हो सकती। **अत: कथन 3 सही है।**

**84. मेटाबोलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीटोहेपेटाइटिस (MASH) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह लीवर में अतिरिक्त वसा कोशिकाओं के कारण होने वाली सूजन है।
2. यह मुख्य रूप से अत्यधिक शराब के सेवन से जुड़ा हुआ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मेटाबोलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीटोहेपेटाइटिस (MASH):**

- **मेटाबोलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीटोहेपेटाइटिस (MASH)** लीवर में होने वाली सूजन है जो इसमें मौजूद अतिरिक्त वसा कोशिकाओं (स्टीटोटिक लीवर रोग) के कारण होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह मुख्य रूप से चयापचय संबंधी **विकारों से जुड़ा** हुआ है, जैसे- मोटापा या **मधुमेह**, जिसके **परिणामस्वरूप यकृत** में वसा का **विषाक्त निर्माण** होता है। पहले MASH को गैर-अल्कोहल संबंधी स्टीटोहेपेटाइटिस (NASH) के रूप में जाना जाता था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**85. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **अनुच्छेद** | | **विषय - वस्तु** |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुच्छेद 352 | a. | आपातकाल की घोषणा का प्रभाव |
| 2. | अनुच्छेद 358 | b. | आपातकाल के दौरान अनुच्छेद 19 के प्रावधानों का निलंबन |
| 3. | अनुच्छेद 360 | c. | वित्तीय आपातकाल के संबंध में प्रावधान |

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**आपातकालीन प्रावधान:**

- **अनुच्छेद 352 (आपातकाल की घोषणा)** राष्ट्रपति को यह शक्ति प्रदान करता है कि यदि वह इस बात से संतुष्ट हो जाए कि भारत की **सुरक्षा खतरे** में है तो वह आपातकाल की घोषणा कर सकता है।

नोट :

- **अनुच्छेद 353 (आपातकाल की घोषणा का प्रभाव)** देश में आपातकाल की घोषणा होने पर उत्पन्न होने वाले **परिणामों और निहितार्थों को रेखांकित** करता है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- **अनुच्छेद 358** आपातकाल की घोषणा होने पर संविधान के **अनुच्छेद 19 के तहत गारंटीकृत** छह मौलिक अधिकारों के स्वत: निलंबन का प्रावधान करता है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 360** राष्ट्रपति को **वित्तीय आपातकाल लागू** करने का अधिकार देता है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**अत: विकल्प C सही है।**

**86. समुद्री दावों के लिये दायित्व की सीमा पर कन्वेंशन (LLMC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?**

A. LLMC कन्वेंशन एक ऐसा ढाँचा स्थापित करता है जो जहाज़ मालिकों को जहाज़ के टन भार के आधार पर समुद्री दावों के लिये अपनी देयता को सीमित करने की अनुमति देता है।

B. इसने समुद्री जहाज़ों के मालिकों की देयता की सीमा, 1957 से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन को प्रतिस्थापित किया।

C. LLMC के तहत, कवर किये गए दावों के लिये देयता काफी हद तक बढ़ जाती है।

D. जहाज़ मालिक और बचावकर्त्ता सभी परिस्थितियों में अपनी देयता को सीमित कर सकते हैं।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**समुद्री दावों के लिये दायित्व की सीमा पर कन्वेंशन (LLMC):**

- **समुद्री दावों के लिये देयता की सीमा पर कन्वेंशन (LLMC)** एक ढाँचा स्थापित करता है जो **जहाज़ मालिकों** को जहाज़ के टन भार के आधार पर **समुद्री दावों हेतु अपने दायित्व** को सीमित करने की अनुमति देता है।
- इसने **समुद्री जहाज़ों के मालिकों के दायित्व की सीमा** से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का स्थान लिया, जिस पर वर्ष 1957 में ब्रुसेल्स में हस्ताक्षर किये गये थे और वर्ष यह 1968 में लागू हुआ।
- LLMC के अंतर्गत कवर किये गए दावों के लिये **देयता की सीमा,** कुछ मामलों में **250-300%** तक बढ़ा दी गई है।
- **जहाज़ के मालिक** और बचावकर्त्ता अपने **दायित्व को सीमित कर** सकते हैं, सिवाय इसके कि "यह साबित हो जाए कि नुकसान उनके **व्यक्तिगत कार्य या चूक के कारण** हुआ है, जो नुकसान पहुँचाने के इरादे से किया गया था या लापरवाही से तथा इस ज्ञान के साथ किया गया था कि ऐसा नुकसान संभवत: होगा"।

**अत: विकल्प D सही है।**

**87. निम्नलिखित में से कौन-सा राउंड ट्रिपिंग लेन-देन का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. टैरिफ से बचने के लिये विभिन्न देशों में दो कंपनियों के बीच वस्तुओं का अवैध आदान-प्रदान।

B. राजस्व बढ़ाने या वित्तीय विवरणों में हेर-फेर करने के लिये फंड को एक कंपनी से दूसरी कंपनी में और फिर वापस मूल कंपनी में ले जाया जाता है।

C. ऐसी प्रक्रिया जिसमें कोई कंपनी लागत कम करने के लिये अपने विनिर्माण कार्यों को आउटसोर्स करती है।

D. कम मूल्य अंतर का लाभ उठाने के लिये प्रतिभूतियों की तेज़ी से खरीद और बिक्री से जुड़ी निवेश रणनीति।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राउंड ट्रिपिंग लेन-देन:**

- **राउंड ट्रिपिंग लेन-देन** एक वित्तीय चाल है, जिसमें राजस्व बढ़ाने या **वित्तीय विवरणों में हेर-फेर** करने के लिये धन को एक कंपनी से **दूसरी कंपनी में स्थानांतरित** किया जाता है और फिर वापस मूल कंपनी में लाया जाता है।
- यह **परिसंपत्तियों** की **अदला-बदली या फर्ज़ी लेन-देन** के माध्यम से राजस्व बढ़ाने का एक अनैतिक तरीका है, जो आमतौर पर **आपसी समझौते के माध्यम से बिना लाभ के आधार** पर किया जाता है।
- इस प्रक्रिया में **एक इकाई दूसरी इकाई को परिसंपत्तियाँ** बेचकर राजस्व अर्जित करने का प्रदर्शन करती है, जबकि **दूसरी इकाई से वादा करती** है कि वह बाद में **उन्हीं परिसंपत्तियों को वापस खरीद** लेगी।

**अत: विकल्प B सही है।**

**88. पेटेंट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेटेंट एक ऐसा विशेष अधिकार है जो किसी आविष्कार के लिये दिया जाता है जो कोई उत्पाद या प्रक्रिया हो सकती है और किसी काम को करने का एक नया तरीका प्रदान करती है।
2. पेटेंट स्वामी के पास पेटेंट किये गए आविष्कार का व्यावसायिक रूप से दोहन करने से दूसरों को रोकने का विशेष अधिकार है।
3. पेटेंट अधिकार वैश्विक स्तर पर लागू होते हैं, चाहे वह कोई भी देश या क्षेत्र हो जिसमें पेटेंट दायर किया गया हो और प्रदान किया गया हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पेटेंट:**

- **पेटेंट** एक आविष्कार के लिये दिया गया **विशेष अधिकार** है, जो एक **उत्पाद** या एक **प्रक्रिया** के समान है यह सामान्य रूप से कुछ करने का **नया तरीका प्रदान** करता है या किसी समस्या का एक नया तकनीकी समाधान प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **पेटेंट स्वामी के पास पेटेंट** किये गए आविष्कार का व्यावसायिक रूप से दोहन करने से दूसरों को रोकने का विशेष अधिकार है। पेटेंट स्वामी की सहमति के बिना **आविष्कार को दूसरों द्वारा** व्यावसायिक रूप से बनाया, उपयोग, वितरित, आयात या बेचा नहीं जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- पेटेंट **क्षेत्रीय अधिकार** हैं। सामान्य तौर पर अनन्य अधिकार केवल उस देश या क्षेत्र में लागू होते हैं जिसमें पेटेंट दायर किया गया है और उस **देश या क्षेत्र के कानून के अनुसार** प्रदान किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**89. संथाल जनजाति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संथाल भारत में सबसे बड़ा अनुसूचित जनजाति समुदाय है।
2. वे जाहेर नामक पवित्र उपवन में पूजा-अर्चना करते हैं।
3. दामोदर नदी संथाल के धार्मिक जीवन चक्र में एक विशेष स्थान रखती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संथाल जनजाति:**

- **संथाल** भारत में **गोंड और भील के बाद तीसरा सबसे बड़ा अनुसूचित जनजाति** समुदाय है। संथाली आबादी ज़्यादातर **झारखंड, ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल** में फैली हुई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वे प्रकृति की पूजा करते हैं और अपने **स्वयं के धर्म, सरना** का पालन करते हैं। उनके पास कोई मंदिर या पूजा स्थल नहीं है तथा वे **जाहेर** नामक पवित्र उपवन में पूजा करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **दामोदर नदी** संथाल के धार्मिक जीवन चक्र में एक **विशेष स्थान** रखती है। जब कोई संथाल मर जाता है, तो उसकी **राख और अस्थियों** को शांतिपूर्ण जीवन के लिये **दामोदर नदी** में विसर्जित कर दिया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**90. निम्नलिखित में से कौन-सा तेवरम और तिरुवक्कम का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. गीतों का संकलन
B. प्राचीन भारत में बंदरगाह
C. जैन संप्रदाय
D. गुफा चित्रकारी

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**तेवरम और तिरुवक्कम:**

- **7वीं से 9वीं शताब्दी** के बीच नये धार्मिक आंदोलनों का उदय हुआ, जिनका नेतृत्व **नयनारों** (शिव के भक्त संत) और **अलवारों** (विष्णु के भक्त संत) ने किया।
- **63 नयनार** थे, जो विभिन्न जाति पृष्ठभूमि से संबंधित थे जैसे- कुम्हार, **"अछूत"** श्रमिक, किसान, शिकारी, सैनिक, **ब्राह्मण** और मुखिया।
  - इनमें सबसे प्रसिद्ध थे **अप्पार, संबंदर, सुन्दरार और मणिक्कवसागर।**
  - उनके गीतों के **दो संकलन** हैं, **अर्थात् तेवरम और तिरुवक्कम।**

**अतः विकल्प A सही है।**

**91. कुवैत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अरब प्रायद्वीप पर स्थित है और ईरान, इराक तथा सऊदी अरब के साथ भूमि सीमा साझा करता है।
2. फारस की खाड़ी का सबसे बड़ा द्वीप केशम कुवैत का है।
3. कुवैत खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) और अरब राज्यों के लीग का सदस्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कुवैत:**

- **कुवैत, अरब प्रायद्वीप** पर स्थित है और **इराक** तथा **सऊदी अरब** के साथ भूमि सीमा साझा करता है। यह ईरान के साथ समुद्री सीमा साझा करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- फारस की खाड़ी का सबसे बड़ा द्वीप **केशम** ईरान का है। यह **होर्मुज़ जलडमरूमध्य** में एक **तीर के आकार** का ईरानी द्वीप है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कुवैत **खाड़ी सहयोग परिषद (GCC)** के छह सदस्य देशों में से एक है और **अरब राष्ट्र संघ का सदस्य देश** है। **अतः कथन 3 सही है।**

**92. निम्नलिखित में से कौन-सा कफाला प्रणाली की प्राथमिक विशेषता का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. प्रवासी श्रमिक बिना किसी प्रतिबंध के स्वतंत्र रूप से नियोक्ता बदल सकते हैं।
B. प्रवासी श्रमिकों की कानूनी स्थिति उनके नियोक्ता या प्रायोजक से जुड़ी होती है।
C. प्रवासी श्रमिकों को न्यूनतम मज़दूरी और श्रम अधिकारों की गारंटी प्रदान की जाती है।
D. नियोक्ताओं को एक निश्चित अवधि के बाद प्रवासी श्रमिकों को स्थायी निवास प्रदान करना आवश्यक है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कफाला प्रणाली:**

- **'कफाला' प्रणाली** एक कानूनी ढाँचा है जो अधिकांश **अरब खाड़ी देशों** में निजी नागरिकों और **कंपनियों** को **प्रवासी श्रमिकों** के रोज़गार तथा आव्रजन स्थिति पर लगभग **पूर्ण नियंत्रण** प्रदान करता है।
- **प्रवासी** श्रमिकों की **कानूनी स्थिति उनके नियोक्ता या प्रायोजक** से जुड़ी होती है।
- इसका उपयोग **खाड़ी सहयोग परिषद (GCC)** देशों अर्थात् बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के साथ-साथ **जॉर्डन** तथा **लेबनान** में भी किया गया है।

**अतः विकल्प B सही है।**

**93. भारतीय मध्यस्थता एवं मध्यस्थता संस्थान (IISM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह केवल अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता, मध्यस्थता और बातचीत सेवाएँ प्रदान करता है।
2. IIAM भारत में पंजीकृत एक गैर-लाभकारी संगठन है।
3. IIAM भारत में पहला संस्थान है जिसे IMI प्रमाणन हेतु मध्यस्थों को योग्य बनाने के लिये अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता संस्थान (IMI) द्वारा अनुमोदित किया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय मध्यस्थता एवं मध्यस्थता संस्थान (IISM):**

- **इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्बिट्रेशन एंड & मीडिएशन (IIAM) घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय** वाणिज्यिक मध्यस्थता, मध्यस्थता और बातचीत सेवाएँ प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- IIAM भारत में पंजीकृत एक **गैर-लाभकारी संगठन** है और इसकी गतिविधियाँ वर्ष 2001 में शुरू हुईं। **अतः कथन 2 सही है।**
- IIAM भारत में पहला संस्थान है जिसे IIAM प्रमाणन के लिये मध्यस्थों को योग्य बनाने हेतु अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता संस्थान (IIAM) द्वारा अनुमोदित किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**94. तंजावुर थलायट्टी बोम्मई के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दक्षिण भारत की छड़ी कठपुतली का एक रूप है।
2. यह धीमी गति से दोलन के साथ नृत्य जैसी निरंतर गति उत्पन्न करता है।
3. इसे अक्सर नवरात्रि के त्यौहार के दौरान प्रदर्शित किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. केवल 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**तंजावुर थलायट्टी बोम्मई:**

- **तंजावुर थलायट्टी बोम्मई** (तंजावुर नृत्य गुड़िया) तंजौर, तमिलनाडु का एक **स्वदेशी खिलौना शिल्प रूप** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- गुड़िया का **गुरुत्वाकर्षण केंद्र** और कुल वजन उसके सबसे **निचले बिंदु पर केंद्रित** होता है, जिससे धीमी **गति से दोलन** के साथ नृत्य जैसी **निरंतर गति उत्पन्न** होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इन्हें अक्सर **नवरात्रि** के त्यौहार के दौरान **प्रदर्शित** किया जाता है, जहाँ गुड़ियों की एक शृंखला को एक कदम की तरह व्यवस्थित किया जाता है जिसे "गोलू" के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**95. क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप (CDS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक प्रकार का क्रेडिट डेरिवेटिव है जो खरीदार को डिफॉल्ट और अन्य जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करता है।
2. CDS का खरीदार क्रेडिट परिपक्वता तिथि तक विक्रेता को आवधिक भुगतान करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप (CDS):**

- **क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप (CDS)** एक प्रकार का **क्रेडिट डेरिवेटिव** है जो **खरीदार को डिफॉल्ट** और अन्य जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **CDS का क्रेता विक्रेता** को क्रेडिट परिपक्वता तिथि तक **आवधिक भुगतान** करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- समझौते में विक्रेता यह वचन देता है कि यदि ऋण जारीकर्त्ता चूक करता है, तो विक्रेता क्रेता को परिपक्वता तिथि तक चुकाए गए सभी प्रीमियम और ब्याज का भुगतान करेगा।

**96. विश्व व्यापार संगठन (WTO) द्वारा तैयार, मूल नियम का उपयोग किया जाता है:**

1. एंटी-डंपिंग शुल्क और सुरक्षा उपायों को लागू करना
2. आयातित उत्पादों के लिये सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (MFN) उपचार निर्धारित करना
3. लेबलिंग और अंकन आवश्यकताओं के लिये

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर कीजिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**उत्पत्ति के नियम:**

- **"उत्पत्ति के नियम"** वे मानदंड हैं जिनका उपयोग यह परिभाषित करने के लिये किया जाता है कि कोई **उत्पाद** कहाँ बनाया गया था।
- ये नियम माल की **आर्थिक राष्ट्रीयता** को परिभाषित करते हैं।
- उत्पत्ति के नियमों का उपयोग किया जाता है:
  - **वाणिज्यिक नीति के उपायों और साधनों जैसे कि एंटी-डंपिंग शुल्क** और सुरक्षा उपायों को लागू करना। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह निर्धारित करने के लिये कि आयातित उत्पादों को **सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (MFN)** या अधिमान्य उपचार प्राप्त होगा या नहीं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - व्यापार सांख्यिकी के प्रयोजनार्थ।
  - **लेबलिंग और अंकन** आवश्यकताओं के आवेदन के लिये। **अतः कथन 3 सही है।**
  - सरकारी खरीद के लिये।

**97. अंतर-राज्यीय परिषद के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन संविधान के अनुच्छेद 263 के तहत किया गया था, जिसमें उल्लेख है कि आवश्यकता होने पर संसद ऐसे निकाय का गठन कर सकती है।
2. इसका गठन भारत में केंद्र-राज्य के साथ अंतर-राज्य समन्वय एवं सहयोग को बढ़ावा देने हेतु किया गया था।
3. पुंछी आयोग ने सुझाव दिया कि इस परिषद को एक स्थायी निकाय के रूप में बने रहना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अंतर-राज्यीय परिषद:**

- **अंतर-राज्यीय परिषद** का गठन **संविधान के अनुच्छेद 263** के तहत किया गया था, जिसमें उल्लेख है कि आवश्यकता होने पर **राष्ट्रपति** ऐसे निकाय का गठन कर सकते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका गठन भारत में केंद्र-राज्य के साथ अंतर-राज्य समन्वय एवं सहयोग को बढ़ावा देने हेतु किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वर्ष 1988** में **सरकारिया आयोग** ने सुझाव दिया कि इस परिषद को एक **स्थायी निकाय** के रूप में बने रहना चाहिये और **वर्ष 1990** में यह **राष्ट्रपति के आदेश के माध्यम से इसे अस्तित्व** में लाया गया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**98. निवेश के आलोक में निम्नलिखित में से कौन- सा भारतीय संदर्भ में, PN3 प्रस्तावों का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. इसके लिये सभी प्रस्तावित निवेशों हेतु पर्यावरणीय स्थिरता का गहन मूल्यांकन आवश्यक है।
B. इसके अनुसार सभी निवेश प्रस्तावों में स्वीकृति से पहले जोखिम मूल्यांकन एवं शमन रणनीतियों को शामिल किया जाना चाहिये।
C. PN3 के अनुसार सभी निवेश प्रस्तावों की स्वीकृति से पहले निवेश पर न्यूनतम अनुमानित प्रतिफल (ROI) को ध्यान में रखना आवश्यक है।
D. इसके लिये FDI नीति के अनुसार सरकार से पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**PN3 प्रस्ताव:**

- PN3 प्रस्ताव ऐसे प्रस्ताव हैं जिनके लिये **वर्ष 2020 में संशोधित FDI नीति के प्रावधानों** के तहत सरकार की पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता होती है।
- इसका उद्देश्य भारत (पड़ोसी देशों) के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से होने वाले **"अवसरवादी" प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)** को सीमित करना है।
- PN3 के तहत यह शामिल है कि यदि कोई निवेश करने वाली इकाई भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश में स्थित है या इस निवेश का लाभ प्राप्त करने वाला स्वामी भारत में हो या ऐसे किसी पड़ोसी देश का नागरिक हो तब, **FDI की अनुमति केवल सरकार की पूर्व स्वीकृति** से ही दी जाएगी।

**अतः विकल्प D सही है।**

**99. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये?**

1. इसकी स्थापना भारतीय सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत सोसायटी के रूप में की गई थी।
2. इसका मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और भर्ती के लिये प्रवेश परीक्षा आयोजित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA):**

- **राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA)** की स्थापना **भारतीय सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860** के तहत पंजीकृत एक **सोसायटी** के रूप में की गई थी। यह एक **स्वायत्त और आत्मनिर्भर** परीक्षा संगठन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका प्रमुख उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और भर्ती के लिये प्रवेश परीक्षा आयोजित करना है, जैसे कि JEE (मेन), NEET - UG, CMAT और GPAT। **अतः कथन 2 सही है।**

**अतः विकल्प C सही है।**

नोट :

**100. स्टैंड-अप इंडिया योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह योजना प्रति बैंक शाखा से SC/ST जनजाति के कम-से-कम एक उधारकर्त्ता और कम-से-कम एक महिला उधारकर्त्ता को 1 लाख से लेकर 10 लाख रुपए तक के बैंक ऋण की सुविधा प्रदान करती है।
2. इस योजना के तहत ऋण केवल ग्रीन फील्ड परियोजनाओं के लिये उपलब्ध हैं।
3. यह ऋण केवल विनिर्माण क्षेत्र में एक नया उद्यम स्थापित करने हेतु दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**स्टैंड-अप इंडिया योजना:**

- स्टैंड-अप इंडिया योजना का **उद्देश्य बैंकों की प्रति बैंक शाखा** से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कम-से-कम एक उधारकर्त्ता और कम-से-कम एक **महिला** उधारकर्त्ता को **10 लाख रुपए से लेकर 1 करोड़ रुपए तक के बैंक ऋण** की सुविधा प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस योजना के तहत ऋण **केवल ग्रीन फील्ड परियोजनाओं** के लिये उपलब्ध हैं। इस संदर्भ में, ग्रीन फील्ड से आशय विनिर्माण, सेवा या व्यापार क्षेत्र और कृषि से जुड़ी गतिविधियों से संबंधित **लाभार्थी** द्वारा **पहली बार स्थापित किये जाने वाले उद्यम से** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- SC/ST/महिला उद्यमियों द्वारा **विनिर्माण, कृषि से जुड़ी गतिविधियों** और सेवा या व्यापार क्षेत्र में एक नया उद्यम स्थापित करने के लिये ऋण प्रदान दिया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**101. पद "असाधारण राजस्व त्वरण" (ERA) ऋण कभी-कभी समाचारों में निम्नलिखित के संदर्भ में देखा जाता है:**

A. आसियान
B. ब्रिक्स
C. G-20
D. G-7

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**असाधारण राजस्व त्वरण (ERA) ऋण:**

- **ग्रुप ऑफ सेवन (G-7)** के नेताओं ने रूस के विरुद्ध युद्ध में **यूक्रेन का समर्थन करने के लिये 50 बिलियन डॉलर का ऋण** देने पर सहमति व्यक्त की है।
- इस फंडिंग को **"असाधारण राजस्व त्वरण (ERA)"** ऋण के रूप में जाना जाता है जिसका **उद्देश्य यूक्रेन की सैन्य, बजट और पुनर्निर्माण आवश्यकताओं का समर्थन करना** है।
- यह फंड यूक्रेन को **दान के रूप में सहायता** प्रदान करेगा, इसलिये **यूक्रेन को ऋण चुकाने की आवश्यकता नहीं** होगी।
- **रूसी परिसंपत्तियों के निवेश से होने वाले लाभ का उपयोग ऋण चुकाने के लिये** किया जाएगा।

**अतः विकल्प D सही है।**

**102. वाशिंगटन सहमति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका अनावरण ब्रिटिश अर्थशास्त्री जॉन विलियमसन ने किया था।
2. यह 10 नीतियों के इर्द-गिर्द व्याप्त है, जिन्हें लोकप्रिय रूप से डेकालॉग के रूप में जाना जाता है।
3. इसे विश्व बैंक और IMF का समर्थन प्राप्त था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वाशिंगटन सहमति:**

- वर्ष 1989 में ब्रिटिश **अर्थशास्त्री जॉन विलियमसन द्वारा** पश्चिमी बाज़ारों के स्थिति को दर्शाते हुए **वाशिंगटन सहमति का अनावरण** किया गया था।
- यह **10 नीतियों के इर्द-गिर्द व्याप्त** है जिन्हें लोकप्रिय रूप से **डेकालॉग** के रूप में जाना जाता है। इसमें **राष्ट्रीय बजट घाटे को कम करना, कर प्रणाली में सुधार करना, दूसरों के बीच व्यापार प्रतिबंधों को कम करना** शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे वाशिंगटन के अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों **विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा विश्व बैंक के विशेषज्ञों का समर्थन प्राप्त** था। **अतः कथन 3 सही है**

नोट :

**103. निम्नलिखित में से कौन वेस्टमेड (WestMED) पहल का सदस्य नहीं है?**

A. यूनाइटेड किंगडम

B. फ्राँस

C. इटली

D. माल्टा

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वेस्टमेड (WestMED) पहल:**

- पश्चिमी भूमध्य सागर में **नीली अर्थव्यवस्था** के सतत् विकास के लिये वर्ष 2017 में **वेस्टमेड (WestMED) पहल** शुरू की गई थी।
- इसमें**यूरोपीय संघ के 5 देश अर्थात् फ्राँस, इटली, पुर्तगाल, स्पेन और माल्टा** तथा 5 दक्षिणी साझेदार देश अर्थात् **अल्जीरिया, लीबिया, मॉरिटानिया, मोरक्को और ट्यूनीशिया** शामिल हैं।
- इसके **3 मुख्य लक्ष्य** हैं:
  - एक सुरक्षित और अधिक सुरक्षित समुद्री क्षेत्र
  - एक स्मार्ट और अनुकूल नीली अर्थव्यवस्था
  - समुद्र का बेहतर प्रशासन।

**अत: विकल्प A सही है।**

**104. राष्ट्रगान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी रचना रवींद्रनाथ टैगोर ने मूलत: संस्कृत में की थी।
2. इसके हिंदी संस्करण को 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा द्वारा भारत के राष्ट्रगान के रूप में अपनाया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रगान:**

- **राष्ट्रगान** की रचना **रवींद्रनाथ टैगोर ने** मूल रूप से **बांग्ला** में की थी। पूरे गीत में 5 छंद हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह पहली बार **वर्ष 1905 में तत्त्वबोधिनी पत्रिका** के एक अंक में प्रकाशित हुआ था।
- इसके **हिंदी संस्करण** को **24 जनवरी, 1950** को **संविधान सभा** द्वारा भारत के राष्ट्रगान के रूप में अपनाया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- **28 फरवरी, 1919** को टैगोर ने पूरे बंगाली गीत का अंग्रेज़ी अनुवाद लिखा और इसका शीर्षक रखा **"द मॉर्निंग सॉन्ग ऑफ इंडिया"**। अंग्रेज़ी में अनुवाद का अनुरोध मदनपल्ले स्थित बेसेंट थियोसोफिकल कॉलेज के डॉ. कजिन्स द्वारा किया गया था, जब टैगोर कॉलेज के दौरे पर थे।

**105. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. आर्थिक और हिंसक अपराधों पर अंकुश लगाना
2. साइबर तथा उन्नत प्रौद्योगिकी से संबंधित अपराधों की रोकथाम करने में सहायता करना
3. पर्यावरण, कला, पुराकालीन वस्तुओं एवं विरासत का संरक्षण करना।

**उपर्युक्त में से कौन-से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) के विज़न में शामिल हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI):**

- **कार्मिक, पेंशन और लोक शिकायत मंत्रालय** के तहत कार्यरत, **केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI)** भारत का **प्रमुख अन्वेषण पुलिस अभिकरण** है।
- CBI का विज़न निम्नलिखित पर केंद्रित है:
  - सूक्ष्म अन्वेषण एवं अभियोजन के माध्यम से लोक जीवन में **भ्रष्टाचार** के साथ **आर्थिक तथा हिंसक अपराधों पर अंकुश लगाना।**
  - **साइबर** एवं **उन्नत प्रौद्योगिकी से संबंधित अपराधों** की रोकथाम में मदद करना।
  - मानवाधिकारों की रक्षा करने के साथ **पर्यावरण, कला, पुराकालीन वस्तुओं एवं विरासत का संरक्षण करना।**

**अत: विकल्प D सही है।**

नोट :

**106. विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे अंतर्राज्यीय परिषद की अनुशंसा पर अधिनियमित किया गया था।
2. यह सरकार को आतंकवादी कृत्यों के संदर्भ में व्यक्तियों की जाँच करने तथा उन पर मुकदमा चलाने की शक्ति प्रदान करता है।
3. मूलत: इस अधिनियम में आतंकवाद का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967:**

- **विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967** को **राष्ट्रीय एकता परिषद** की अनुशंसा पर अधिनियमित किया गया था, जिसकी स्थापना **वर्ष 1961** में देश का विभाजन करने वाली समस्याओं के समाधानों का पता लगाने हेतु की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह अधिनियम सरकार को आतंकवादी कृत्यों के लिये व्यक्तियों की **जाँच** करने तथा उन पर **मुकदमा** चलाने के साथ ही किसी संगठन को "**विधिविरुद्ध**" अथवा "**आतंकवादी संगठन**" एवं किसी व्यक्ति को "**आतंकवादी**" घोषित करने की शक्ति प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मूलत: इस अधिनियम में मुख्य रूप से **अलगाववादी क्रियाकलापों** से संबंधित प्रावधान थे, जिसमें **आतंकवाद** का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं था। **अत: कथन 3 सही है।**

**107. ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रकाशित की जाती है?**

A. वर्किंग विमेन फोरम

B. UN विमेन

C. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF)

D. UN इकोनॉमिक एंड सोशल काउंसिल

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट:**

- **ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट, विश्व आर्थिक मंच (WEF)** द्वारा जारी की जाती है। इसमें विश्व भर के देशों में **संसाधनों एवं अवसरों तक पहुँच** के संदर्भ में लिंग-आधारित अंतराल को मापा जाता है।
- वर्ष 2024 तक इस वर्ष सूचीबद्ध सभी 146 देशों में वैश्विक **लिंग अंतराल 68.5%** है।
- इसमें **भारत 129वें** स्थान पर है। **दक्षिण एशिया में भारत,** बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान के बाद **पाँचवें** स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान सबसे अंतिम स्थान पर है।
- इसमें आइसलैंड लगातार 15वें वर्ष विश्व का सबसे अधिक लिंग-समानता वाला देश बना हुआ है। इसके बाद **फिनलैंड, नॉर्वे, न्यूज़ीलैंड तथा स्वीडन** का स्थान है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**108. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के अनुसार अंतर-धार्मिक युगलों के बीच विवाह से पहले पति या पत्नी में से किसी एक को दूसरे का धर्म अपनाना आवश्यक है।
2. विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अंतर्गत अंतर-धार्मिक युगलों के बीच धर्म परिवर्तन किये बिना, विवाह की अनुमति दी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विशेष विवाह अधिनियम, 1954:**

- **विशेष विवाह अधिनियम, 1954** में नागरिक विवाह से संबंधित प्रावधान हैं जिसके तहत अंतर-धार्मिक युगलों के बीच **विवाह को मंज़ूरी** दी गई है।

- **मुस्लिम विवाह अधिनियम, 1954** तथा हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के अनुसार अंतर-धार्मिक युगलों के बीच विवाह से पहले पति या पत्नी में से किसी एक को दूसरे का धर्म अपनाना आवश्यक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत** अंतर-धार्मिक या अंतर-जातीय युगलों के बीच धार्मिक पहचान को छोड़े बिना या धर्मांतरण किये बिना विवाह को स्वीकार किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**109. कफाला प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?**

A. यह मेज़बान सरकार को प्रवासी श्रमिकों के रोज़गार एवं आप्रवासन स्थिति पर लगभग पूर्ण नियंत्रण प्रदान करता है।

B. यह खाड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सस्ते श्रम की बढ़ती मांग और काम की तलाश में कई प्रवासियों की हताशा से उत्पन्न हुआ।

C. जो कर्मचारी बिना अनुमति के अपनी नौकरी छोड़ देता है, वह अवैध प्रवासी बनने का जोखिम उठाता है।

D. कफाला शब्द कानूनी संरक्षकता एवं अन्य मामलों पर इस्लामी न्यायशास्त्र से जुड़ा है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कफला प्रणाली:**

- **कफाला प्रणाली,** प्राधिकृत व्यक्ति एवं कंपनियों को **प्रवासी श्रमिकों के रोज़गार और आप्रवासन स्थिति पर लगभग पूर्ण नियंत्रण** देती है।
- यह प्रणाली खाड़ी देशों में **सस्ते श्रम** की बढ़ती मांग तथा काम की तलाश में तथा अपने परिवारों को रुपए भेजने के **अवसर की तलाश** में अनेक **प्रवासियों की हताशा के कारण** उत्पन्न हुई।
- जो कर्मचारी **बिना अनुमति के अपनी नौकरी छोड़ता** है, उसे न केवल अपनी **आय के साधन खोने का जोखिम** होता है, बल्कि **अवैध प्रवासी बनने का भी जोखिम** होता है।
- कफाला शब्द **कानूनी संरक्षकता पर इस्लामी न्यायशास्त्र** से जुड़ा है। **कफील** (प्राधिकृत व्यक्ति) संबंध से लाभ उठाए बिना **मकफुल** (कमज़ोर) की कानूनी ज़िम्मेदारी लेता है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**110. इटली निम्नलिखित में से किस जल निकाय से घिरा हुआ है?**

1. एड्रियाटिक सागर
2. टायरहेनियन सागर
3. भूमध्य सागर
4. बोथनिया की खाड़ी

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 1, 3 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**इटली:**

- **इटली** एक **बूट के आकार का प्रायद्वीप** है जो **दक्षिणी यूरोप से एड्रियाटिक सागर, टायरहेनियन सागर एवं भूमध्य सागर तक** विस्तृत है।
- उत्तर में इटली की सीमा **फ्राँस, स्विट्ज़रलैंड, ऑस्ट्रिया** तथा **स्लोवेनिया** देशों से लगती है।
- **आल्प्स** देश के शीर्ष पर विस्तृत हैं और साथ ही यहाँ **लंबी, दीर्घ एवं तीक्ष्ण हिमनद झीलें** हैं।
- आल्प्स के पश्चिमी छोर से, **एपेनाइन पर्वत** संपूर्ण प्रायद्वीप के दक्षिण में फैले हुए हैं।
- **बोथनिया की खाड़ी, फिनलैंड और स्वीडन के बीच स्थित** है।




**अतः विकल्प B सही है।**

**111. निम्नलिखित में से कौन-सी गिग इकॉनमी की प्रमुख विशेषता है?**

A. कार्यबल अल्पकालिक, लचीले कार्यों में लगा हुआ है, जिन्हें अक्सर डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से सुगम बनाया जाता है।

B. कर्मचारियों को व्यापक लाभों के साथ दीर्घकालिक, पूर्णकालिक अनुबंधों पर नियोजित किया जाता है।

C. गिग इकॉनमी में काम करने वाले आमतौर पर यूनियनबद्ध होते हैं और उन्हें मानकीकृत वेतन मिलता है।

D. पारंपरिक कर्मचारियों की तुलना में श्रमिकों को कम लचीलापन मिलता है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गिग इकॉनमी:**

- गिग इकॉनमी में मानक, दीर्घकालिक **नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों के बाहर आय अर्जित** करने वाली गतिविधियाँ शामिल होती हैं।
- कार्यबल **अल्पकालिक, लचीले कार्यों** में लगा हुआ है, जो प्राय: **डिजिटल प्लेटफार्मों** के माध्यम से सुगम होते हैं।
- पारंपरिक कर्मचारियों के विपरीत, **गिग इकॉनमी के श्रमिकों के पास सुरक्षा, भत्ते और कर्मचारी लाभों का अभाव होता है** जो पूर्णकालिक कर्मचारी होने के साथ आते हैं।
- गिग वर्कर्स को **अधिक लचीलापन** मिलता है। उन्हें **स्वतंत्र कर्मचारी** माना जाता है जो अपने शेड्यूल और रुचि के आधार पर दूसरी नौकरियाँ कर सकते हैं।

**अत: विकल्प A सही है।**

**112. तीस्ता नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बांग्लादेश में प्रवेश करने से पहले यह नदी नेपाल, सिक्किम और पश्चिम बंगाल से होकर बहती है।
2. यह ब्रह्मपुत्र की दाहिनी तटवर्ती सहायक नदी है।
3. भारत और बांग्लादेश के बीच तीस्ता नदी के जल बँटवारे को लेकर विवाद चल रहा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**तीस्ता नदी:**

- **तीस्ता नदी** सिक्किम में एक ग्लेशियल झील **खांगचुंग छो (Khangchung Chho)** से निकलती है और **बांग्लादेश** में प्रवेश करने से पहले सिक्किम तथा पश्चिम बंगाल से होकर बहती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- तीस्ता नदी ब्रह्मपुत्र (बांग्लादेश में जमुना के नाम से जानी जाती है) की एक **प्रमुख दाहिनी तटवर्ती** सहायक नदी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारत** और **बांग्लादेश** के बीच **तीस्ता नदी** के **जल-बँटवारे को लेकर विवाद** चल रहा है। यह वर्ष 1947 से ही संघर्ष में उलझा हुआ है, जब तीस्ता के जलग्रहण क्षेत्र भारत को आवंटित किये गए थे। **अत: कथन 3 सही है।**

**113. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. प्रश्नकाल
2. शून्यकाल
3. स्थगन प्रस्ताव
4. अविश्वास प्रस्ताव

**उपर्युक्त में से कौन-से कार्यपालिका पर संसदीय नियंत्रण के उपकरण हैं?**

A. केवल 1, 2 और 3

B. केवल 2, 3 और 4

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**कार्यपालिका पर संसदीय नियंत्रण:**

- **संसद** कई तरीकों से सरकार की **कार्यकारी शाखा** पर नियंत्रण रखती है और **जवाबदेही तथा लोकतांत्रिक निगरानी** सुनिश्चित करती है।
- कानून बनाने की प्रक्रिया के दौरान, विधायक कार्यकारी नीतियों और उनके कार्यान्वयन पर **बहस** तथा **विचार-विमर्श** करते हैं।
- **प्रश्नकाल, शून्यकाल, स्थगन प्रस्ताव और अविश्वास प्रस्ताव** जैसे साधन संसद सदस्यों को कार्यपालिका को जवाबदेह ठहराने में सक्षम बनाते हैं।

**अत: विकल्प D सही है।**

**114. "यूक्रेन में शांति शिखर सम्मेलन" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूक्रेन में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के लिये साझा समझ विकसित करने हेतु इसे स्विट्ज़रलैंड के बर्गेनस्टॉक में आयोजित किया गया था।
2. इसमें यूक्रेन के 10 सूत्री शांति प्रस्ताव के सभी बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।
3. ब्रिक्स के किसी भी सदस्य ने संयुक्त विज्ञप्ति पर हस्ताक्षर नहीं किये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन:**

- **यूक्रेन में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति** की दिशा में एक आम समझ विकसित करने के लिये **स्विट्ज़रलैंड के बर्गनस्टॉक** में **"यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन"** आयोजित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस शिखर सम्मेलन में यूक्रेन के **10 सूत्री शांति प्रस्ताव** के **केवल तीन बिंदुओं** पर ध्यान केंद्रित किया गया, क्योंकि उन पर भाग लेने वाले देशों के बीच व्यापक सहमति थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **ब्रिक्स** के किसी भी सदस्य ने **संयुक्त विज्ञप्ति** पर हस्ताक्षर नहीं किये।
  - **भारत, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका** और **संयुक्त अरब अमीरात** ने शिखर सम्मेलन में भाग लिया, लेकिन संयुक्त विज्ञप्ति पर **हस्ताक्षर नहीं किये।**
  - **ब्राज़ील** ने यूक्रेन शिखर सम्मेलन में **पर्यवेक्षक** के रूप में भाग लिया, **लेकिन विज्ञप्ति पर हस्ताक्षर नहीं** किये।
  - **रूस, चीन, मिस्र, इथियोपिया और ईरान शिखर सम्मेलन** में शामिल नहीं हुए। **अतः कथन 3 सही है।**

**115. अंटार्कटिक संधि 1991 के लिये पर्यावरण संरक्षण पर मैड्रिड प्रोटोकॉल का प्राथमिक उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-सा है?**

A. अनुसंधान उद्देश्यों के लिये IAEA समर्थित परमाणु सयंत्रों की स्थापना करना

B. अंटार्कटिका में वाणिज्यिक खनन गतिविधियों को बढ़ावा देना

C. अंटार्कटिका को शांति और विज्ञान के लिये समर्पित एक प्राकृतिक रिज़र्व के रूप में नामित करना

D. संरक्षित क्षेत्रों में पर्यटन तथा मनोरंजक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अंटार्कटिक संधि 1991 के लिये पर्यावरण संरक्षण पर मैड्रिड प्रोटोकॉल:**

- अंटार्कटिका संधि के लिये **पर्यावरण संरक्षण पर मैड्रिड प्रोटोकॉल पर 4 अक्तूबर, 1991 को मैड्रिड में हस्ताक्षर** किये गए थे और यह **वर्ष 1998 में लागू** हुआ।
- यह अंटार्कटिका को **"शांति और विज्ञान के लिये समर्पित प्राकृतिक रिज़र्व" के रूप में नामित** करता है।
- यह अंटार्कटिका में **मानव गतिविधियों पर लागू होने वाले आधारभूत सिद्धांतों को निर्धारित** करता है तथा **वैज्ञानिक अनुसंधान को छोड़कर, अंटार्कटिक खनिज संसाधनों से संबंधित सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध** लगाता है।

**अतः विकल्प C सही है।**

**116. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संस्कृति मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाला एक स्वायत्त संगठन है।
2. यह स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु नीतियों एवं कार्यक्रमों पर केंद्र तथा राज्य सरकारों को परामर्श देता है।
3. यह स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के लिये एक कार्यान्वयन एजेंसी है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT):**

- **राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT), शिक्षा मंत्रालय** के अधीन कार्यरत एक **स्वायत्त संगठन है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिये नीतियों और कार्यक्रमों** पर **केंद्र तथा राज्य सरकारों को सहायता एवं परामर्श** देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में अन्य देशों के साथ **द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के लिये एक कार्यान्वयन एजेंसी** है।
    - यह अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ **वार्ता एवं सहयोग** भी करता है, विदेशी प्रतिनिधिमंडलों का दौरा करता है और **विकासशील देशों के शैक्षिक कर्मियों को विभिन्न प्रशिक्षण सुविधाएँ** भी प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**117. भूमध्यसागरीय जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. यह पूर्णत: महाद्वीपीय द्रव्यमान के पश्चिमी भाग तक ही सीमित है।

B. इस प्रकार की जलवायु का मूल कारण पवन पेटियों का स्थानांतरण है।

C. भूमध्य सागर में इस प्रकार की जलवायु का सबसे बड़ा विस्तार है।

D. इस प्रकार की जलवायु का सबसे विकसित रूप इटली में पाया जाता है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भूमध्यसागरीय जलवायु:**

- **भूमध्यसागरीय जलवायु** पूर्णत: महाद्वीपीय द्रव्यमान के **पश्चिमी भाग** तक सीमित है, जो भूमध्य रेखा के **उत्तर और दक्षिण में 30° एवं 45°** के बीच स्थित है।
- इस प्रकार की जलवायु का **मूल कारण पवन पेटियों** का **स्थानांतरण** है।
- **भूमध्य सागर** में इस प्रकार की जलवायु का सबसे **बड़ा विस्तार** है, इसी कारण इसे भूमध्यसागरीय जलवायु कहा जाता है।
- इस प्रकार की जलवायु का **सबसे विकसित** रूप **मध्य चिली में** पाया जाता है। अन्य भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में शामिल हैं:
    - कैलीफोर्निया (**सेन फ्राँसिस्को** के आस-पास),
    - अफ्रीका का दक्षिण-पश्चिमी सिरा (**केप टाउन** के आस-पास),
    - दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (**स्वानलैंड**)।

**अत: विकल्प D सही है।**

**118. गिनी गुणांक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह केवल आय असमानता का माप है।
2. इसमें 0 का मान पूर्ण असमानता को दर्शाता है जबकि 1 का मान पूर्ण समानता को दर्शाता है।
3. लॉरेंज वक्र जनसंख्या के भीतर आय या धन के वितरण का एक आरेखीय प्रतिनिधित्व है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गिनी गुणांक:**

- **गिनी गुणांक** का उपयोग **आय असमानता** के माप के रूप में किया जाता है। लेकिन इसका उपयोग किसी भी वितरण की असमानता को मापने के लिये किया जा सकता है जैसे कि **धन का वितरण** या **जीवन प्रत्याशा**। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **0 का मान** पूर्ण समानता को दर्शाता है, जिसमें सभी की **आय समान** है। **1 का मान पूर्ण असमानता** को दर्शाता है, जहाँ **एक व्यक्ति** को **सारी आय प्राप्त** होती है और बाकी सभी को कुछ भी प्राप्त नहीं होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **लॉरेंज वक्र आय असमानता** या धन असमानता का एक **आरेखीय प्रतिनिधित्व** है, जिसे अमेरिकी अर्थशास्त्री मैक्स लॉरेंज ने वर्ष 1905 में विकसित किया था। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**119. भारत ने निम्नलिखित में से किसके साथ क्षेत्रीय व्यापार समझौते (RTAs)/मुक्त व्यापार समझौते (FTAs) पर हस्ताक्षर किये हैं?**

1. सिंगापुर
2. मॉरीशस
3. ऑस्ट्रेलिया
4. जापान

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 3 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मुक्त व्यापार समझौते (FTAs):**

- **भारत** ने विभिन्न देशों/क्षेत्रों जैसे- **जापान, दक्षिण कोरिया, मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया एवं सिंगापुर (आसियान क्षेत्र)** जैसे देशों के साथ क्षेत्रीय व्यापार समझौते (RTAs)/मुक्त व्यापार समझौते (FTAs) पर हस्ताक्षर किये हैं।
- इसके अलावा भारत ने **एशिया प्रशांत व्यापार समझौता (APTA)** सहित **अधिमान्य व्यापार समझौतों (PTAs)** पर भी हस्ताक्षर किये हैं।
- भारत FTAs के संदर्भ में यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, यूरोपीय संघ तथा इज़रायल के साथ सक्रिय रूप से विमर्श कर रहा है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**120. राज्यों को केंद्रीय सहायता निधि आवंटित करने के लिये विकसित गाडगिल फॉर्मूला निम्नलिखित में पेश किया गया था:**

A. चौथी पंचवर्षीय

B. योजना

C. छठी पंचवर्षीय योजना

D. आठवीं पंचवर्षीय योजना

E. दूसरी पंचवर्षीय योजना

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गाडगिल फार्मूला:**

- **गाडगिल फार्मूले** का नाम समाज विज्ञानी तथा भारत के **योजना आयोग के उपाध्यक्ष** धनंजय रामचंद्र गाडगिल के नाम पर रखा गया है।
- इसे राज्यों के बीच योजना संबंधी निधि के हस्तांतरण के संदर्भ में **चौथी पंचवर्षीय योजना** के दौरान तैयार किया गया था।
- **चौथी पंचवर्षीय योजना, अशोक रुद्र मेनन मॉडल** पर आधारित योजना थी।
  - इसका मुख्य उद्देश्य **आर्थिक स्थिरता तथा आत्मनिर्भरता** प्राप्त करना था।

**अत: विकल्प A सही है।**

**121. G7 देशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) के तेल प्रतिबंध के कारण मुद्रास्फीति और मंदी के बाद इसका गठन G6 के रूप में हुआ था।
2. रूस इसके गठन के एक वर्ष बाद समूह में शामिल हुआ।
3. सदस्यता के लिये कोई औपचारिक मानदंड नहीं है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**G7 देश:**

- पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) के **तेल प्रतिबंध** के कारण **मुद्रास्फीति** और **मंदी** के बाद **वर्ष 1975 में** संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्राँस, इटली, जापान, यूके तथा पश्चिम जर्मनी द्वारा **G6 (ग्रुप ऑफ सिक्स)** के रूप में **G7** का गठन किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- **कनाडा** एक वर्ष बाद, वर्ष 1976 में समूह में शामिल हो गया। वर्ष 1998 में रूस को औपचारिक रूप से समूह में शामिल किया गया, जिससे यह **G8** बन गया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- सदस्यता के लिये कोई **औपचारिक मानदंड नहीं** है, लेकिन सभी **प्रतिभागी धनी लोकतंत्र** हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**122. निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान की प्रारूप समिति में चुने जाने वाले पूर्वोत्तर भारत के एकमात्र सदस्य थे?**

A. बी. एल. मित्तर

B. डॉ बी.आर. अंबेडकर

C. के. एम. मुंशी

D. मुहम्मद सादुल्ला

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय संविधान की प्रारूप समिति:**

- **मुहम्मद सादुल्ला ब्रिटिश भारत** में **असम के प्रधानमंत्री** थे।
- वे वर्ष 1919 में **गुवाहाटी नगर पालिका** के **अध्यक्ष** और वर्ष 1924 से वर्ष 1934 तक असम के शिक्षा तथा कृषि के प्रभारी मंत्री भी थे।
- असम विधानसभा ने वर्ष 1947 में सादुल्ला को भारत की संविधान सभा के लिये चुना और बाद में उन्हें प्रारूप समिति के लिये चुना गया।
- वे **भारतीय संविधान की प्रारूप समिति** के लिये चुने जाने वाले **पूर्वोत्तर भारत** के **एकमात्र सदस्य** थे।

**अत: विकल्प D सही है।**

**123. निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में डिकॉप्लिंग की अवधारणा का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. यह देशों के बीच आर्थिक विकास तथा व्यापार पर निर्भरता को संदर्भित करता है।

B. यह वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा देश एक दूसरे पर अपनी आर्थिक एवं व्यापारिक निर्भरता कम करते हैं।

C. यह वैश्विक बाज़ारों के बीच व्यापार संबंधों एवं आर्थिक एकीकरण के सुदृढ़ीकरण का संकेत देता है।

D. इसमें राष्ट्रों के बीच मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने के लिये व्यापार बाधाओं को समाप्त करना शामिल है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**डिकॉप्लिंग:**

- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में **डिकॉप्लिंग (वियुग्मन)** से तात्पर्य उस प्रक्रिया या प्रवृत्ति से है जिसके अंतर्गत किसी देश की **अर्थव्यवस्था** अन्य देशों के **आर्थिक प्रदर्शन पर कम निर्भर** हो जाती है।
- यह अवधारणा **विभिन्न तरीकों से प्रकट** हो सकती है, जिसमें **व्यापार निर्भरता को कम करना, व्यापार भागीदारों में विविधता लाना एवं आत्मनिर्भरता बढ़ाना शामिल** है।
- इसका **उद्देश्य** किसी देश की अर्थव्यवस्था पर **वैश्विक आर्थिक उतार-चढ़ाव, संकट अथवा राजनीतिक अस्थिरता के प्रभाव को न्यूनतम** करना है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**124. परिसीमन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका अर्थ है किसी देश या प्रांत में विधानमंडल निकाय वाले प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा या परिसीमाएँ निर्धारित करने की प्रक्रिया।
2. भारत में परिसीमन आयोग के आदेश कानूनी शक्ति रखते हैं और उन्हें किसी भी न्यायालय के समक्ष प्रश्नगत नहीं किया जा सकता।
3. भारत में अब तक छह बार ऐसे परिसीमन आयोग का गठन किया जा चुका है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**परिसीमन:**

- **परिसीमन** का शाब्दिक अर्थ है **किसी देश या विधायी निकाय वाले प्रांत में निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएँ निर्धारित करने का कार्य या प्रक्रिया। अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में परिसीमन आयोग **एक उच्च शक्ति प्राप्त निकाय** है जिसके आदेश **कानूनी शक्ति** रखते हैं और **किसी भी न्यायालय के समक्ष उस पर प्रश्न नहीं** उठाया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में ऐसे परिसीमन आयोग का गठन **4 बार** किया जा चुका है:
  - **वर्ष 1952** में परिसीमन आयोग अधिनियम, 1952 के तहत
  - **वर्ष 1963** में परिसीमन आयोग अधिनियम, 1962 के तहत
  - **वर्ष 1973** में परिसीमन अधिनियम, 1972 के तहत
  - **वर्ष 2002** में परिसीमन अधिनियम, 2002 के तहत। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**125. मिशन रफ्तार का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत टीकाकरण में तेज़ी लाना।

B. मालगाड़ी और यात्री गाड़ियों की गति बढ़ाना।

C. भारत में पेटेंट पंजीकरण को बढ़ाना।

D. हिमालयी क्षेत्रों में रेलवे नेटवर्क का विस्तार करना।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मिशन रफ्तार:**

- **मिशन रफ्तार** का उद्देश्य **गति बढ़ाना** तथा **मालगाड़ियों की औसत गति** को दोगुना करने और **सुपरफास्ट/मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की औसत गति को 25 किमी. प्रति घंटे तक बढ़ाने का लक्ष्य** हासिल करना है।
- इसका उद्देश्य देश के चयनित गलियारों में **160-200 किमी. प्रति घंटे** की गति से ट्रेनें चलाकर यात्रियों को **अर्द्ध-उच्च गति वाली ट्रेनें** उपलब्ध कराना भी है।
- इसे **वर्ष 2016-17** के **रेल बजट** में पेश किया गया था और **2017 में नीति आयोग द्वारा अनुमोदित** किया गया था।

**अत: विकल्प B सही है।**

**126. ज़पोरिज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (ZNPP) के सबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा स्टेशन है और फरवरी 2022 में रूस के आक्रमण से पहले यूक्रेन की 50% बिजली की आपूर्ति करता था।
2. यह सशस्त्र संघर्ष के दौरान ज़ब्त और सैन्य कब्ज़े वाला पहला चालू परमाणु ऊर्जा संयंत्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ज़पोरिज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (ZNPP):**

- ज़पोरिज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (Zaporizhzhia Nuclear Power Plant- ZNPP) **यूरोप का सबसे बड़ा** परमाणु ऊर्जा स्टेशन है और फरवरी 2022 में रूस के आक्रमण से पहले यूक्रेन की **लगभग 30%** बिजली की आपूर्ति करता था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **4 मार्च, 2022 को ZNPP सशस्त्र संघर्ष** के दौरान ज़ब्त किया गया और सैन्य कब्ज़े में लिया गया **पहला चालू परमाणु ऊर्जा संयंत्र** बन गया। **अत: कथन 2 सही है।**

**127. निम्नलिखित में से कौन-से कारक निम्न स्तरीय वायुमंडल में ऊष्मा को रोकने में सहायक हैं?**

1. सघनता/भीड़भाड़ में वृद्धि (Increased congestion)
2. धरातल का पक्का होना (Paved surfaces)
3. जल निकायों का ह्रास होना
4. उच्च घनत्व वाली बस्तियाँ होना

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1,2 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ऊष्मा को अवरुद्ध करना( Trapping of Heat ):**

- **ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (GHGs)** के कारण होने वाले **शहरी ऊष्मा द्वीप प्रभाव** के कारण भारतीय शहर विशेष रूप से **हीट वेव के प्रति संवेदनशील** हैं।
- **भीड़भाड़/सघनता में वृद्धि, धरातल का पक्का होना, जल निकायों की कमी होना, वनस्पति का नुकसान होना तथा उच्च घनत्व वाली बस्तियाँ** इसके प्रमुख कारक हैं जिससे शहरी क्षेत्रों के तापमान में वृद्धि होती है।
- अन्य आपदाओं जैसे- वनाग्नि, इलेक्ट्रिकल फॉल्ट, सूखा तथा जल की कमी का संबंध हीट वेव से होता है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**128. चिप चाप नदी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अक्साई चिन क्षेत्र से होकर प्रवाहित होने वाली श्योक नदी की एक सहायक नदी है।
2. इसका उद्गम देपसांग मैदानों के पूर्वी किनारे से होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**चिप चाप नदी:**

- चिप चाप नदी (जिसका अर्थ है: "शांत नदी"), अक्साई चिन क्षेत्र से होकर प्रवाहित होने वाली श्योक नदी की एक सहायक नदी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका **उद्गम** देपसांग मैदानों के पूर्वी किनारे से होता है तथा ये देपसांग मैदानों के उत्तरी किनारे के चारों ओर प्रवाहित होते हुए पश्चिम की ओर प्रवाहित होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह **श्योक नदी** में **मिल जाती** है, जो सिंधु नदी की सहायक नदियों में से एक है।

**129. मानसून के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केरल से उत्तर की ओर चलकर मानसूनी पवनें दो शाखाओं में विभाजित हो जाती हैं अर्थात् अरब सागर शाखा और बंगाल की खाड़ी शाखा।
2. दोनों शाखाएँ लगभग एक ही समय पर दिल्ली पहुँचती हैं।
3. बंगाल की खाड़ी की तुलना में अरब सागर में मानसून की प्रगति बहुत तीव्र होती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मानसून:**

- भारत की मुख्य भूमि में **दक्षिण-पश्चिम मानसून** के प्रवेश का **पहला स्थान केरल का** है। केरल से उत्तर की ओर चलकर मानसूनी पवनें **दो शाखाओं** में विभाजित हो जाती हैं अर्थात् **अरब सागर शाखा** और **बंगाल की खाड़ी शाखा**। **अत: कथन 1 सही है।**
- दोनों शाखाएँ एकल धारा के रूप में **दिल्ली के आस-पास** एक-दूसरे से **मिल** जाती हैं। ये दोनों शाखाएँ लगभग **एक ही समय पर** दिल्ली **पहुँचती** हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- अरब सागर की तुलना में **बंगाल की खाड़ी** में मानसून की **प्रगति** बहुत **तीव्र** है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**130. संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी सम्मेलन, 1951 के तहत नॉन-रिफाउलमेंट के सिद्धांत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह शरणार्थी को उस क्षेत्र में वापस लौटने से रोकता है, जहाँ उसके जीवन या स्वतंत्रता को खतरा हो।
2. इसे प्रथागत अंतर्राष्ट्रीय विधिक नियम माना जाता है।
3. यह सभी देशों पर बाध्यकारी है, चाहे उन्होंने वर्ष 1951 के सम्मेलन या वर्ष 1967 के प्रोटोकॉल को स्वीकार किया हो या नहीं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नॉन-रिफाउलमेंट के सिद्धांत (Non-Refoulement Principle):**

- **संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी सम्मेलन, 1951** की आधारशिला **अनुच्छेद 33** में निहित **नॉन-रिफाउलमेंट** के सिद्धांत है।
- नॉन-रिफाउलमेंट सिद्धांत एक **शरणार्थी की उस क्षेत्र में वापसी** को **प्रतिबंधित** करता है, जहाँ उसके जीवन या स्वतंत्रता को खतरा है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसे **प्रथागत** अंतर्राष्ट्रीय कानून का नियम माना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह **सभी देशों** के लिये **बाध्यकारी** है, चाहे उन्होंने वर्ष 1951 के कन्वेंशन या वर्ष 1967 के प्रोटोकॉल को स्वीकार किया हो। **अत: कथन 3 सही है।**
- सुरक्षा की मांग करने वाले शरणार्थी को किसी देश में प्रवेश करने से नहीं रोका जाना चाहिये क्योंकि यह रिफॉउलमेंट होगा।

**131. संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी सम्मेलन, 1951 से संबंधित 1967 प्रोटोकॉल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

A. इसने 1951 के शरणार्थी सम्मेलन की लौकिक और भौगोलिक सीमाओं को हटा दिया।

B. इसने पहली बार शरणार्थी की परिभाषा पेश की।

C. यह केवल यूरोप में शरणार्थियों पर लागू है।

D. इसने किसी भी राज्य के लिये 1951 के शरणार्थी सम्मेलन का पालन करने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया।

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी सम्मेलन, 1951 का 1967 प्रोटोकॉल:**

- **1967 का प्रोटोकॉल संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी कन्वेंशन, 1951** की प्रयोज्यता को व्यापक बनाता है।
- **1967 के प्रोटोकॉल ने 1951 के शरणार्थी सम्मेलन की लौकिक और भौगोलिक** सीमाओं को हटा दिया।
  - इन सीमाओं ने प्रारंभ में कन्वेंशन को उन व्यक्तियों तक सीमित कर दिया था जो 1 जनवरी, 1951 से पहले **यूरोप में घटित घटनाओं के कारण शरणार्थी बन** गए थे।
- **शरणार्थियों के लिये संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (UNHCR) 1951 कन्वेंशन और उसके 1967 प्रोटोकॉल** के संरक्षक के रूप में कार्य करता है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**132. वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सूचकांक तैयार करने के लिये केवल शैक्षिक उपलब्धि और राजनीतिक सशक्तीकरण को ध्यान में रखा जाता है।
2. सूचकांक 0 और 1 के बीच होता है, जिसमें 1 पूर्ण समानता को दर्शाता है।
3. इसमें महिलाओं की पूर्ण स्थिति के बजाय पुरुषों के सापेक्ष उनकी स्थिति (लैंगिक समानता) पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वैश्विक लिंग अंतर सूचकांक:**

- वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक **4 आयामों** को ध्यान में रखता है:
  - आर्थिक भागीदारी और अवसर
  - शैक्षिक उपलब्धि
  - स्वास्थ्य और जीवनयापन
  - राजनीतिक सशक्तीकरण। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **सूचकांक 0 और 1 के बीच** होता है, जिसमें 1 पूर्ण समानता को दर्शाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **पुरुषों के सापेक्ष महिलाओं की स्थिति (लैंगिक समानता)** पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, न कि उनकी पूर्ण स्थिति पर। विचार समय के साथ और देशों में **लिंग अंतर में परिवर्तन** को ट्रैक करना है। **अत: कथन 3 सही है।**

**133. आर्थिक दृष्टि से सकल स्थायी पूंजी निर्माण (GFCF) क्या मापता है?**

A. देश में किसी निश्चित अवधि के दौरान उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य।
B. इन्वेंट्री परिवर्तनों को छोड़कर, किसी अर्थव्यवस्था में किसी निश्चित अवधि में भौतिक परिसंपत्तियों में शुद्ध वृद्धि ।
C. किसी अर्थव्यवस्था में परिवारों और व्यवसायों द्वारा धारित वित्तीय परिसंपत्तियों का कुल मूल्य।
D. किसी अर्थव्यवस्था में परिवारों द्वारा उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं पर किया जाने वाला कुल व्यय।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सकल स्थायी पूंजी निर्माण (GFCF):**

- इन्वेंट्री परिवर्तनों को छोड़कर, किसी अर्थव्यवस्था में किसी निश्चित अवधि में भौतिक परिसंपत्तियों में शुद्ध वृद्धि की माप करता है।
- इसमें अचल पूंजी की खपत (मूल्यह्रास) को शामिल नहीं किया जाता है।
- अचल संपत्ति का तात्पर्य निर्माण, मशीनरी और उपकरण से है।
- यह अर्थव्यवस्था में निवेश का एक प्रमुख संकेतक है और इसका उपयोग इन्वेंट्री (मालसूची) में परिवर्तनों को छोड़कर अचल संपत्तियों में निवेश के स्तर का आकलन करने के लिये किया जाता है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**134. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: कवच की प्राथमिक विशेषता ट्रेन की गति को नियंत्रित करना है यदि चालक समय पर ब्रेक लगाने में विफल रहता है।**

**कथन-II: कवच प्रणाली मुख्य रूप से पटरियों तथा स्टेशन यार्ड पर लगाए गए RFID टैग की सहायता से कार्य करती है, जो ट्रेनों की दिशाओं का पता भी लगा सकती है।**

**उपरोक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कवच प्रणाली:**

- टकराव-रोधी **कवच प्रणाली** एक **स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (ATP) प्रणाली** है।
- इसकी **प्राथमिक विशेषता ट्रेन की गति को नियंत्रित** करना है **यदि ड्राइवर समय पर ब्रेक लगाने में विफल** रहता है। **अतः कथन-I सही है।**
- कवच प्रणाली लोकोमोटिव ड्राइवरों को पटरियों पर **खतरे के संकेतों की पहचान करने में सहायता** करती है और **कम दृश्यता वाले क्षेत्रों में ट्रेन चलाने में भी सहायता** प्रदान करती है।
- यह प्रणाली मुख्य रूप से पटरियों तथा स्टेशन यार्ड पर लगाए गए **RFID (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) टैग की सहायता से कार्य** करती है, जो **ट्रेनों की दिशाओं का पता** भी लगा सकती है। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है।**

**135. आर्थिक दृष्टि से 'हार्ड' लैंडिंग और 'सॉफ्ट' लैंडिंग के बीच मुख्य अंतर क्या है?**

A. 'हार्ड' लैंडिंग का तात्पर्य आर्थिक संवृद्धि में तीव्र वृद्धि से है, जबकि 'सॉफ्ट' लैंडिंग का तात्पर्य मुद्रास्फीति में क्रमिक कमी से है।
B. 'हार्ड' लैंडिंग के तहत अचानक और गंभीर आर्थिक मंदी शामिल होती है, जबकि 'सॉफ्ट' लैंडिंग के तहत आर्थिक संवृद्धि में धीमी एवं नियंत्रित मंदी शामिल होती है।
C. 'हार्ड' लैंडिंग का आशय निरंतर उच्च मुद्रास्फीति का रहना है, जबकि 'सॉफ्ट' लैंडिंग का आशय अवस्फीति का होना है।
D. 'हार्ड' लैंडिंग का आशय बेरोज़गारी में अचानक वृद्धि होना है, जबकि 'सॉफ्ट' लैंडिंग का आशय विदेशी निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि होना है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अर्थव्यवस्था में 'हार्ड' बनाम 'सॉफ्ट' लैंडिंग:**

- आर्थिक दृष्टि से **'हार्ड' लैंडिंग का आशय** एक ऐसे परिदृश्य से है, जहाँ **अर्थव्यवस्था में तीव्र और गंभीर गिरावट आने के परिणामस्वरूप अक्सर मंदी**, उच्च बेरोज़गारी एवं वित्तीय अस्थिरता हो जाती है।
- इसके विपरीत, **'सॉफ्ट' लैंडिंग** का आशय एक ऐसे परिदृश्य से है, जहाँ **अर्थव्यवस्था में धीरे-धीरे या क्रमिक रूप से गिरावट** आती है, जिससे मंदी से बचा जा सकता है एवं **अपेक्षाकृत स्थिर रोज़गार के साथ वित्तीय स्थिरता की स्थिति** बनी रहती है।

**अतः विकल्प B सही है।**

**136. निम्नलिखित में से कौन-सा हाल ही में समाचारों में देखे गए "एजिटप्रॉप (Agitprop)" का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. यह सरकारी प्रचार का एक रूप है जिसका उद्देश्य किसी विशिष्ट कारण के लिये जनता को आंदोलित एवं संगठित करना है।
B. यह ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि तथा तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने की एक विधि है।
C. यह तीव्र औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने हेतु डिज़ाइन की गई आर्थिक नीतियों की एक प्रणाली है।
D. यह बेहतर बाज़ार तक पहुँच के क्रम में कृषि एवं ई-कॉमर्स को एकीकृत करने हेतु उपयोग की जाने वाली रणनीति है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**एजिटप्रॉप:**

- **एजिटप्रॉप "आंदोलन" एवं "प्रचार" का संयोजन** है।
- इसका तात्पर्य **राजनीतिक साधनों** के उपयोग द्वारा किसी विशिष्ट राजनीतिक कारण या विचारधारा का समर्थन करने हेतु **लोगों को आंदोलित एवं संगठित** करना है।
- अपने संदेशों को व्यक्त करने और जनमत को प्रभावित करने के क्रम में प्रचार के इस रूप में अक्सर कला, साहित्य तथा प्रदर्शन समारोह का उपयोग होता है।

**137. "रणनीतिक गठबंधन समझौता (SAA)" शब्द अक्सर समाचारों में निम्नलिखित संदर्भों में देखा जाता है:**

A. संयुक्त राज्य अमेरिका-सऊदी अरब

B. रूस-चीन

C. रूस-उत्तर कोरिया

D. पाकिस्तान-तुर्की

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**रणनीतिक गठबंधन समझौता (SAA):**

- **संयुक्त राज्य अमेरिका** और **सऊदी अरब रणनीतिक गठबंधन समझौते (SAA)** को अंतिम रूप देने के करीब हैं, जिसके तहत हमला होने की स्थिति में **अमेरिका सऊदी अरब की रक्षा** में सहायता करने के लिये प्रतिबद्ध होगा।
- इस पैकेज में **अमेरिका-सऊदी असैन्य परमाणु समझौता, फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना** की दिशा में कदम तथा **गाज़ा** में **युद्ध** की **समाप्ति** शामिल है।
- यह संधि अमेरिकी हितों और क्षेत्रीय साझेदारों की सुरक्षा के लिये अमेरिका को **सऊदी अरब के भू-भाग** तथा **हवाई क्षेत्र** तक पहुँच प्रदान करती है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**138. GST परिषद निम्नलिखित में से किस पर केंद्र और राज्यों को सिफारिशें करती है?**

1. वे वस्तुएँ और सेवाएँ जिन्हें GST के अधीन किया जा सकता है या छूट दी जा सकती है।
2. मॉडल GST कानून
3. GST दरें जिनमें बैंड के साथ फ्लोर दरें शामिल हैं
4. कुछ राज्यों के लिये विशेष प्रावधान

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 2 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**GST परिषद:**

- **अनुच्छेद 279A** में **वस्तु एवं सेवा कर (GST) परिषद** का प्रावधान है। इसे **संविधान (101 वाँ संशोधन) अधिनियम, 2016 द्वारा** शामिल किया गया था।
- अनुच्छेद **279A (4)** के अनुसार, GST परिषद GST से संबंधित महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर संघ और राज्यों को सिफारिशें करती है जैसे:
  - वे वस्तुएँ और सेवाएँ जो GST के अधीन हो सकती हैं या उनसे छूट प्राप्त हो सकती है
  - मॉडल GST कानून
  - आपूर्ति स्थान को नियंत्रित करने वाले सिद्धांत
  - बैंड के साथ फ्लोर दरों सहित GST दरें
  - प्राकृतिक आपदाओं/विपत्तियों के दौरान अतिरिक्त संसाधन जुटाने के लिये विशेष दरें
  - कुछ राज्यों के लिये विशेष प्रावधान

**अतः विकल्प D सही है।**

**139. हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेज़ी से अपनाने तथा विनिर्माण (FAME) योजना चरण-II के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC) के तहत लॉन्च किया गया था।
2. यह वित्तीय सहायता प्रदान करके इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन खरीद को प्रोत्साहित करता है।
3. यह चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को भी वित्तपोषित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेज़ी से अपनाने तथा विनिर्माण (FAME) योजना चरण-II:**

- **राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन** के तहत **हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेज़ी से अपनाने तथा विनिर्माण (FAME) के लिये योजना चरण-II** शुरू की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **वित्तीय सहायता** प्रदान करके **इलेक्ट्रिक** और **हाइब्रिड वाहन** खरीद को प्रोत्साहित करता है। उदाहरण के लिये, **सब्सिडी** कम-से-कम 40 कि.मी./घंटा की गति से एक बार

चार्ज करने पर 80 कि.मी. की दूरी तय करने में सक्षम इलेक्ट्रिक **दोपहिया वाहनों** का समर्थन करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

- यह **चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर** को भी वित्तपोषित करता है। वाहन के साथ चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को एकीकृत करके, एक **सहज चार्जिंग अनुभव सुनिश्चित** किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**140. रक्षा योजना समिति (DPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (COSC) के अध्यक्ष की अध्यक्षता में की गई थी।
2. थल सेनाध्यक्ष, वायु सेनाध्यक्ष और नौसेनाध्यक्ष इसके सदस्यों में शामिल हैं।
3. इसे राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति तैयार करने का काम सौंपा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**रक्षा योजना समिति (DPC):**

- रक्षा योजना समिति (DPC) की स्थापना राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) की अध्यक्षता में की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- थल सेनाध्यक्ष, वायु सेनाध्यक्ष और नौसेनाध्यक्ष, रक्षा सचिव, विदेश सचिव तथा वित्त मंत्रालय के सचिव (व्यय) एवं मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ (HQ IDS) के प्रमुख इसके सदस्य हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे कम-से-कम **पाँच** अलग-अलग ड्राफ्ट तैयार करने का काम सौंपा गया है, जिनमें शामिल हैं:
  - राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति। अतः कथन 3 सही है
  - रणनीतिक रक्षा समीक्षा और सिद्धांत
  - अंतर्राष्ट्रीय रक्षा जुड़ाव रणनीति
  - रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का रोडमैप
  - रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने की रणनीति।

**141. "सोनोरा 64 और लेर्मा रोजो 64A (Sonora 64 and Lerma Rojo 64A)" शब्द अक्सर समाचारों में देखा जाता है, यह विभिन्न प्रकार का-**

A. गेहूँ है
B. चावल है
C. कपास है
D. तिलहन है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सोनोरा 64 और लेर्मा रोजो 64A:**

- **सोनोरा 64 और लेर्मा रोजो 64A गेहूँ की बौनी किस्में** थीं जो **मैक्सिको** से **भारत** लाई गई थीं।
- भारत में **गेहूँ उत्पादन बढ़ाने** की संभावना का आकलन करने के बाद, **मैक्सिको** से पाँच बौनी गेहूँ किस्मों को भारत में लाया गया।
  - वे हैं **लेर्मा रोजो 64**, सोनोरा 63, **सोनोरा 64**, मेयो 64 और S 227।
  - उनमें बौनेपन के जीन मौजूद हैं, जिससे भारत में बौनेपन की **उच्च संभावना** है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**142. क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-सा है?**

A. शेयर बाज़ार के प्रदर्शन को मापने के लिये
B. मुद्रास्फीति दर का मूल्यांकन करने के लिये
C. विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के आर्थिक स्वास्थ्य का आकलन करने के लिये
D. बेरोज़गारी दर का निर्धारण करने के लिये

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI):**

- **क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI)** एक व्यापक रूप से प्रयुक्त **आर्थिक संकेतक** है जो किसी देश के **विनिर्माण और सेवा क्षेत्र** के स्वास्थ्य का आकलन करता है।
- **मासिक रूप से प्रकाशित** होने वाली यह पत्रिका वर्तमान आर्थिक स्थितियों के बारे में समय पर जानकारी प्रदान करती है तथा **त्वरित निर्णय** लेने में सहायता करती है।

नोट :

- **50 से ऊपर** का आँकड़ा क्षेत्रीय विस्तार को दर्शाता है, जबकि **50 से नीचे** का आँकड़ा संकुचन को दर्शाता है, जो आर्थिक प्रवृत्तियों की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करता है।
- PMI में **नए ऑर्डर, उत्पादन और रोज़गार** जैसे विभिन्न व्यावसायिक पहलुओं को शामिल किया जाता है, जिससे क्षेत्र के प्रदर्शन का व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त होता है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**143. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: प्रेसबायोपिया, आँखों की दूर की वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने की क्षमता का धीरे-धीरे खत्म होना है।**

**कथन-II: प्रेसबायोपिया, आँखों के लेंस के सख्त होने के कारण होता है, जो उम्र बढ़ने के साथ होता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रेसबायोपिया:**

- **प्रेसबायोपिया** आँखों की **पास की वस्तुओं** पर ध्यान केंद्रित करने की क्षमता का धीरे-धीरे **खत्म** हो जाना है।
  - प्रेसबायोपिया के बारे में तब पता चलता है जब कोई व्यक्ति किताबें और अखबारों को पढ़ने के लिये उन्हें हाथ की दूरी पर पकड़ना शुरू कर देता है। **अत: कथन-I सही नहीं है।**
- **प्रेसबायोपिया** आँखों के **लेंस के सख्त** हो जाने के कारण होता है, जो **उम्र बढ़ने** के साथ होता है।
  - जैसे-जैसे लेंस **कम लचीला** होता जाता है, यह अब **क्लोज़-अप छवियों** पर ध्यान केंद्रित करने के लिये आकार नहीं बदल सकता है। परिणामस्वरूप, ये **छवियाँ फोकस से बाहर** दिखाई देती हैं। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है और कथन-II सही है।**

**144. घरेलू आय के बारे में एंजेल का नियम मुख्यत: क्या कहता है?**

A. जैसे-जैसे आय बढ़ती है, भोजन पर व्यय की जाने वाली आय का अनुपात बढ़ता है।

B. जैसे-जैसे आय बढ़ती है, भोजन पर व्यय की जाने वाली आय का अनुपात घटता है।

C. जैसे-जैसे आय बढ़ती है, विलासिता की वस्तुओं पर व्यय की जाने वाली आय का अनुपात घटता है।

D. जैसे-जैसे आय बढ़ती है, आवास पर व्यय की जाने वाली आय का अनुपात घटता है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**एंजेल का नियम**

- **एंजेल का नियम** एक आर्थिक सिद्धांत है जो **घरेलू आय** और वस्तुओं या सेवाओं पर **व्यय** के बीच **संबंध** का वर्णन करता है।
- इसमें कहा गया है कि जैसे-जैसे परिवार की **आय बढ़ती** है, भोजन पर **व्यय** की जाने वाली आय का **अनुपात घटता** जाता है, यद्यपि भोजन पर कुल **व्यय बढ़ता** जाता है।
- इसका तात्पर्य यह है कि खाद्यान्न की मांग की **आय लोच सकारात्मक है, लेकिन 1 से कम है।**

**अत: विकल्प B सही है।**

**145. 'आरक्षण के लिये EWS कोटा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 10% EWS कोटा 103वें संविधान (संशोधन) अधिनियम, 2019 के माध्यम से अनुच्छेद 15 और 16 में संशोधन करके पेश किया गया था।
2. यह सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों के आधार पर आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों (EWS) के लिये नौकरियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में आरक्षण प्रदान करता है।
3. इसे 50% आरक्षण नीति के दायरे में न आने वाले गरीबों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिये अधिनियमित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही *नहीं* हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**आरक्षण के लिये EWS कोटा:**

- **10% EWS कोटा 103वें संविधान (संशोधन) अधिनियम, 2019** के तहत **अनुच्छेद 15 और 16** में संशोधन करके पेश किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह आर्थिक स्थिति के आधार पर **आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों (Economically Weaker Sections - EWS)** के लिये नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में आरक्षण प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इसमें **अनुच्छेद 15(6)** और **अनुच्छेद 16(6)** सम्मिलित किये गये।
- इसे अनुसूचित जातियों (**Scheduled Castes**), **अनुसूचित जनजातियों (Scheduled Tribes)** और **सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों (Socially and Educationally Backward Classes - SEBC)** के लिये 50% आरक्षण नीति के अंतर्गत न आने वाले गरीबों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिये अधिनियमित किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**146. उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 217 के तहत उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।
2. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति का प्रस्ताव भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा शुरू किया जाएगा।

**ऊपर दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- **उच्च न्यायालयों** के **मुख्य न्यायाधीश** और न्यायाधीशों की नियुक्ति संविधान के **अनुच्छेद 217 के खंड (1)** के अंतर्गत राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **उच्च न्यायालय** के न्यायाधीशों की सिफारिश **मुख्य न्यायाधीश** और **दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों** वाले कॉलेजियम द्वारा की जाती है।
- किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति का प्रस्ताव उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**147. राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के तीन समान आयामों में एक साथ अभावों को मापता है।
2. यह पद्धति मज़बूत एल्किरे और फोस्टर (Alkire and Foster- AF) पद्धति पर आधारित है, जो सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत मानदंडों के आधार पर लोगों को गरीब के रूप में पहचानती है।
3. राष्ट्रीय MPI में 12 संकेतक शामिल हैं, जबकि वैश्विक MPI में 10 संकेतक शामिल हैं।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सत्य हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक:**

- यह **स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर** के तीन समान रूप से भारित आयामों में एक साथ अभावों को मापता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह कार्यप्रणाली मज़बूत **एल्किरे और फोस्टर (AF)** पद्धति पर आधारित है जो सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत मैट्रिक्स के आधार पर लोगों को गरीब के रूप में पहचानती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **राष्ट्रीय MPI 12 संकेतकों** को कवर करता है जबकि **वैश्विक MPI 10 संकेतकों** को कवर करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- राष्ट्रीय MPI के 12 संकेतक हैं- **पोषण, बाल एवं किशोर मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूल में उपस्थिति, खाना पकाने का ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, आवास, परिसंपत्तियाँ और बैंक खाते।**

**148. 'स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर (SoGA) रिपोर्ट' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट (Health Effects Institute- HEI) द्वारा जारी किया जाता है, जो एक स्वतंत्र अमेरिकी गैर-लाभकारी अनुसंधान संगठन है तथा इसे UNICEF के साथ साझेदारी में जारी किया जाता है।
2. मधुमेह और तंबाकू को छोड़कर, वायु प्रदूषण अब विश्वभर में मृत्यु के लिये दूसरा सबसे आम जोखिम कारक है, जो केवल उच्च रक्तचाप से पीछे है।
3. विश्व भर में वायु प्रदूषण के कारण होने वाली दस में से छह मृत्यु PM10 कण के कारण होती हैं।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सत्य हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ग्लोबल एयर स्टेट (SoGA) रिपोर्ट:**

- इसे **UNICEF** के साथ साझेदारी में एक स्वतंत्र **अमेरिकी-आधारित गैर-लाभकारी अनुसंधान संगठन, हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट (Health Effects Institute- HEI)** द्वारा जारी किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **मधुमेह** और **तंबाकू** को छोड़कर, **वायु प्रदूषण** अब विश्वभर में मृत्यु के लिये **दूसरा सबसे आम जोखिम कारक है,** जो केवल **उच्च रक्तचाप** से पीछे है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वायु प्रदूषण** के कारण विश्व भर में होने वाली **दस में से छह मृत्यु सूक्ष्म PM2.5 कण** के कारण होती हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**149. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: भारत में वर्ष 2012 से 2019 के बीच 1,332,207 कैंसर के मामले सामने आए। इनमें से लगभग 3.2% और 4.6% मामले क्रमशः 0-14 वर्ष तथा 0-19 वर्ष आयु समूह के थे।**

**कथन-II: ल्यूकेमिया एक बड़ा बोझ है, जो 0-4 और 5-9 आयु समूहों (क्रमशः 42.1% एवं 42.5%) में सभी कैंसर का लगभग आधा हिस्सा है।**

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में वर्ष **2012 से 2019** के बीच **1,332,207** कैंसर के मामले सामने आए, इनमें से लगभग 3.2% और 4.6% मामले क्रमशः 0-14 वर्ष एवं 0-19 वर्ष आयु समूह के थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- **ल्यूकेमिया** एक बड़ा बोझ है, जो **0-4 और 5-9 आयु समूहों** (क्रमशः 42.1% और 42.5%) में सभी कैंसर का लगभग आधा हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**

**कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**150. मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा परिभाषित मुद्रास्फीति, किसी निश्चित अवधि में कीमतों में वृद्धि की दर है।
2. हेडलाइन मुद्रास्फीति किसी अर्थव्यवस्था के भीतर कुल मुद्रास्फीति का एक माप है, जिसमें खाद्य और ऊर्जा की कीमतें जैसी वस्तुएँ शामिल हैं, जो अधिक अस्थिर हैं।
3. हेडलाइन मुद्रास्फीति का आँकड़ा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के माध्यम से रिपोर्ट किया जाता है, जो वस्तुओं की एक निश्चित टोकरी खरीदने की लागत की गणना करता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष** द्वारा परिभाषित **मुद्रास्फीति**, किसी निश्चित अवधि में कीमतों में वृद्धि की दर है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **मुद्रास्फीति** के मध्यम स्तर को बनाए रखना प्राय: **आर्थिक स्थिरता** के लिये **वाँछनीय** माना जाता है क्योंकि यह **खर्च और निवेश** को प्रोत्साहित करता है।
- **हेडलाइन मुद्रास्फीति** एक अर्थव्यवस्था के भीतर **कुल मुद्रास्फीति** का एक उपाय है, जिसमें **खाद्य और ऊर्जा** की कीमतें जैसी वस्तुएँ शामिल हैं, जो बहुत अधिक अस्थिर होती हैं, जिससे मुद्रास्फीति के बढ़ने की संभावना होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **केंद्रीय बैंक**, जैसे कि अमेरिका में **फेडरल रिज़र्व** या **यूरोपीय सेंट्रल बैंक** और **भारतीय रिज़र्व बैंक** मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण को एक प्रमुख मौद्रिक नीति उपकरण के रूप में उपयोग करते हैं।
- **हेडलाइन मुद्रास्फीति** का आँकड़ा **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)** के माध्यम से रिपोर्ट किया जाता है, जो व्यापक अर्थव्यवस्था में कितनी मुद्रास्फीति हो रही है, यह निर्धारित करने के लिये वस्तुओं की एक निश्चित टोकरी खरीदने की लागत की गणना करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**151. 'लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 93 में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों के चुनाव का प्रावधान है।
2. अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की संस्थाएँ भारत सरकार अधिनियम 1935 के प्रावधानों के तहत उत्पन्न हुईं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संविधान के **अनुच्छेद 93** में **अध्यक्ष** और **उपाध्यक्ष** दोनों के चुनाव का प्रावधान है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अध्यक्ष** सदन का **संवैधानिक** और **औपचारिक प्रमुख** होता है।
- भारत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की संस्थाएँ **वर्ष 1921 में भारत शासन अधिनियम 1919 (मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार)** के प्रावधानों के तहत प्रारंभ हुईं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**152. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: गठबंधन सरकार वह होती है, जब कई राजनीतिक दल सरकार बनाने के लिये एक साथ आते हैं और एक आम सहमति वाले कार्यक्रम के आधार पर राजनीतिक शक्ति का प्रयोग करते हैं।**

**कथन-II: गठबंधन की राजनीति स्थिर नहीं बल्कि गतिशील है क्योंकि गठबंधन के अभिकर्त्ता और समूह भंग हो जाते हैं साथ ही नए समूहों का निर्माण भी होता है।**

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **गठबंधन सरकार** वह होती है, जब **कई राजनीतिक दल** सरकार बनाने के लिये एक साथ आते हैं और एक आम सहमति वाले कार्यक्रम के आधार पर राजनीतिक शक्ति का प्रयोग करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **गठबंधन की राजनीति** स्थिर नहीं बल्कि गतिशील है क्योंकि गठबंधन के अभिकर्त्ता और समूह भंग हो जाते हैं साथ ही नए समूहों का निर्माण भी होता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**153. भारत में फसल मौसम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जून-जुलाई में बोई जाने वाली खरीफ फसलों में मटर और चना जैसी फसलें शामिल हैं।
2. अक्तूबर-दिसंबर में बोई जाने वाली रबी फसलों में गेहूँ, जौ और सरसों जैसी फसलें शामिल हैं।
3. जायद की फसलें रबी और खरीफ के बीच बोई जाती हैं।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- खरीफ की फसलें जून-जुलाई में बोई जाती हैं और सितंबर-अक्तूबर में काटी जाती हैं। **चावल, मक्का, ज्वार, बाजरा, अरहर, मूँग, उड़द, कपास, जूट, मूँगफली, सोयाबीन** आदि खरीफ की फसलें हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **रबी** की फसलें **अक्तूबर-दिसंबर** में बोई जाती हैं और **अप्रैल-जून** में काटी जाती हैं। **गेहूँ, जौ, मटर, चना, सरसों** आदि। **अत: कथन 2 सही है।**
- **जायद की फसलें** रबी और खरीफ फसलों के बीच **मार्च-जुलाई** की अवधि में बोई तथा काटी जाती हैं। **मौसमी फल, सब्जियाँ, चारा फसलें आदि जायद की फसलें** हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**154. मुद्रास्फीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुद्रास्फीति के मध्यम स्तर को बनाए रखना अक्सर आर्थिक स्थिरता के लिये वांछनीय माना जाता है।
2. ऋणदाताओं को मुद्रास्फीति से लाभ हो सकता है जबकि देनदारों की क्रय शक्ति कम हो सकती है।
3. मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण वित्त मंत्रालय के अधिदेशों में से एक है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. केवल 1

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- मुद्रास्फीति के मध्यम स्तर को बनाए रखना अक्सर आर्थिक स्थिरता के लिये वांछनीय माना जाता है, क्योंकि यह खर्च और निवेश को प्रोत्साहित करता है, क्योंकि उपभोक्ता तथा व्यवसाय यह अपेक्षा करते हैं कि समय के साथ धन का मूल्य थोड़ा कम हो जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- देनदारों को मुद्रास्फीति से लाभ हो सकता है क्योंकि वे कम **वास्तविक मूल्य** वाले पैसे से ऋण चुकाते हैं। इसके विपरीत, पैसे के वास्तविक मूल्य में कमी आने पर लेनदारों की क्रय शक्ति कम हो सकती है। इस गतिशीलता के कारण **धन और आय** वितरण में बदलाव हो सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- 2016 में संशोधित **भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम (1934) भारतीय रिज़र्व बैंक** को विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखने का स्पष्ट आदेश देता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**155. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MSP कानूनी रूप से गारंटीकृत राशि है जो सरकार द्वारा किसानों की उपज खरीदने पर उन्हें दी जाती है।
2. MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग की सिफारिशों पर आधारित है।
3. सरकार 23 खाद्य फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करती है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

A. केवल 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)** वह गारंटीकृत राशि है जो सरकार द्वारा किसानों की उपज खरीदने पर उन्हें दी जाती है। इसका **कोई कानूनी आधार नहीं** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- MSP का उद्देश्य उत्पादकों को उनकी उपज के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के साथ **फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित** करना है।
- MSP **कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP)** की सिफारिशों पर आधारित है, जो उत्पादन की लागत, मांग तथा आपूर्ति, बाज़ार मूल्य के रुझान, अंतर-फसल मूल्य समता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार करता है। भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में **आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA)**, MSP के स्तर पर अंतिम निर्णय (अनुमोदन) लेती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

- CACP **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय** का एक संलग्न कार्यालय है।
- सरकार 23 फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करती है। MSP के अंतर्गत आने वाली फसलों में शामिल हैं: 7 प्रकार के अनाज, 5 प्रकार की दालें, 7 तिलहन, 4 वाणिज्यिक फसलें आदि। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**156. अल-नीनो और ला-नीना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अल-नीनो एक पैटर्न है जो उष्णकटिबंधीय पूर्वी प्रशांत क्षेत्र की असामान्य ठंडक का वर्णन करता है।
2. ला-नीना पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में सतही जल का असामान्य रूप से गर्म होना है।
3. अल-नीनो दक्षिण अमेरिका में वर्षा लाता है, जबकि ला-नीना दक्षिण अमेरिकी देश पेरू और इक्वाडोर में सूखे का कारण बनता है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?**

A. केवल 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर** का **सतही जल असामान्य रूप से गर्म** हो जाता है, जिसे अल-नीनो के नाम से जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **ला-नीना ( La-Nina ) भी एक सामुद्रिक घटना** है। यह घटना सामान्यतः अल-नीनो के बाद होती है। उल्लेखनीय है कि **अल-नीनो में समुद्र की सतह का तापमान बहुत अधिक बढ़** जाता है, जबकि **ला-नीना में समुद्री सतह का तापमान बहुत कम** हो जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **अल-नीनो** दक्षिण अमेरिका में वर्षा लाता है और इंडोनेशिया तथा ऑस्ट्रेलिया में सूखे का कारण बनता है। **ला-नीना** दक्षिण अमेरिकी देश पेरू एवं इक्वाडोर में सूखे का कारण बनता है और साथ ही यह ऑस्ट्रेलिया में अत्यधिक बाढ़ का कारण भी बनता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**157. लोकसभा में अध्यक्ष के पद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये।**

1. सदन अपने पीठासीन अधिकारी का चुनाव उपस्थित सदस्यों के विशेष बहुमत से करता है।
2. अध्यक्ष सदन के भीतर भारत के संविधान के प्रावधानों का अंतिम व्याख्याता होता है।
3. अध्यक्ष राष्ट्रपति को अपना त्याग-पत्र देकर पद से इस्तीफा दे सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 2
B. केवल 2 और 3
C. 1, 2 और 3
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सदन अपने **पीठासीन अधिकारी** का चुनाव उपस्थित सदस्यों के साधारण बहुमत से करता है, जो सदन में मतदान करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अध्यक्ष सदन के भीतर भारत के संविधान के प्रावधानों, लोकसभा के प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों तथा संसदीय मिसालों का अंतिम व्याख्याता होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक अध्यक्ष अपना त्याग-पत्र **उपाध्यक्ष को देकर** अपने पद को त्याग सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**158. प्रोटेम स्पीकर के पद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 94 के तहत राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
2. आमतौर पर सदन के सबसे वरिष्ठ सदस्य को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाता है।
3. मौजूदा स्पीकर प्रोटेम स्पीकर को शपथ दिलाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 2
B. केवल 2 और 3
C. 1, 2 और 3
D. कोई भी नहीं

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा संविधान के **अनुच्छेद 95(1)** के तहत की जाती है, ताकि वह अध्यक्ष के चुनाव तक अध्यक्ष के कर्त्तव्यों का पालन कर सके। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- आमतौर पर **सदन के सबसे वरिष्ठ सदस्य को प्रोटेम स्पीकर** बनाया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **राष्ट्रपति** स्वयं प्रोटेम स्पीकर को शपथ दिलाते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- हाल ही में भारत के राष्ट्रपति ने **भर्तृहरि महताब** को 18वीं लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया और शपथ दिलाई।

**159. जनगणना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा दशकीय जनगणना संचालित की जाती है।
2. भारत में जनगणना को विधिक/सांविधिक समर्थन प्राप्त है।
3. जनसंख्या जनगणना संविधान की सातवीं अनुसूची का एक समवर्ती विषय है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?**

A. केवल 2 और 3

B. केवल 2

C. 1, 2 और 3

D. केवल 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- दशकीय जनगणना **गृह मंत्रालय के महापंजीयक** और **जनगणना आयुक्त कार्यालय** द्वारा संचालित की जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- जनगणना, **जनगणना अधिनियम, 1948** के प्रावधानों के तहत संचालित की जाती है इसलिये इसे विधिक समर्थन प्राप्त है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जनसंख्या जनगणना भारत के संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत **संघ का विषय** है। इसे संविधान की सातवीं अनुसूची के क्रम संख्या 69 में सूचीबद्ध किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**160. यदा-कदा जन-समाचारों में दिखने वाली कवच प्रणाली संबंधित है:**

A. सीमा सुरक्षा हेतु रात्रि समय की अनुवीक्षण प्रणाली।

B. धुँधयुक्त दिवसों पर उड़ानों की सुरक्षित लैंडिंग की प्रणाली।

C. रेल सुरक्षा की स्वचालित प्रणाली।

D. बैंकिंग धोखाधड़ी को नियंत्रित करने के लिये साइबर सुरक्षा प्रणाली।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **कवच (Kavach)** भारत की स्वयं की **स्वचालित सुरक्षा प्रणाली** है जिसका प्रारंभिक विकास **ट्रेन कोलिज़न अवॉइडेंस सिस्टम (TCAS)** नाम से वर्ष 2012 में शुरू हुआ।
- यह एक कैब सिग्नलिंग ट्रेन नियंत्रण प्रणाली है जिसमें टकराव से बचाव करने जैसी विशेषताएँ हैं जिसे **अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन (RDSO)** ने तीन भारतीय विक्रेताओं के सहयोग से विकसित किया है।
- इसका अंगीकार हमारे **राष्ट्रीय स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (ATP) प्रणाली** के रूप में किया गया है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**161. ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रेट निकोबार द्वीप (GNI) परियोजना अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के उत्तरी छोर पर क्रियान्वित की जा रही है।
2. ग्रेट निकोबार द्वीप कोको चैनल के पश्चिमी सिरे से 90 किमी. दूर स्थित है।
3. मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में एक अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांस-शिपमेंट टर्मिनल (ICTT) और एक ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा शामिल होगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 2021 में शुरू की गई **ग्रेट निकोबार आइलैंड (GNI) परियोजना अंडमान और निकोबार द्वीप समूह** के दक्षिणी छोर पर कार्यान्वित की जाने वाली एक वृहद परियोजना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **ग्रेट निकोबार द्वीप मलक्का जलडमरूमध्य** के पश्चिमी सिरे से लगभग 90 किमी. दूर स्थित है, जो **हिंद महासागर** और **दक्षिण चीन सागर** के बीच एक महत्त्वपूर्ण शिपिंग मार्ग है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस विशाल अवसंरचना परियोजना का क्रियान्वयन **अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह एकीकृत विकास निगम (Andaman and Nicobar Islands Integrated Development Corporation)** द्वारा किया जा रहा है और इसमें एक **अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांस-शिपमेंट टर्मिनल (International Container Trans-shipment Terminal)** तथा एक ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा शामिल करने का प्रस्ताव है। **अत: कथन 3 सही है।**

**162. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी आबादी मुख्यत: असम और नगालैंड तक ही सीमित है।
2. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में संरक्षण प्रजनन सुविधा स्थापित की गई है।
3. यह IUCN रेड लिस्ट में है और गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ग्रेट इंडियन बस्टर्ड** की आबादी मुख्यत: **राजस्थान और गुजरात** तक ही सीमित है। **महाराष्ट्र, कर्नाटक तथा आंध्र प्रदेश** में भी इनकी कम आबादी पाई जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय, राजस्थान सरकार और भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) ने जून 2019 में **जैसलमेर के डेज़र्ट नेशनल पार्क** में संरक्षण प्रजनन सुविधा स्थापित की है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह IUCN रेड लिस्ट के अंतर्गत है और गंभीर रूप से लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध है। **अत: कथन 3 सही है।**
- इसके संरक्षण के लिये **राजस्थान सरकार द्वारा प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड** शुरू किया गया है।

**163. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) आपदा प्रबंधन के लिये भारत का सर्वोच्च वैधानिक निकाय है।
2. गृह मंत्री इसके अध्यक्ष हैं और इसके नौ अन्य सदस्य हैं।
3. आपदा प्रबंधन की प्राथमिक ज़िम्मेदारी संबंधित केंद्र सरकार पर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 3
B. केवल 1 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005** द्वारा निर्मित भारत का आपदा प्रबंधन के लिये **सर्वोच्च वैधानिक निकाय** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **प्रधानमंत्री** इसके अध्यक्ष हैं और इसके नौ अन्य सदस्य हैं। नौ सदस्यों में से **एक को उपाध्यक्ष के रूप** में नामित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **आपदा प्रबंधन की प्राथमिक ज़िम्मेदारी** संबंधित राज्य सरकार की होती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**164. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना 1992 में संविधान के अनुच्छेद 338 में संशोधन करके तथा एक नया अनुच्छेद 338A जोड़कर की गई थी।
2. इसमें एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष तथा 3 अन्य सदस्य होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।

नोट :

3. आयोग उन सुरक्षा उपायों के संचालन पर जनजातीय मामलों के मंत्री को वार्षिक रूप से तथा आवश्यकतानुसार रिपोर्ट प्रदान करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST)** की स्थापना वर्ष 2004 में अनुच्छेद 338 में संशोधन करके और **89वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003** के माध्यम से संविधान में एक नया **अनुच्छेद 338A** जोड़कर की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें एक अध्यक्ष, एक **उपाध्यक्ष और 3 अन्य सदस्य** होते हैं जिन्हें **राष्ट्रपति द्वारा अपने हस्ताक्षर** तथा मुहर के तहत वारंट द्वारा नियुक्त किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- आयोग उन सुरक्षा उपायों के संचालन पर वार्षिक और आवश्यकतानुसार **राष्ट्रपति** को रिपोर्ट प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**165. यदा-कदा जन-समाचारों में उल्लिखित गैलाथिया खाड़ी भारत के निम्नलिखित में से किस द्वीप समूह का हिस्सा है?**

A. अंडमान द्वीप

B. निकोबार द्वीप

C. मिनिकॉय द्वीप

D. कवरत्ती द्वीप

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **निकोबार द्वीप समूह** में स्थित **गैलाथिया खाड़ी** में लेदरबैक कछुए सहित कई दुर्लभ प्रजातियाँ पाई जाती हैं और संबद्ध परियोजना भविष्य में उनके लिये खतरा बन सकती है।
- यह **ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना** के संबंध में जन-समाचारों में रहा था।

**अतः विकल्प B सही है।**

**166. GST परिषद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 2016 में संसद द्वारा 102वें संविधान संशोधन अधिनियम पारित किये जाने के पश्चात क्रियान्वित हुआ।
2. इसकी स्थापना अनुच्छेद 279A (1) के अनुसार राष्ट्रपति द्वारा की गई थी।
3. इसका अध्यक्ष केंद्रीय वित्त मंत्री होता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2016 में संसद के दोनों सदनों द्वारा **101वें संविधान संशोधन अधिनियम** पारित किये जाने के पश्चात **वस्तु एवं सेवा कर (GST) परिषद** अस्तित्व में आई। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे संशोधित संविधान के **अनुच्छेद 279A (1)** के अनुसार **राष्ट्रपति** द्वारा स्थापित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- परिषद के सदस्यों में केंद्र से **केंद्रीय वित्त मंत्री (अध्यक्ष)**, केंद्रीय राज्य मंत्री (वित्त) शामिल हैं। प्रत्येक राज्य वित्त अथवा कराधान के प्रभारी मंत्री अथवा किसी अन्य मंत्री को सदस्य के रूप में नामित कर सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**167. निर्वाचन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का भाग XIV निर्वाचन से संबंधित है और साथ ही यह एक आयोग की स्थापना का भी प्रावधान करता है।
2. प्रारंभ में आयोग में केवल एक निर्वाचन आयुक्त था, लेकिन निर्वाचन आयुक्त संशोधन अधिनियम, 1989 के बाद इसे बहुसदस्यीय निकाय बना दिया गया।
3. मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों का वेतन एवं सेवा शर्तें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के वेतन के समान हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 3

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- संविधान का **भाग XV** निर्वाचन से संबंधित है और साथ ही यह एक आयोग की स्थापना करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रारंभ में निर्वाचन आयोग में **केवल एक निर्वाचन आयुक्त** होता था, लेकिन **निर्वाचन आयुक्त संशोधन अधिनियम, 1989** के बाद इसे बहु-सदस्यीय निकाय बना दिया गया। वर्तमान में इसमें एक **मुख्य निर्वाचन CEC और दो निर्वाचन आयुक्त (ECs)** शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **CEC और अन्य ECs (नियुक्ति, सेवा की शर्तें तथा कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023** के अनुसार, CEC तथा ECs का **वेतन एवं सेवा शर्तें कैबिनेट सचिव** के समान होंगी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**168. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 2017 में स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
2. यह उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिये शिक्षा मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है।
3. NTA की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री करते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA)** की स्थापना वर्ष 2017 में **भारतीय सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860** के तहत **पंजीकृत एक सोसायटी के रूप में** की गई थी और यह एक **वैधानिक निकाय नहीं** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिये प्रवेश परीक्षा** आयोजित करने वाला एक **स्वायत्त और आत्मनिर्भर परीक्षण संगठन** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- NTA की **अध्यक्षता शिक्षा मंत्रालय** द्वारा नियुक्त **एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद्** करते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**169. राष्ट्रपति शासन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी भी राज्य पर राष्ट्रपति शासन लगाने के लिये विशेष बहुमत के साथ संसदीय मंज़ूरी आवश्यक है।
2. इसे राष्ट्रपति द्वारा किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है और इसके लिये संसद की मंज़ूरी की आवश्यकता नहीं होती है।
3. इसे हर छह महीने में संसदीय मंज़ूरी के साथ तीन साल के लिये बढ़ाया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रपति शासन:**

- किसी भी राज्य में **राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिये संसद की मंज़ूरी ज़रूरी होती है।** इसे जारी होने के **दो महीने के अंतर्गत संसद के दोनों सदनों में** मंज़ूरी मिलनी चाहिये। अनुमोदन साधारण बहुमत से होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे **राष्ट्रपति** द्वारा किसी भी समय बाद में **उद्घोषणा** द्वारा निरस्त किया जा सकता है। **निरसन** की उद्घोषणा के लिये संसद की मंज़ूरी की आवश्यकता नहीं होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यदि दोनों सदनों द्वारा मंज़ूरी दे दी जाती है तो **राष्ट्रपति शासन छह महीने** तक जारी रहता है। इसे हर छह महीने में संसदीय मंज़ूरी के साथ **तीन साल की अवधि के लिये** बढ़ाया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**170. लोकसभा अध्यक्ष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 94 के अनुसार, अध्यक्ष का चुनाव साधारण बहुमत से होता है।
2. अध्यक्ष का चुनाव संसद के निचले सदन के सदस्यों में से होता है।
3. लोकसभा के सांसद खुले मतदान में अपना मत डालते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**लोक सभा अध्यक्ष:**

- **अध्यक्ष (Speaker)** का चुनाव संविधान के **अनुच्छेद 93** के तहत होता है। अध्यक्ष का चुनाव **साधारण बहुमत** से होता है, यानी सदन में मौजूद सदस्यों के **आधे से ज़्यादा मत** पाने वाला उम्मीदवार अध्यक्ष बन जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **अध्यक्ष** का चुनाव संसद के निचले सदन के सदस्यों में से किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- लोकसभा सांसद **गुप्त मतदान** द्वारा अपना मत डालते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**171. राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत की राजनीतिक, आर्थिक, ऊर्जा और सामरिक सुरक्षा चिंताओं का समाधान करने वाली शीर्ष एजेंसी है।
2. यह राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक (NCSC) के अधीन कार्य करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS):**

- **राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS)** भारत की **राजनीतिक, आर्थिक, ऊर्जा और सामरिक सुरक्षा** जैसे विषयों के समाधन से संबंधित शीर्ष एजेंसी है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक (NCSC), NSCS** के अधीन कार्य करता है और **साइबर सुरक्षा मामलों** पर राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- NSCS के चार कार्यक्षेत्र हैं जिनमें सामरिक योजना, आंतरिक मामले, आसूचना व प्रौद्योगिकी और सैन्य शामिल हैं।

**172. निम्नलिखित में से कौन-सा एक INS कुहासा का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?**

A. भारतीय नौसेना की एक स्टील्थ पनडुब्बी

B. भारतीय नौसेना का एक विमानवाहक पोत

C. भारतीय नौसेना का एक नौसैनिक हवाई अड्डा

D. भारतीय नौसेना का एक मिसाइल विध्वंसक

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**INS कुहासा:**

- **INS कुहासा** भारतीय सशस्त्र बलों की **अंडमान और निकोबार कमान** के तहत एक भारतीय **नौसेना वायु स्टेशन (NAS)** है। यह उत्तरी अंडमान द्वीप पर स्थित एक गाँव शिबपुर में अवस्थित है।
- **NAS शिबपुर** की स्थापना 2001 में उत्तरी अंडमान में बेहतर अनुवीक्षण के लिये एक **फॉरवर्ड ऑपरेटिंग एयर बेस** के रूप में की गई थी।
- इसका नाम **व्हाइट-बेलिड सी ईगल** के नाम पर रखा गया है, जो **अंडमान और निकोबार द्वीप समूह** में पाया जाने वाला एक बड़ा शिकारी पक्षी है।
- **कोको द्वीप (म्याँमार)** की निकटता और भारतीय **विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ)** का विस्तृत विस्तार इस बेस को एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण परिसंपत्ति बनाता है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**173. डोडोल, जिसे अक्सर GI टैग के लिये समाचारों में देखा जाता है,**

A. गुजरात की एक पारंपरिक कढ़ाई वाली साड़ी

B. कश्मीरी पारंपरिक पोशाक का एक प्रकार

C. मणिपुर का एक अनोखा संगीत वाद्ययंत्र

D. गोवा की एक लोकप्रिय मिठाई

नोट :

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**डोडोल:**

- **गोवा सरकार ने डोडोल (Dodol) नामक गोवा की मिठाई** के लिये भौगोलिक संकेत (GI) टैग हेतु आवेदन किया है।
- **डोडोल एक क्लासिक गोवा मिठाई** है जिसे अक्सर **"गोवा की मिठाइयों की रानी"** कहा जाता है।
- गहरे भूरे रंग का यह व्यंजन चावल के आटे, नारियल के दूध (Coconut milk) और **काले ताड़ के गुड़ (Black Palm Jaggery)** से बनाया जाता है तथा **इसकी बनावट जेली जैसी** होती है।
- डोडोल और इसके विभिन्न रूप **दक्षिणी भारत**, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ हिस्सों में भी लोकप्रिय हैं।

**अत: विकल्प D सही है।**

**174. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 (NFHS-5) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत की जनसंख्या, स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जानकारी प्रदान करता है।
2. इसमें कुछ नए विषय शामिल हैं, जैसे कि प्री-स्कूल शिक्षा, विकलांगता, शौचालय सुविधा तक पहुँच, मृत्यु पंजीकरण आदि।
3. HIV परीक्षण को हटा दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 (NFHS-5):**

- **राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 (NFHS-5)**, भारत और प्रत्येक **राज्य/केंद्रशासित प्रदेश (UT) के लिये जनसंख्या, स्वास्थ्य तथा पोषण** पर जानकारी प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- NFHS-5 में कुछ नए विषय शामिल हैं, जैसे कि **प्री-स्कूल शिक्षा, विकलांगता, शौचालय सुविधा तक पहुँच, मृत्यु पंजीकरण, मासिक धर्म के दौरान स्नान की प्रथाएँ और गर्भपात के तरीके तथा कारण। अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (NACO) की सहमति से NFHS-5 से **HIV परीक्षण** को हटा दिया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**175. सुशिमा द्वीप निम्नलिखित में से किस जलडमरूमध्य को विभाजित करता है?**

A. कामचटका जलडमरूमध्य

B. ताइवान जलडमरूमध्य

C. कोरिया जलडमरूमध्य

D. लुज़ोन जलडमरूमध्य

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कोरिया जलडमरूमध्य:**

- **कोरिया जलडमरूमध्य** पूर्वी एशिया में **दक्षिण कोरिया तथा जापान के बीच एक समुद्री मार्ग** है।
- यह जलडमरूमध्य **पूर्वी चीन सागर, यलो सागर एवं जापान सागर को जोड़ता** है।
- यह **सुशिमा द्वीप द्वारा दो भागों में विभाजित** है।
- पूर्व की ओर प्रवाहित जलधारा को **सुशिमा जलडमरूमध्य** कहा जाता है, जबकि पश्चिम की ओर प्रवाहित जलधारा को कभी **चॉसेन जलडमरूमध्य (Chosen Strait)** के नाम से जाना जाता है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**176. निम्नलिखित में से कौन-सा चैम्पर्टी समझौते का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. पट्टा संपत्ति के लिये मकान मालिक एवं किरायेदार के मध्य एक समझौता।

B. एक समझौता जिसमें एक पक्ष आय के एक भाग के बदले में दूसरे पक्ष के वाद को वित्तपोषित करने के लिये सहमत होता है।

C. संकटग्रस्त बैंक के ऋणों की बिक्री के लिये एक अनुबंध।

D. दो व्यवसायों के मध्य एक संयुक्त उद्यम।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**चैम्पर्टी समझौता:**

- **चैम्पर्टी समझौते** में एक पक्ष, आय के एक भाग के बदले में दूसरे पक्ष के वाद को **वित्तपोषित करने के लिये सहमत** होता है।
- तीसरा पक्ष, आमतौर पर अधिवक्ता, न्यायालयों द्वारा दिये गए क्षतिपूर्ति के एक भाग के बदले में क्षतिपूर्ति के दावे को वित्तपोषित करने के लिये सहमत होते हैं।
- यह प्रथा कई **विदेशी न्यायालयों में प्रचलित** रही है और विशेष रूप से **सामूहिक उत्तरदायित्व वाले वादों या छोटे दावों के लिये न्याय** को सुलभ बनाने में **अधिक लागत प्रभावी** सिद्ध हुई है।
- भारत में चैम्पर्टी समझौतों की स्थिति **भारतीय संविदा अधिनियम, 1872** के अंतर्गत स्पष्ट की गई है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**177. तिब्बत के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तिब्बत की सीमा भारत, नेपाल, म्याँमार और भूटान से लगती है।
2. यू-त्सांग, खाम और अमदो तिब्बत के तीन मूल प्रांत हैं।
3. तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र (TAR) केवल अमदो प्रांत से बना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**तिब्बत:**

- **तिब्बत** चीन के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है और **भारत, नेपाल, म्याँमार (बर्मा) तथा भूटान के साथ अपनी सीमा** साझा करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **यू-त्सांग, खाम और अमदो** तिब्बत के तीन **मूल प्रांत** हैं। इन क्षेत्रों के सभी लोग खुद को तिब्बती मानते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र (TAR)** में केवल **यू-त्सांग** और **खाम का हिस्सा** शामिल है। **खाम** का शेष हिस्सा **सिचुआन तथा युन्नान चीनी प्रांतों** के बीच विभाजित किया गया था। अमदो को **गांसु, सिचुआन** एवं **किंगहाई** प्रांतों के बीच विभाजित किया गया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**178. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| भू-वैज्ञानिक स्थल | | स्थान |
|---|---|---|
| 1. ढाला क्रेटर | a. | आंध्र प्रदेश |
| 2. लोनार क्रेटर | b. | महाराष्ट्र |
| 3. वर्कला चट्टान | c. | गुजरात |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 2

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भू-वैज्ञानिक स्थल:**

- **ढाला क्रेटर** क्षुद्रग्रह द्वारा निर्मित एक प्रभाव संरचना है। यह **मध्य प्रदेश** के शिवपुरी ज़िले में स्थित है। **ढाला क्रेटर उपमहाद्वीप और सुदूर पूर्व एशिया** में किसी **भारतीय वैज्ञानिक द्वारा खोजा गया एकमात्र** क्रेटर है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- **लोनार क्रेटर महाराष्ट्र** के बुलढाणा ज़िले में दक्कन पठार पर स्थित है। यह **अत्यधिक खारे** और **लवणीय झील** है, क्योंकि इसमें कोई बहिर्वाह नहीं है, जिससे खनिजों का जमावड़ा हो गया है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **केरल** में **वर्कला चट्टान** लाखों वर्ष पहले जमा हुई चट्टानों से बनी हुई है और इसे **भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा भूवैज्ञानिक विरासत स्थल घोषित** किया गया है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**अत: विकल्प A सही है।**

**179. भारतीय संविधान के अनुसार, किसी व्यक्ति को विपक्ष का नेता (LoP) के रूप में मान्यता देने के लिये किन शर्तों को पूरा करना आवश्यक है?**

1. सरकार के विपक्ष में पार्टी संख्यात्मक रूप से सबसे बड़ी होनी चाहिये।
2. उस पार्टी को अध्यक्ष द्वारा विपक्षी पार्टी के रूप में मान्यता दी जानी चाहिये।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**विपक्ष के नेता (LoP):**

- **विपक्ष के नेता (LoP)** के पद को संसद में **विपक्ष के नेताओं के वेतन और भत्ते अधिनियम, 1977 के माध्यम से वैधानिक मान्यता प्राप्त** हुई,लेकिन यह एक संवैधानिक पद नहीं है।
- **संसद में विपक्ष के नेताओं के वेतन और भत्ते अधिनियम, 1977 के अनुसार,** किसी व्यक्ति को विपक्ष के नेता (LoP) के रूप में मान्यता देने के लिये दो शर्तें पूरी होनी आवश्यक हैं:
  - सबसे पहले, **सरकार के विपक्ष में पार्टी संख्यात्मक रूप से सबसे बड़ी** होनी चाहिये। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - दूसरा, उस पार्टी को **अध्यक्ष/स्पीकर द्वारा विपक्षी पार्टी के** रूप में मान्यता दी जानी चाहिये। अध्यक्ष किसी पार्टी को तभी मान्यता दे सकता है जब उसके पास सदन की कुल संख्या की **10% सीटें** हों। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**180. राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे जारी होने की तिथि से एक महीने के भीतर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये।
2. यदि संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो राष्ट्रीय आपातकाल छह महीने तक जारी रहता है।
3. इसे हर छह महीने में संसद की मंज़ूरी से अधिकतम 3 वर्ष की अवधि के लिये बढ़ाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय आपातकाल:**

- **राष्ट्रीय आपातकाल** की घोषणा को संसद के दोनों सदनों द्वारा इसके जारी होने की तिथि से एक महीने के भीतर अनुमोदित किया जाना चाहिये। **44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978** द्वारा इस **अवधि को दो महीने से घटाकर एक महीना कर** दिया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि संसद के दोनों सदनों द्वारा इसे मंज़ूरी दे दी जाती है, तो **राष्ट्रीय आपातकाल छह महीने तक** जारी रहता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे **हर छह महीने में** संसद की मंज़ूरी से **अनिश्चित काल** तक बढ़ाया जा सकता है। आवधिक अनुमोदन (**हर छह महीने में**) का यह प्रावधान **44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978** द्वारा जोड़ा गया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**181. भारतीय संविधान की किस अनुसूची में दल-बदल से संबंधित प्रावधान हैं?**

A. पाँचवीं अनुसूची

B. सातवीं अनुसूची

C. नौवीं अनुसूची

D. दसवीं अनुसूची

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**दलबदल:**

- **दल-बदल** से तात्पर्य **राजनीतिक निष्ठा बदलने की क्रिया** से है, विशेष रूप से तब जब किसी राजनीतिक दल का सदस्य अपनी पार्टी छोड़कर किसी अन्य दल में शामिल हो जाता है।
- भारत में **दल-बदल विरोधी** कानून **52वें संशोधन अधिनियम, 1985 के माध्यम से** लागू किया गया, जिसके तहत संविधान में **दसवीं अनुसूची** जोड़ी गई।
- **दल-बदल विरोधी कानून का उद्देश्य राजनेताओं पर दंड लगाकर** दल-बदल को रोकना या हतोत्साहित करना है।

**अतः विकल्प D सही है।**

नोट :

**182. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: भारत में निर्मित विदेशी शराब (IMFL) व्हिस्की, ब्रांडी या अन्य प्रकार की शराब के रूप में वर्गीकृत होने के लिये पारंपरिक मानकों को पूरा नहीं करती है।**

**कथन-II: भारत में निर्मित विदेशी शराब अनाज के बजाय गुड़ से बनाई जाती है, जो गन्ने से चीनी बनाने का एक उपोत्पाद है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या करता है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत में निर्मित विदेशी शराब (IMFL):**

- भारत में निर्मित विदेशी शराब (IMFL) **व्हिस्की, ब्रांडी** या अन्य प्रकार की शराब के रूप में वर्गीकृत होने के लिये **पारंपरिक मानकों को पूरा नहीं** करती है। **अतः कथन-I सही है।**
- भारत में निर्मित **विदेशी शराब अनाज** के बजाय गुड़ से बनाई जाती है, जो **गन्ने से चीनी बनाने का एक उपोत्पाद** है। यह उन्हें अन्य जगहों पर बनी स्प्रिट से अलग बनाता है। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

**183. अवशिष्ट लाभांश नीति का प्राथमिक सिद्धांत क्या है?**

A. सभी पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद ही लाभांश का भुगतान करना

B. आय की परवाह किये बिना एक निश्चित लाभांश का भुगतान करना

C. शुद्ध आय के एक निर्धारित प्रतिशत के बराबर लाभांश का भुगतान करना

D. केवल लाभदायक वर्षों के दौरान लाभांश का भुगतान करना

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अवशिष्ट लाभांश नीति:**

- **अवशिष्ट लाभांश नीति** में शेयरधारकों को भुगतान किया जाने वाला **लाभांश, कंपनी** द्वारा अपने पूंजीगत व्यय (CapEx) और **कार्यशील पूंजी लागतों का भुगतान करने** के बाद शेष लाभ होता है।
- इसे कंपनियों द्वारा तत्काल शेयरधारक लाभांश भुगतान की तुलना में पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देने के लिये अपनाया जाता है।
- अवशिष्ट लाभांश नीति अपनाने वाली **कंपनियाँ शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान** करने से पहले मुनाफे से विकास के अवसरों में निवेश करती हैं।

**अतः विकल्प A सही है।**

**184. डिजिटल MSME योजना को लागू करने के लिये कौन-सी सरकारी एजेंसी ज़िम्मेदार है?**

A. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI)

B. राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (NSIC)

C. भारतीय उद्योग परिसंघ (CII)

D. खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC)

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**डिजिटल MSME योजना:**

- **डिजिटल MSME योजना** MSME को **वित्तीय सहायता** और समर्थन प्रदान करने के लिये तैयार की गई है ताकि उन्हें **डिजिटल प्रौद्योगिकियों** को अपनाने तथा **व्यवसायों में बदलाव लाने में मदद** मिल सके।
- यह समय-समय पर संशोधित **MSME अधिनियम, 2006** के तहत पंजीकृत सभी MSME पर लागू है, तथा उन MSME पर भी लागू है जो समय-समय पर MSME अधिनियम के अनुरूप विकास आयुक्त (MSME) के कार्यालय द्वारा जारी कार्यकारी आदेशों के अनुसार शामिल किये गए हैं।
- **राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (NSIC)** डिजिटल MSME योजना के लिये कार्यान्वयन एजेंसी है।

**अतः विकल्प B सही है।**

नोट :

**185. शिमला समझौते, 1972 के तहत भारत और पाकिस्तान सरकारें निम्नलिखित में से किस पर सहमत हुई हैं?**

1. संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांत दोनों देशों के बीच संबंधों को नियंत्रित करेंगे।
2. दोनों राष्ट्र एक-दूसरे के खिलाफ शत्रुतापूर्ण प्रचार को रोकने के लिये अपनी शक्ति के भीतर सभी कदम उठाएंगे।
3. भारतीय और पाकिस्तानी सेनाएँ अंतर्राष्ट्रीय सीमा के अपने हिस्से में वापस चली जाएंगी।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**शिमला समझौते, 1972:**

- **शिमला समझौते, 1972** के अंतर्गत भारत सरकार और पाकिस्तान सरकार ने निम्नलिखित पर सहमति व्यक्त की है:
  - संयुक्त राष्ट्र **चार्टर** के **सिद्धांत** और उद्देश्य दोनों देशों के बीच **संबंधों** को नियंत्रित करेंगे। **अतः कथन 1 सही है।**
  - दोनों सरकारें एक-दूसरे के खिलाफ **शत्रुतापूर्ण प्रचार को रोकने के लिये** अपनी शक्ति के भीतर सभी कदम उठाएंगी। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **भारतीय और पाकिस्तानी सेनाएँ अंतर्राष्ट्रीय सीमा के** अपने-अपने पक्ष में वापस चली जाएंगी। **अतः कथन 3 सही है।**
    - जम्मू-कश्मीर में 17 दिसंबर, 1971 के **युद्ध विराम के** परिणामस्वरूप बनी नियंत्रण **रेखा का दोनों पक्षों द्वारा**, किसी भी पक्ष की मान्यता प्राप्त स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, सम्मान किया जाएगा।

**186. निम्नलिखित में से कौन-सा एक बॉटम ट्रॉलिंग का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. मछली पकड़ने की एक विधि जिसमें नीचे रहने वाली प्रजातियों को पकड़ने के लिये जाल को समुद्र तल पर खींचा जाता है।
B. मछली पकड़ने की
C. एक विधि जिसमें पानी के स्तंभ में लटके हुए हुक का उपयोग करके मछलियाँ पकड़ी जाती हैं।
D. मछली पकड़ने की एक विधि जिसमें मछलियों को फँसाने के लिये समुद्र तल पर बड़े पिंजरे रखे जाते हैं।
E. मछली पकड़ने की एक विधि जिसमें मछलियों को रोशनी का उपयोग करके सतह पर खींचा जाता है और फिर जाल में फँसाया जाता है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**बॉटम ट्रॉलिंग:**

- बॉटम ट्रॉलिंग मछली पकड़ने की एक विधि है जिसमें समुद्र तल पर जाल खींचकर नीचे रहने वाली प्रजातियों को पकड़ा जाता है।
- यह समुद्र तल पर या उसके निकट रहने वाली मछलियों और अन्य समुद्री प्रजातियों को पकड़ने के लिये खींचे जाने वाले जालों का उपयोग करता है।
- यदि मछली पकड़ने की गतिविधियों का प्रबंधन ठीक से न किया जाए, तो बॉटम ट्रॉल गियर समुद्र तल के संपर्क में आते हैं और इससे वहाँ पाए जाने वाले आवासों तथा समुद्री जीवों को नुकसान हो सकता है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**187. संविधान के अनुच्छेद 87 के तहत राष्ट्रपति के अभिभाषण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति प्रत्येक वर्ष के पहले सत्र की शुरुआत में ही दोनों सदनों को संबोधित करते हैं।
2. यह अनिवार्य रूप से आगामी वर्ष के लिये सरकार की नीतिगत प्राथमिकताओं और योजनाओं पर प्रकाश डालता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रपति का अभिभाषण:**

- संविधान के **अनुच्छेद** 87 में दो ऐसे उदाहरण दिये गए हैं जब **राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों को विशेष** रूप से संबोधित करते हैं। भारत के राष्ट्रपति प्रत्येक आम चुनाव के बाद प्रथम सत्र के आरंभ में जब पुनर्गठित निचले सदन की पहली बार बैठक होती है और प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र के आरंभ में राज्य सभा तथा लोक सभा दोनों को संबोधित करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- राष्ट्रपति का भाषण अनिवार्य रूप से **आगामी वर्ष** के लिये **सरकार की नीतिगत** प्राथमिकताओं और योजनाओं पर प्रकाश डालता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह अभिभाषण सरकार के एजेंडे और **दिशा का व्यापक खाका प्रस्तुत** करता है।

**188. "बांडुंग स्पिरिट" का तात्पर्य क्या है?**

A. दक्षिण-पूर्व एशिया में पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देने वाला एक सांस्कृतिक आंदोलन।

B. आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिये दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों और चीन के बीच एक व्यापार समझौता।

C. भूमध्यरेखीय देशों में वर्षावनों को संरक्षित करने के लिये एक पर्यावरणीय पहल।

D. उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद के खिलाफ एशियाई तथा अफ्रीकी देशों के बीच एकता को बढ़ावा देने वाला एक सिद्धांत।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**बांडुंग स्पिरिट:**

- **बांडुंग स्पिरिट** एक **कूटनीतिक सिद्धांत** है जो **उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद** के खिलाफ एशियाई तथा अफ्रीकी देशों के बीच **एकजुटता** को बढ़ावा देता है।
- यह **ग्लोबल साउथ** के देशों को **जीत सहयोग** के माध्यम से आम विकास के मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित करता है।
- इसने **गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM)** के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया।

**अतः विकल्प D सही है।**

**189. राजकोषीय नीति रणनीति वक्तव्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम, 2003 के तहत संसद में प्रस्तुत किया जाता है।
2. यह बताता है कि वर्तमान राजकोषीय नीतियाँ किस प्रकार सुदृढ़ राजकोषीय प्रबंधन सिद्धांतों के अनुरूप हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राजकोषीय नीति रणनीति वक्तव्य:**

- **राजकोषीय नीति रणनीति वक्तव्य** राजकोषीय **उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम, 2003** की धारा 3(4) के तहत संसद में प्रस्तुत किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह बताता है कि वर्तमान **राजकोषीय नीतियाँ किस तरह से सुदृढ़ राजकोषीय प्रबंधन** सिद्धांतों के अनुरूप हैं और **प्रमुख राजकोषीय उपायों में किसी भी बड़े विचलन के लिये** तर्क देता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**190. लोकसभा अध्यक्ष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लोकसभा अध्यक्ष सदन का संवैधानिक और औपचारिक प्रमुख होता है।
2. सदन के कार्य करना शुरू करने के बाद लोकसभा को अपने सदस्यों में से किसी एक को "जितनी जल्दी हो सके" अध्यक्ष के रूप में चुनना चाहिये।
3. संविधान के अनुसार, अध्यक्ष का चुनाव सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के साधारण बहुमत से होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लोकसभा अध्यक्ष:**

- भारत के संसद के निचले सदन का पीठासीन अधिकारी, **लोकसभा अध्यक्ष, सदन का संवैधानिक** और **औपचारिक प्रमुख** होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 93 के अनुसार,** सदन के कार्य शुरू होने के बाद **लोकसभा** को अपने सदस्यों में से किसी एक को **"जितनी जल्दी हो सके"** अध्यक्ष के रूप में चुनना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- संविधान **न तो समय सीमा** तय करता है और न ही इसके चुनावों की **प्रक्रिया निर्दिष्ट** करता है। यह निर्णय **विधानमंडलों** पर छोड़ दिया गया है कि **इन चुनावों को कैसे आयोजित** किया जाए। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**191. तर्कसंगत विकल्प सिद्धांत का प्रयोग अक्सर निम्नलिखित में से किस घटना को समझाने के लिये किया जाता है?**

A. सांस्कृतिक परंपराएँ और अनुष्ठान।

B. बाज़ार व्यवहार और उपभोक्ता विकल्प।

C. यादृच्छिक घटनाएँ और प्राकृतिक आपदाएँ।

D. बीमारियों का प्रसार और सार्वजनिक स्वास्थ्य परिणाम।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**तर्कसंगत विकल्प सिद्धांत:**

- तर्कसंगत **विकल्प सिद्धांत के** अनुसार, व्यक्ति अपने कार्यों की **लागत और लाभ का आकलन** करते हैं तथा ऐसे निर्णय लेते हैं जो **उनकी उपयोगिता को अधिकतम** करना।
- तर्कसंगत विकल्प सिद्धांत के प्रयोग से ऐसे परिणाम प्राप्त होने की उम्मीद है जो **लोगों को उनके सीमित** विकल्पों के **बावजूद अधिकतम लाभ और संतुष्टि** प्रदान करेंगे।
- इसका उपयोग अक्सर **अर्थव्यवस्था में बाज़ार व्यवहार** और उपभोक्ता विकल्पों को समझाने के लिये किया जाता है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**192. अवमुद्रास्फीति को अपस्फीति से किस प्रकार अलग किया जाता है?**

A. अवमुद्रास्फीति का अर्थ मुद्रास्फीति दरों में अस्थायी कमी से है, जबकि अपस्फीति का अर्थ सामान्य मूल्य स्तर में निरंतर कमी से है।

B. अवमुद्रास्फीति का अर्थ मुद्रास्फीति दरों में वृद्धि से है, जबकि अपस्फीति का अर्थ कमी से है।

C. अवमुद्रास्फीति और अपस्फीति ऐसे शब्द हैं जिनका प्रयोग आर्थिक मंदी की अवधि का वर्णन करने के लिये एक-दूसरे के स्थान पर किया जाता है।

D. अवमुद्रास्फीति का अर्थ मुद्रास्फीति दरों में तेज़ी से वृद्धि से है, जबकि अपस्फीति का अर्थ धीरे-धीरे कमी से है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अवमुद्रास्फीति और अपस्फीति के बीच अंतर:**

- **अवमुद्रास्फीति मुद्रास्फीति दरों में** एक अस्थायी कमी है। इस शब्द का उपयोग उन अवसरों का वर्णन करने के लिये किया जाता है जब **मुद्रास्फीति दर अल्पावधि** में मामूली रूप से कम हो जाती है।
  - यह अर्थव्यवस्था में मंदी की शुरुआत का संकेत नहीं है।
- **अपस्फीति वस्तुओं और सेवाओं के** सामान्य मूल्य स्तर में निरंतर कमी है।
  - **अपस्फीति आमतौर पर मुद्रा और ऋण की आपूर्ति में** संकुचन से जुड़ी होती है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**193. वस्तु एवं सेवा कर (GST) ढाँचे में मुनाफाखोरी रोधी प्रावधान (Anti-Profiteering Clause) किस उद्देश्य से शामिल किया गया है?**

A. यह सुनिश्चित करना कि व्यवसाय उपभोक्ताओं से MRP से कम कीमत वसूलें।

B. व्यवसायों को मंदी की स्थिति में जाने से रोकना।

C. यह सुनिश्चित करना कि कर दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को मिले।

D. व्यवसायों को दोहरे कराधान से बचाना।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मुनाफाखोरी रोधी प्रावधान:**

- वस्तु एवं सेवा कर (GST) ढाँचे में **मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधान** को कर कटौती से होने वाले लाभ को ग्राहकों तक पहुँचाने हेतु शामिल किया गया है।
- इससे सुनिश्चित होता है कि किसी भी वस्तु या सेवा की आपूर्ति पर कर की दर में होने वाली कोई कमी या **इनपुट टैक्स क्रेडिट** का लाभ, **वस्तुओं की कीमतों में उचित कमी** के माध्यम से उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जा सके।
- इस प्रावधान द्वारा यह अनिवार्य किया गया है कि व्यवसायों को इन लाभों को दर्शाने के लिये अपनी कीमतों को समायोजित करना चाहिये, जिससे यह सुनिश्चित हो कि उपभोक्ताओं को **जीएसटी सुधारों** का अपेक्षित लाभ मिल सके।

**अत: विकल्प C सही है।**

**194. लोकसभा के उपाध्यक्ष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परंपरा के अनुसार यदि अध्यक्ष सत्तारूढ़ दल से होता है, तो उपाध्यक्ष विपक्ष से होता है।
2. यदि अध्यक्ष का पद रिक्त होता है, तो अध्यक्ष के पद के कर्त्तव्यों का निर्वहन उपाध्यक्ष द्वारा किया जाता है।

3. आज तक किसी भी उपाध्यक्ष ने अध्यक्ष की भूमिका नहीं निभाई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लोकसभा उपाध्यक्ष:**

- लोकसभा का दूसरा सबसे बड़ा पद लोकसभा उपाध्यक्ष का होता है।
  - परंपरा के अनुसार यदि अध्यक्ष सत्ता पक्ष से होता है, तो उपाध्यक्ष विपक्ष से होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 95(1)** के अनुसार यदि अध्यक्ष का पद **रिक्त** होता है, तो अध्यक्ष के पद के कर्त्तव्यों का निर्वहन **उपाध्यक्ष** द्वारा किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वर्ष 1956** में **प्रथम अध्यक्ष जी.वी. मावलंकर** का कार्यकाल समाप्त होने से पहले ही उनका निधन हो गया, जिसके कारण **उपाध्यक्ष एम.अनंतशयनम अयंगर** ने **वर्ष 1956 से 1957 तक लोकसभा में शेष कार्यकाल के लिये कार्यभार** संभाला। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**195. हाल के वर्षों में केन्या, जाम्बिया और घाना ने निम्नलिखित में से किस कारण से अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है?**

A. दुर्लभ मृदा तत्त्वों के समृद्ध भंडार की खोज

B. चीनी सैन्य ठिकानों की स्थापना

C. सफल सैन्य तख्तापलट

D. उच्च विदेशी ऋण

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**विदेशी ऋण:**

- **केन्या** पर घरेलू और **विदेशी ऋण** के रूप में **80 बिलियन अमेरिकी डॉलर** बकाया है। इसका ऋण सकल घरेलू उत्पाद का 68% है, जो विश्व बैंक तथा IMF द्वारा **अनुशंसित** अधिकतम 55% से कहीं अधिक है।
- जाम्बिया को अपने अंतर्राष्ट्रीय डॉलर-मूल्यवान सरकारी बॉण्ड जिन्हें **"यूरोबॉन्ड्स"** के नाम से जाना जाता है, का भुगतान करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। **30 जून, 2021 को इसका बाहरी ऋण** लगभग 17 बिलियन डॉलर था।
- **घाना** ने अपने **30 बिलियन अमेरिकी डॉलर** के अधिकांश बाह्य ऋण का भुगतान नहीं किया है। घाना के बाह्य ऋण का **76% वाणिज्यिक ऋणदाताओं** के पास है, जिसमें **ब्लैकरॉक** जैसे बॉण्ड धारक भी शामिल हैं, जो एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश कंपनी है।

**अतः विकल्प D सही है।**

**196. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. क्वांटम प्रौद्योगिकी
2. अर्द्धचालक
3. रक्षा औद्योगिक सहयोग
4. वाणिज्यिक अंतरिक्ष अवसर

**उपर्युक्त में से कितनी प्रौद्योगिकियाँ महत्त्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी (iCET) पर अमेरिका-भारत पहल के अंतर्गत आती हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**महत्त्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर अमेरिका-भारत पहल (iCET):**

- **महत्त्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर अमेरिका-भारत पहल (iCET)** का उद्देश्य भारत और अमेरिका की सरकारों, **व्यवसायों तथा शैक्षणिक संस्थानों के बीच हमारी रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी** एवं रक्षा औद्योगिक सहयोग को बढ़ाना व विस्तारित करना है।
- इसके उद्देश्य निम्नलिखित हैं:
  - **संयुक्त भारत-अमेरिका क्वांटम समन्वय तंत्र** की स्थापना।
  - लचीली सेमीकंडक्टर **आपूर्ति शृंखलाओं पर द्विपक्षीय सहयोग** बढ़ाना।
  - जेट इंजन, युद्ध सामग्री आदि के संयुक्त विकास और उत्पादन के लिये एक नया द्विपक्षीय रक्षा **औद्योगिक सहयोग रोडमैप विकसित** करना।

**अतः विकल्प D सही है।**

**197. द्विपक्षीय निवेश संधियों ( BIT ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: वे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ( FDI ) को प्रोत्साहित करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के अभिन्न अंग हैं।**

**कथन-II: वे विदेशी निवेशकों के अधिकारों में अनुचित हस्तक्षेप को रोककर निवेश की रक्षा करते हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**द्विपक्षीय निवेश संधियाँ ( BITs ):**

- **द्विपक्षीय निवेश संधियाँ ( BIT )** साझेदार देशों में **निजी निवेश** की सुरक्षा और बाज़ार-उन्मुख नीतियों को विकसित करने में मदद करती हैं।
- BIT **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ( FDI )** को प्रोत्साहित करने, **आर्थिक विकास को बढ़ावा देने** और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंधों को विकसित करने के लिये अभिन्न अंग हैं। **अत: कथन I सही है।**
- वे मेज़बान देश के **विनियामक व्यवहार** पर अड़चनें डालकर निवेश की रक्षा करते हैं, **विदेशी निवेशकों** के अधिकारों में **अनुचित हस्तक्षेप** को रोकते हैं। **अत: कथन II सही है।**

**अत: विकल्प A सही है, क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है।**

**198. शंघाई सहयोग संगठन ( SCO ) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. इसकी स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी और इसका मुख्यालय बीजिंग में है।

B. यह एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।

C. भारत और पाकिस्तान SCO के संवाद साझेदार हैं।

D. 2005 में SCO-अफगानिस्तान संपर्क समूह की स्थापना की गई थी।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**शंघाई सहयोग संगठन ( SCO ):**

- **शंघाई सहयोग संगठन ( SCO ) की स्थापना 15 जून,** 2001 को शंघाई, चीन में हुई थी। इसका **मुख्यालय बीजिंग, चीन** में है।
- यह कज़ाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान द्वारा स्थापित एक **स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन** है।
- भारत और पाकिस्तान दोनों ही SCO के **पूर्ण सदस्य** हैं।
- **वर्ष 2005 में SCO-अफगानिस्तान संपर्क समूह** की स्थापना की गई।

**अत: विकल्प C सही है।**

**199. महरौली के कुतुबमीनार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने करवाया था और अंतत: इल्तुतमिश ने इसे पूरा करवाया।
2. बिजली गिरने से इसकी दो मंजिलें क्षतिग्रस्त होने के बाद मुहम्मद बिन तुगलक ने इसका पुनर्निर्माण कराया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**महरौली का कुतुबमीनार:**

- महरौली के **कुतुबमीनार का निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा** लगभग 1199 ई. में करवाया गया था और अंतत: उसके दामाद एवं उत्तराधिकारी **इल्तुतमिश ( 1210-35 )** ने इसे पूरा करवाया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- मूलत: इस **मीनार में चार मंजिलें** थीं, जिनमें से **सबसे ऊपरी मंजिल 1373 ई. में बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त** हो गई थी। **फिरोज शाह तुगलक ( 1351-1388 ई. )** ने इसकी **दो मंजिलों का पुनर्निर्माण** कराया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**200. कुज़नेट्स वक्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: यह दर्शाता है कि आर्थिक विकास के प्रारंभिक चरणों के दौरान आर्थिक असमानता कम हो जाती है, लेकिन जैसे-जैसे देश अधिक विकसित होता जाता है, यह बढ़ती जाती है।**

**कथन-II: यह इस विचार पर आधारित है कि जैसे-जैसे देश विकसित होते हैं, वे कृषि से विनिर्माण की ओर बढ़ते हैं, जिससे शहरी श्रमिकों के लिये मज़दूरी और आय में वृद्धि होती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**कुज़नेट वक्र:**

- कुज़नेट वक्र दर्शाता है कि **आर्थिक विकास** के **प्रारंभिक चरणों के दौरान आर्थिक असमानता बढ़ती** है, लेकिन **जैसे-जैसे देश अधिक विकसित** होता जाता है, यह **घटती** जाती है। **अतः कथन-I सही नहीं है।**
- यह इस विचार पर आधारित है कि **जैसे-जैसे देश औद्योगिक के साथ-साथ शहरीकृत** होते हैं, **कृषि से विनिर्माण की ओर बदलाव** होता है, जिससे **शहरी श्रमिकों की मज़दूरी बढ़ती है और उनकी आय में वृद्धि** होती है। **अतः कथन-II सही है।**
  - इससे **धनी और निर्धन व्यक्तियों के बीच का अंतराल** बढ़ता जा रहा है।
- हालाँकि **जैसे-जैसे कोई देश अधिक विकसित** होता जाता है, **सेवा क्षेत्र में वृद्धि** होती जाती है, जिससे **अकुशल श्रमिकों के लिये अधिक अवसर सृजित** होते हैं तथा **असमानता कम** होती है।

**अतः विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है।**

नोट :